# केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर

**Kendriya Vidyalaya Sangathan Regional Office Raipur**

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# Class - X

# Multiple Choice Question Bank

# [MCQ ] Term – I

## Hindi Course – A [ 002 ]

Based on Latest CBSE Exam Pattern

for the Session 2021-22

# केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर

## Kendriya Vidyalaya Sangathan Regional Office Raipur



उपायुक्त का संदेश

रायपुर क्षेत्र के लिए दसवीं और बारहवीं कक्षा के विभिन्न विषयों के लिए अध्ययन सामग्री प्रकाशित करना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। सीबीएसई द्वारा जुलाई 2021 के महीने में जारी परिपत्र संख्या 51 और 53 के माध्यम से पाठ्यक्रम और मूल्यांकन प्रक्रिया में हालिया परिवर्तनों से परिचित और परिचित होने से छात्रों को परीक्षा के लिए खुद को बेहतर तैयार करने में मदद मिलेगी। अवधारणाओं को समझने, प्रश्नों को समझने के लिए इकाइयों और अध्यायों का अच्छा और गहरा ज्ञान आवश्यक है। अध्ययन सामग्री परीक्षा से ठीक पहले त्वरित संशोधन के लिए उपयुक्त और प्रभावी नोट्स बनाने में मदद करती है।

COVID-19 महामारी की अभूतपूर्व परिस्थितियों के कारण छात्रों और शिक्षकों को कक्षाओं में आमने-सामने बातचीत करने का बहुत सीमित अवसर मिल रहा है। ऐसी स्थिति में पर्यवेक्षित और विशेष रूप से तैयार किए गए मूल्य बिंदु छात्रों को उनकी समझ और विश्लेषणात्मक कौशल को एक साथ विकसित करने में मदद करेंगे। प्रश्न बैंक और अभ्यास पत्रों को पढ़ने के बाद छात्रों को अत्यधिक लाभ होगा। अध्ययन सामग्री एक विशेष बंधन का निर्माण करेगी और शिक्षकों और छात्रों के बीच जोड़ने वाली कड़ी के रूप में कार्य करेगी क्योंकि दोनों एक साथ निर्देशित और अनुभवात्मक अधिगम कर सकते हैं। यह छात्रों को रचनात्मक और महत्वपूर्ण सोच कौशल की खोज और विश्लेषण करने की आदत विकसित करने में मदद करेगा। केस स्टडी, तर्क और पता लगाने से संबंधित प्रश्न पैटर्न में पेश की गई नई अवधारणाएं छात्रों को विभिन्न स्थितिगत समस्याओं पर स्वतंत्र निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाएगी। विभिन्न अध्ययन सामग्री को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि छात्रों को उनकी आत्म-सीखने की गति में मदद मिल सके। यह महान शैक्षणिक सिद्धांत पर जोर देता है कि 'सब कुछ सीखा जा सकता है लेकिन कुछ भी नहीं सिखाया जा सकता है'। स्व-प्रेरित सीखने के साथ-साथ पर्यवेक्षित कक्षाएं उन्हें नई शैक्षणिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने में मदद करेंगी।

मैं उन सभी प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों का तहे दिल से आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिन्होंने सभी विषयों के लिए अध्ययन सामग्री तैयार करने की परियोजना को पूरा करने के लिए अथक प्रयास किया है। इस परियोजना को सफल बनाने में उनका अपार योगदान प्रशंसनीय है।

हैप्पी लर्निंग और शुभकामनाएँ!

(विनोद कुमार )
उपायुक्त

# हमारे संरक्षक



विनोद कुमार

उपयुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर



श्रीमती बिरजा मिश्र ,
सहायक आयुक्त
केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर



श्री अशोक कुमार मिश्र
सहायक आयुक्त
केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर



श्री धीरेन्द्र कुमार झा
प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय बिलासपुर

**अध्ययन सामग्री निर्माण समिति**

**श्री अजय कुमार साहू**

स्नातकोत्तर शिक्षक हिन्दी

केंद्रीय विद्यालय रायपुर क्र.1 (प्रथम पाली)

**श्रीमती माया गुप्ता**

प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका (हिन्दी)

केंद्रीय विद्यालय रायपुर क्र.4 कोरबा

**श्रीमती तारा बाघ**

प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका (हिन्दी)

केंद्रीय विद्यालय बचेली

**श्री योगेश्वर साहू**

प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)

केंद्रीय विद्यालय राजनंदगांव

**संकलनकर्ता एवं तकनीकी सहायक**

श्रीमती अर्चना मर्सकोले (स्नातकोत्तर शिक्षक हिंदी)

श्री सुनील कुमार पाण्डेय (स्नातकोत्तर शिक्षक हिंदी)

सुश्री संगीता मुख़र्जी (प्राथमिक शिक्षिका)

# अनुक्रमणिका


| **क्रम संख्या** | **विषयवस्तु/भाग** |
| --- | --- |
| 1 | प्रश्न पत्र का प्रारूप एवं अंक योजना |
| 2 | प्रतिदर्श प्रश्न पत्र |
| 3 | अपठित गद्यांश |
| 4 | अपठित काव्यांश |
| 1 | व्याकरण |
| 5 | पाठ्यपुस्तक गद्य खंड |
| ६ | पाठ्यपुस्तक काव्य खंड |
| 7 | आदर्श प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला |

# <u>प्रश्न पत्र का प्रारूप एवं अंक योजना</u>

**हिंदी पाठ्यक्रम -अ (कोड सं. 002)कक्षा 10वीं हिंदी - अ परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम विनिर्देशन 2021-22**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **परीक्षा भार विभाजनसत्र 1** | | | | |
| | **विषयवस्तु** | | **उप भार** | **कुलभार** |
| 1 | अपठित गदयांश व कावयांश पर चिंतन क्षमता एवं अभिव्यक्ति कौशल पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्न। | | | 10 |
| | अ | एक अपठित गदयांश 150 से 200 शब्दों का (1x5=5) विकल्प सहित | 5 | |
| | ब | एक अपठित काव्यांश 150 से 200 शब्दों का (1x5=5) विकल्प सहित | 5 | |
| 2 | व्याकरण के लिए निर्धारित विषयों पर विषय-वस्तु का बोध, भाषिक बिंदु /संरचना आदि पर बहुविकल्पी प्रश्न प्रश्न (1x16)कुल 20 प्रश्न पूछे जाएँगे जिसमें से केवल 16 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। | | | 16 |
| | 1 | रचना के आधार पर वाक्य भेद (4 अंक) | 4 | |
| | 2 | वाच्य (4 अंक) | 4 | |
| | 3 | पद परिचय (4 अंक) | 4 | |
| | 4 | रस (4 अंक) | 4 | |
| 3 | पाठ्यपुस्तक क्षितिज भाग - 2 | | | 14 |
| | अ | गद्य खंड | 7 | |
| | 1 | क्षितिज से निर्धारित पाठों में से गदयांश के आधार पर विषय-वस्तु का ज्ञान बोध, अभिव्यक्ति आदि पर पाँच बहुविकल्पी प्रश्न पूछे जाएँगे। (1x5) | 5 | |
| | 2 | क्षितिज से निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर विद्यार्थियों की उच्च चिंतन क्षमताओं एवं अभिव्यक्ति का आकलन करने हेतु दो बहुविकल्पी प्रश्न पूछे जाएँगे। (1x2) | 2 | |
| | ब | काव्य खंड | 7 | |
| | 1 | क्षितिज से निर्धारित कविताओं में से काव्यांश के आधार पर पाँच बहुविकल्पी प्रश्न पूछे जाएँगे (1x5) | 5 | |
| | 2 | क्षितिज से निर्धारित कवितावों के आधार पर विद्यार्थियों का काव्यबोध परखने हेतु दो बहुविकल्पी प्रश्न पूछे जाएँगे। (1x2) | 2 | |
| 4 | | **आंतरिकमूल्याङ्कन** | | 10 |
| | अ | सामयिकआकलन | **3** | |
| | ब | बहुविधआकलन | **2** | |
| | स | पोर्टफोलियो | **2** | |
| | द | श्रवणएवंवाचन | **3** | |
| | | **कुल** | | **50** |

पाठ्यपुस्तकक्षितिजभाग -2सत्र 2021-22 सत्र -1 मेंनिम्नलिखितपाठसम्मिलितकिएगएहैं –

| गद्य - खंड | काव्य - खंड |
|---|---|
| स्वयंप्रकाश - नेताजीकाचश्मा | सूरदास - पद |
| रामवृक्षबेनीपुरी - बालगोबिनभगत | तुलसीदास - राम - लक्ष्मण - परशुरामसंवाद |

| परीक्षा भार विभाजनसत्र 2 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **विषयवस्तु** | **उप भार** | **कुलभार** |
| 1 | पाठ्यपुस्तक क्षितिज भाग - 2 व पूरक पाठ्यपुस्तक कृतिका भाग - 2 | | | 20 |
| | अ | गद्य खंड | | |
| | | क्षितिज से निर्धारित पाठों के आधार पर विषय-वस्तु का ज्ञान बोध, अभिव्यक्ति आदि पर चार प्रश्न पूछे जाएंगे। (2x4) | 8 | |
| | ब | काव्य खंड | | |
| | | क्षितिज से निर्धारित कविताओं के आधार पर विद्यार्थियों का काव्यबोध परखने हेतु तीन प्रश्न पूछे जाएँगे। (2x3) | 6 | |
| | स | पूरक पाठ्यपुस्तक कृतिका भाग - 2 | | |
| | | कृतिका के निर्धारित पाठों पर आधारित दो प्रश्न पूछे जाएँगे । (3x2) | 6 | |
| 2 | लेखन | | | 20 |
| | अ | विभिन्न विषयों और संदर्भों पर विद्यार्थियों के तर्कसंगत विचार प्रकट करने की क्षमता को परखने के लिए संकेत बिंदुओं पर आधारित समसामयिक एवं व्यावहारिक जीवन से जुडे हुए तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग150 शब्दों में अनुच्छेद लेखन। (5x1) | 5 | |
| | ब | अभिव्यक्ति की क्षमता पर केन्द्रित औपचारिक अथवा अनौपचारिक विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग120 शब्दों में पत्र। (5x1) | 5 | |
| | स | विषयसेसंबंधितदोविज्ञापनों(प्रत्येकलगभग 50 शब्दोंवाला)कालेखन। (2.5 अंकx2 प्रश्न) (विकल्पसहित) | 5 | |
| | द | संदेशलेखन (शुभकामना, पर्व-त्योहारोंएवंविशेषअवसरोंपरदिएजानेवालेदोसंदेश) (प्रत्येकलगभग40 शब्दोंमें) (2.5 अंकx2 प्रश्न) (विकल्पसहित) | 5 | |
| 3 | | **आंतरिकमूल्याङ्कन** | | **10** |
| | अ | सामयिकआकलन | **3** | |
| | ब | बहुविधआकलन | **2** | |
| | स | पोर्टफोलियो | **2** | |
| | द | श्रवणएवंवाचन | **3** | |
| | | **कुल** | | **50** |

सत्र-2 2021-22 मेंनिम्नलिखितपाठसम्मिलितकिएगएहैं –

पाठ्यपुस्तकक्षितिजभाग -2

काव्य – खंड

1. सूर्यकांतत्रिपाठी 'निराला' - 'उत्साह', 'अटनहींरहीहै'
2. ऋतुराज - कन्यादान

गद्य - खंड

3. यशपाल - लखनवीअंदाज़

4. सर्वेश्वरदयालसक्सेना - मानवीयकरुणाकीदिव्यचमक

अनुपूरकपाठ्यपुस्तककृतिकाभाग -2

1. शिवपूजनसहाय - माताकाअँचल

2. कमलेश्वर - जॉर्जपंचमकीनाक

3. मधुकांकरिया - साना - सानाहाथजोड़ि

**निर्धारित पुस्तकें :**

1. **क्षितिज, भाग-2,** एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली द्‌वारा प्रकाशित नवीनतम संस्करण
2. **कृतिका, भाग-2,** एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली द्‌वारा प्रकाशितनवीनतम संस्करण

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र**

**प्रथम सत्रांत परीक्षा 2021-22**

**कक्षा - 10 वीं विषय - हिन्दी ( कोड -002) पूर्णांक - 40**

प्रश्न-1. निम्नलिखित गद्यांश में से किसी एक को पढ़कर निर्देशानुसार सही विकल्प का चयन कीजिए : (1*5=5)

यदि हम चाहते हैं कि भविष्य में अच्छे नागरिक मिलें तो हमें विद्यार्थियों को सभी दृष्टि से योग्य बनाना पड़ेगा | पहली बात उनमें राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करने की है | हमारा विद्यार्थी वर्ग स्वयं को राष्ट्र की धरोहर समझकर अपनी रक्षा करें | उसे यह बात मन में ठान लेनी है कि उसके ऊपर भारत की रक्षा का भार है | उसे स्मरण रखना होगा कि वह महान राष्ट्र का नागरिक होने जा रहा है जिसने आदिकाल से ही 'वसुधैवकुटुम्बकम' की उद्घोषणा की थी | उसे इसका पूर्णता पालन करना है | दूसरी बात यह है कि उसे कर्मठ बनना है | आलस्य को ही अपना महान शत्रु समझकर उसकी छाया से घृणा करनी है | आज आवश्यकता है अधिक से अधिक उत्पादन करने की, अधिक से अधिक कर्तव्य परायण, अधिक से अधिक प्रगतिशील बनने की | विदेशों से होड़ करने के लिए हमारे हमारे छात्रों को समय से काम करने की आदत डालनी होगी | अधिक समय तक काम करने के लिए धैर्य का विकास करना होगा | आज सामूहिक प्रयत्नों की आवश्यकता है तभी देश से दरिद्रता भागेगी और अज्ञान का अंधकार दूर होगा |

(क)देश के विकास के लिए विद्यार्थियों को क्या करना आवश्यक है ?

(1)उन्हें कर्मठ बनना चाहिए

(2) उनके मन में राष्ट्रभक्ति की भावना होनी चाहिए

(3)उसे आलस्य त्यागकर समय का सही उपयोग करना चाहिए.

(4) उपर्युक्त सभी

(ख) विद्यार्थियों पर किसका भार है ?

(1) माता-पिता का (2)भारत की रक्षा का

(3) शिक्षकों का (4) अपने घर का

(ग) आज राष्ट्र के विकास के लिए किस चीज की आवश्यकता है?

(1) अधिक से अधिक प्रगतिशील बनने की

(2) अधिक से अधिक उत्पादन करने की

(3) राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य परायणता की (4) उपर्युक्त सभी कार्यों की

(घ) देश की दरिद्रता कैसे दूर होगी?

(1) खाना खाकर सोने से (2) सामूहिक प्रयत्नों से

(3) स्वयं भाग जाएगी (4) 1 और 2 दोनों से

(ङ) इस गद्यांश का उचित शीर्षक होगा-

(1) युवा शक्ति (2) राष्ट्र निर्माण

(3) राष्ट्र के प्रति विद्यार्थी के कर्तव्य (4) राष्ट्रीय विरासत

अथवा

यदि हमारे वृक्ष स्वस्थ हैं, तो निश्चित मानिये हम भी स्वस्थ हैं | हमें तो प्राणवायु उन्हीं से मिलती है | हम कार्बन डायऑक्साइड छोड़ते या उन्हें देते हैं और वे बदलें में हमें ऑक्सीजन देते हैं, जो हमारे जीवन की हर गतिविधि के लिए आवश्यक हैं | हमारे स्वास्थ्य का हर बिंदु ऑक्सीजन की उपलब्धता से अनुप्राणित है | हम यदि आसपास के वृक्षों की रक्षा का जिम्मा अपने कन्धों पर उठा लें तो निश्चित मानिए कि अपने आपको लम्बे समय तक स्वस्थ रखने की गारंटी प्राप्त कर लेंगे | वृक्षों की रक्षा में ही हमारे जीवन की सुरक्षा का राज छिपा है | वृक्षों से प्राप्त शुद्ध वायु से हमारा तन स्वस्थ रहता है | स्वस्थ तन में स्वस्थ मन का निवास होता है | कहा जाता है कि एक स्वस्थ मन हजारों सोने के सिंहासनों से कहीं अधिक मूल्यवान होता है | क्योंकि स्वस्थ मन ही स्वस्थ देश की रचना करने में समर्थ है | कुत्सित विचारों वाले लोग अपना जीवन तो चला सकते हैं लेकिन समाज और देश को नहीं चला सकते | करोड़ों परिवारों के सुनहरे भविष्य के बारे में वहीँ चिंतन, मनन और सृजन कर सकता है, जो व्यर्थ के लालच, लोभ और षड्यंत्रों से मुक्त हो और जिसपर किसी प्रकार का कोई अनुचित दवाब न हो |

(क) हमारा स्वास्थ्य वृक्षों पर किस तरह निर्भर हैं?

(1) वृक्षों के नीचे हम निवास करते हैं. (2) वृक्ष हमें दवाइयां देते हैं.
(3) वृक्ष हमें प्राणवायु देते हैं. (4)उपरोक्त सभी

(ख) हमारे पर्यावरण के संतुलन को बनाये रखने में वृक्षों का क्या महत्वपूर्ण योगदान हैं?

(1)वृक्ष कार्बनडायऑक्साइड लेकर हमें ऑक्सीजन देते हैं
(2) वृक्ष नाइट्रोजन देते हैं.
(3) वृक्ष हमें कार्बनडायऑक्साइड देते हैं.
(4) उपरोक्त सभी.

(ग) हमारे जीवन की सुरक्षा का राज किस में छिपा है?

(1) वृक्षों को काटने मे (2) वृक्षों की रक्षा में
(3) वृक्षों से लाभ उठाने में (4) क और ख दोनों में

(घ) गद्यांश में स्वस्थ मन को सर्वाधिक मूल्यवान क्यों कहा गया है?

(1) क्योंकि उससे करोड़ों महल ख़रीदे जा सकते हैं
(2) क्योंकि स्वस्थ मन हमें शक्तिशाली बनाता हैं
(3) इससे हम धनवान होते हैं
(4) क्योंकि स्वस्थ मन ही स्वस्थ देश की रचना करने में समर्थ होता हैं

(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक होगा-

(1) वृक्ष और हम (2) राष्ट्र निर्माण
(3) जीवन में वृक्षों का महत्त्व (4) राष्ट्र और वृक्ष

प्रश्न-2. निम्नलिखित पद्यांश में से किसी एक को पढ़कर निर्देशानुसार सही विकल्प का चयन कीजिए : (1*5=5)

मैंने देखा
एक बड़ा बरगद का पेड़ खड़ा है
उसके नीचे
कुछ छोटे-छोटे पौधे
बड़े सुशील,विनम्र
देखकर मुझको यों बोले-
हम भी कितने खुशकिस्मत है
        जो खतरों का नहीं सामना करते.
आसमान से पानी बरसे, आग बरसे,
आंधी गरजे
हमको कोई फ़िक्र नहीं है
एक बड़े की वरद छत्र-छाया के नीचे
हम अपने दिन बिता रहें हैं.
बड़े सुखी हैं.
मैंने देखा-
एक बड़ा बरगद का पेड़ खड़ा है
उसके कुछ छोटे-छोटे पौधे
असंतुष्ट और रुष्ट
देखकर मुझको यों बोले
हम भी कितने बदकिस्मत हैं
जो खतरों का नहीं सामना करते
वे कैसे ऊपर बढ़ सकते हैं
इसी बड़े की छाया ने ही
हमको बौना बना रखा
हम बड़े दुखी हैं.

(क) पौधे स्वयं को खुशकिस्मत क्यों समझते है?
(1) बरगद का वृक्ष उनकी रक्षा करता है (2) बड़े की छत्र-छाया में बढ़ रहे है
(3) उन्हें आंधी पानी की परवाह नहीं हैं (4) उपर्युक्त सभी
(ख) बरगद के नीचे सुरक्षित रहकर भी पौधे असंतुष्ट और रुष्ट क्यों है?
(1) खतरों का सामना नहीं करते
(2) बड़े वृक्ष की छाया ने उन्हें बौना बना रखा है
(3) 1 और 2 दोनों
(4) इनमें से कोई नहीं
(ग) पेड़ अपने आप को बदकिस्मत क्यों समझते है?
(1) क्योंकि वे बड़े वृक्ष की छत्र छाया में स्व विकास से परे हैं
(2) क्योंकि वे छोटे है

(3) क्योंकि बड़ा वृक्ष चोटों पर ध्यान नहीं देता

(4) क्योंकि बड़ा वृक्ष चोटों का भोजन खा जाता है

(घ) विकास के लिए क्या जरूरी है?

(1) बड़ों से लड़ना (2) खतरों का सामना करना

(3) बड़ों से डर कर रहना (4 )इनमें से कोई नहीं

(ङ) काव्यांश में वर्णित बरगद तथा छोटे पौधे किसका प्रतीक हैं ?

(1) वनस्पति जगत के

(2) ईश्वर और उनके भक्तों के

(3) बरगद सामंतवाद या शासक वर्ग तथा छोटे पौधे समाज के शोषित उपेक्षित लोगों के

(4) उपरोक्त सभी के

अथवा

अगर तुम्हारे शहर की
धुआं उगलती चिमनियाँ
घोंटती हो दम तुम्हारा,
तब, चले आना, मेरे गाँव,
जहाँ अमराई में चलती है पुरवाई .
अगर तुम्हारे शहर के
कोलाहाल ने
उड़ा दी हो
नींद तुम्हारी
तब
चले आना मेरे गाँव में
जहाँ सुनाती है लोरियां
खनकती पत्तियां
अगर
थक गए हो तुम
अग्र का बोझ ढोते-ढोते
तब
चले आना मेरे गाँव में
जहाँ
पचपन की उम्र में भी
खिलखिलाता है
बचपन उन्मुक्त

(क) धुएं से बचने के लिए गाँव में क्या है?

(1) दवाई (2) पुरवाई (3) महंगाई (4) शहनाई

(ख) गाँव में लोरियां कौन सुनाता है?

(1) माता-पिता (2) पेड़ (3) पत्तियां (4) हवाएं

(ग) 'कोलाहल ने नींद उड़ा दी'- से क्या आशय है

(1) जल प्रदूषण से नींद न आना

(2) वायु प्रदूषण से नींद न आना

(3) मानसिक तनाव से नींद न आना

(4) ध्वनि प्रदूषण से नींद न आना

(घ) पचपन की उम्र में भी गाँव के व्यक्ति में क्या झलकता है?

(1) उन्मुक्त बचपन (2) बुढ़ापा

(3) जवानी (4) प्रौढावस्था

(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक होगा-

(1) अगर तुम्हारे शहर में

(2) चले आना मेरे गाँव में

(3) शहर का कोलाहाल

(4) प्रकृति सौंदर्य

**व्याकरण खंड (1*16 =16 )**

प्रश्न.3. सही विकल्प चुनकर निर्देशानुसार किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) मेरी बहन छठी कक्षा में पढ़ती है. (वाक्य का भेद/ प्रकार बताइए)

(1) संयुक्त वाक्य (2) सरल वाक्य (3) मिश्र वाक्य (4) प्रधान उपवाक्य

(ख) जिनकी आय कम हो उन्हें मितव्ययी होना चाहिए. (सरल वाक्य में बदलिए)

(1) जिनके पास कम आय है उन्हें मितव्ययी होना चाहिए.

(2) क्योंकि कम आय है इसलिए उन्हें मितव्ययी होना चाहिए

(3) कम आय वालों को मितव्ययी होना चाहिए

(4) उनकी आय कम हैं इसलिए उन्हें मितव्ययी होना चाहिए

(ग) जब विद्यालय का समारोह समाप्त हुआ तब सब घर चले गए.
(संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(1) जैसे ही विद्यालय का समारोह समाप्त हुआ लोग घर चले गए

(2) विद्यालय का समारोह समाप्त हुआ और लोग घर चले गए

(3) विद्यालय का समारोह समाप्त होने पर लोग घर चले गए

(4) उपरोक्त सभी

(घ) जिस वाक्य में एक उद्देश्य और एक विधेय हो उसे कहते है-

(1) संयुक्त वाक्य (2) आश्रित वाक्य

(3) मिश्र वाक्य (4) सरल वाक्य

(ङ) मैं उस विद्यार्थी को भली प्रकार जानता हूँ, जिसे आपने पुरस्कार दिया था |
(आश्रित उपवाक्य बताइए)

(1) मैं उस विद्यार्थी को

(2) मैं भली प्रकार जानता हूँ

(3) जिसे आपने पुरस्कार दिया
(4) इनमें से कोई नहीं
प्रश्न.4. सही विकल्प चुनकर निर्देशानुसार किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -
(क) मैं यह पुस्तक नहीं पढ़ सकूँगा. (कर्मवाच्य में बदलिए)
(1) मैंने यह पुस्तक नहीं पढ़ी
(2) मेरे द्वारा/ मुझसे यह पुस्तक नहीं पढ़ी गई
(3) मेरे द्वारा/ मुझसे यह पुस्तक नहीं पढ़ी जा सकेगी
(4) मैंने यह पुस्तक पढ़ी
(ख) मुझसे बाजार नहीं जाया गया.(कर्तृवाच्य में बदलिए)
(1) मेरे द्वारा बाजार नहीं जाया जाएगा
(2) मैं बाजार नहीं जा रहा हूँ/जा रही हूँ
(3)मैं बाजार नहीं जाऊंगा/जाउंगी
(4) मैं बाजार नहीं गया/ गई.
(ग) उमेश हँसा. ( भाववाच्य में बदलिए)
(1)उमेश हँस नहीं सका
(2) उमेश से नहीं हँसा गया
(3) उमेश से हँसा गया
(4) उमेश से हँसा जाता है
(घ)निम्नलिखित वाक्यों में से कर्मवाच्य वाक्य छांटकर लिखिए
(1) आज मैच खेला जाएगा
(2) मनीषा गाना गा रही है
(3)माँ खाना पका रही है
(4) बच्चा रोया
(ङ) निष्ठावान लोग निष्ठापूर्वक कम किया करते है |(वाच्य पहचानिए)
(1) कर्तृवाच्य (2) कर्मवाच्य
(3) भाववाच्य (4) उपरोक्त तीनों
प्रश्न.5. सही विकल्प चुनकर निर्देशानुसार किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -
(क) मधुरिमा दिल्ली जा रही है.
(1) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक
(2) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन कर्ता कारक
(3) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग एकवचन कर्ता कारक
(4) भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक
(ख) राघव मुझे यहीं मिला था.
(1) क्रिया, अकर्मक, पूर्ण भूतकाल, पुल्लिंग एकवचन कर्तृवाच्य
(2) क्रिया, सकर्मक, पूर्ण भूतकाल, पुल्लिंग एकवचन कर्तृवाच्य
(3) क्रिया, अकर्मक, वर्तमान काल, पुल्लिंग एकवचन कर्तृवाच्य
(4) क्रिया, अकर्मक, पूर्ण भूतकाल, पुल्लिंग एकवचन भाववाच्य

(ग) मैं  दसवीं कक्षा में पढ़ता हूँ.

(1)विशेषण, संख्यावाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कक्षा' विशेष्य

(2)विशेषण, परिमाणवाचक. क्रमसूचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कक्षा' विशेष्य

(3)विशेषण, संख्यावाचक, क्रमसूचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कक्षा' विशेष्य

(4)विशेषण, निश्चयवाचक, क्रमसूचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कक्षा' विशेष्य

(घ) वाह ! कितना सुन्दर दृश्य है.

(1)अव्यय, विस्मयादिबोधक, शोकसूचक

(2)अव्यव , संबंधबोधक, दृश्य से सम्बंधित

(3)क्रिया विशेषण, स्थानवाचक, दृश्य की विशेषता बता रहा है

(4)अव्यय, विस्मयादिबोधक, हर्षसूचक

(ङ) निर्धन मजदूर दिन-रात परिश्रम कर रहा है.

(1)विशेषण, गुणवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, विशेष्य-मजदूर

(2)संज्ञा, जातिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन

(3)विशेषण, संख्यावाचक, पुल्लिंग, एकवचन, विशेष्य-मजदूर

(4)विशेषण, निश्चयवाचक, अव्यय

प्रश्न.6 . सही विकल्प चुनकर निर्देशानुसार किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) संचारी भावों की संख्या कितनी है?

(1) दस (2) ग्यारह (3) तैंतीस (4) नौ

(ख) 'उत्साह' किस रस का स्थाई भाव है -

(1) रौद्र (2) वीर. (3) वात्सल्य (4) हास्य

(ग) रस पहचानिए- मैय्या मोरी मैं नहीं माखन खायो

ख्याल परे ये सखा मिली मोहि मेरो मुख लपटायो..

(1) हास्य (2) करुण (3) वीभत्स (4) वात्सल्य

(घ) 'विस्मय' स्थायी भाव से कौन - सा रस जागृत होता है -

(1) करुण (2) हास्य (3)रौद्र (4) अद्भुत

(ङ) जिसके मन में भाव जागृत होते है उसे कहते हैं -

(1) आलंबन (2) आश्रय (3) उद्दीपन (4) अनुभाव

**गद्य खंड**

प्रश्न 7. गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए - (1*5=5)

खेती बारी करते, परिवार भी रखते, बाल गोबिन भगत साधु थे- साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरने वाले कबीर को 'साहब' मानते थे, उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते, कभी झूठ नहीं बोलते, खरा व्यवहार रखते, किसी से भी दो-टूक बात करने में संकोच नहीं करते, न किसी से खाम ख्वाह झगड़ा मोल लेते, किसी की चीज न ही छूते, न बिना पूछे व्यवहार में लाते । कभी-कभी इतनी बारीकी तक ले जाते कि लोगों को कुतूहल होता। कभी वह दूसरों के खेत में शौच के लिए भी नहीं बैठते | वह

गृहस्थ थे ; लेकिन उनकी सब चीज 'साहब' की थी । जो कुछ खेत में पैदा होता, सिर पर लाद कर पहले उसे 'साहब' के दरबार में प्रसाद में ले जाते - जो उनके घर से चार कोस दूर पर था- एक कबीर पंथी मठ से मतलब | वह दरबार में भेंट' रूप रख लिया जाता । 'प्रसाद' रूप में जो उन्हें मिलता, उसे घर लाते और उसी से गुजर चलाते |

(क)बालगोबिन भगत को साधु क्यों कहा जाता था -

(1) साधु जैसा व्यव्हार था (2) आश्रम वासी थे

(3) पहाड़ पर रहते थे (4) इनमें से कोई नहीं

(ख) बालगोबिन भगत का कौन-सा कार्य-व्यवहार लोगों के आश्चर्य/उत्सुकता का विषय होता -

(1) कथा वाचन (2) रुद्राभिषेक

(3) बात की बारीकी (4) उपरोक्त सभी

(ग) वे कबीर के विचार धारा से प्रभावित थे, इसलिए -

(1) पुस्तक लिखते थे (2) मतभेद था

(3) कबीर से मिलने गए (4) कबीर को साहब मानते थे

(घ) खेती में जो कुछ पैदा होता ,सर्वप्रथम भेंट करते -

(1) मठ में (2) मंदिर में

(3) गाँव में (4) पड़ोस में

(ङ) 'वह गृहस्थ थे; लेकिन उनकी सब चीज 'साहब' की थी।' -यहाँ 'साहब' से आशय-

(1) भक्त (2) सूरदास

(3) तुलसीदास (4) कबीर दास

प्रश्न.8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए - (1*2=2)

(क) कस्बे के चौराहे पर नेताजी की मूर्ति के सामने-

(1) मूर्तिकार रहता था (2) पानवाले की दुकान थी

(3) नगर पालिका थी (4) कैप्टन का घर था

(ख) चस्मा नहीं था -

(1) मूर्तिकार के घर में (2) पानवाले की दुकान में

(3) नेताजी की मूर्ति पर (4) कैप्टन के घर में

## काव्य खंड

प्रश्न 9 . पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए - (1*5=5)

उधौ, तुम हौ अति बड़भागी |
अपरस रहत सनेह तगा तैं , नाहिन मन अनुरागी |
पुरइनि पात रहत जल भीतर , ता रस देह न दागी |
ज्यों जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौ लागी |
प्रीति-नदी मैं पाऊँ न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी |
'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी ||

(क) गोपियों ने उद्धव को कहा है -

(1) बड़ा भाग्यशाली (2) भाग्यहीन

(3) हिम्मतवाला (4) इनमें से कोई नहीं

(ख) जल में रहकर जल से अछूता रहने की विशेषता होती है -

(1) पंकज में (2) बादल में

(3) हाथी में (4) रेत में

(ग) गोपियाँ खुद को कैसी बताती हैं -

(1) सबला (2) बला

(3) अबला (4) चतुर

(घ) कृष्ण के प्रेम से वंचित रह गए -

(1) उद्धव (2) सूरदास

(3) तुलसीदास (4) बलराम

(ङ) चींटी गुड़ से -

(1) दूर रहती है (2) चिपकी रहती हैं

(3) नफरत करती है (4) उपरोक्त सभी

प्रश्न.10 . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए - (1*2=2)

(क) 'नाथ संभु धनु भंज निहारा होइहि केउ एक दास तुम्हारा' - यह पंक्ति किसने किस से कही -

(1) लक्ष्मण ने परशुराम से (2) श्रीराम ने परशुराम से

(3) लक्ष्मण ने श्रीराम से (4) परशुराम ने लक्ष्मण से

(ख) ‘अयमय खांड़ न ऊखमय - का आशय

(1) लोहे जैसा मज़बूत (2) गन्ने की मिठाई

(3) रसमलाई (4) इनमें से कोई नहीं

---

## उत्तर संकेत

## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

## प्रथम सत्रांत परीक्षा 2021-22

**कक्षा - 10 वीं** **विषय - हिन्दी ( कोड -002)** **पूर्णांक - 40**

प्रश्न 1 - (1 *5 =5 )

(क) (4)उपर्युक्त सभी (ख) (3) भारत की रक्षा

(ग) (4) उपर्युक्त सभी कार्यों की (घ) (2) सामूहिक प्रयत्नों से

(ङ) (3) राष्ट्र के प्रति विद्यार्थी के कर्त्तव्य

अथवा

(क) (4)उपरोक्त सभी

(ख) (1)वृक्ष कार्बनडायऑक्साइड लेकर हमें ऑक्सीजन देते हैं

(ग) (2) वृक्षों की रक्षा में

(घ) (4) क्योंकि स्वस्थ मन ही स्वस्थ देश की रचना करने में समर्थ होता हैं

(ङ) (3) जीवन में वृक्षों का महत्त्व

प्रश्न **.2- (1*5=5)**

(क) (4) उपर्युक्त सभी

(ख) (3) 1 और 2 दोनों

(ग) (1)क्योंकि वे बड़े वृक्ष की छत्र छाया में स्वविकास से परे हैं

(घ)(2) खतरों का सामना करना

(ङ)(3) बरगद सामंतवाद या शासक वर्ग तथा छोटे पौधे समाज के शोषित उपेक्षित लोगों के

अथवा

(क) (3) महंगाई

(ख)(3)पत्तियां

(ग) (2) वायु प्रदूषण से नींद न आना

(घ) (1) उन्मुक्त बचपन

(ङ) (2) चले आना मेरे गाँव में

व्याकरण खंड (1*16 =16 )

प्रश्न).3.क((2) सरल वाक्य

(ख)(3) कम आय वालों को मितव्ययी होना चाहिए

(ग)(2) विद्यालय का समारोह समाप्त हुआ और लोग घर चले गए

(घ)(4) सरल वाक्य

(ङ)(3) जिसे आपने पुरस्कार दिया

प्रश्न.4. (क)(4) मैंने यह पुस्तक पढ़ी

(ख)(4) मैं बाजार नहीं गया /गई.

(ग)(3) उमेश से हँसा गया

(घ) (3)माँ खाना पका रही है

(ङ)(1) कर्तृवाच्य

**प्रश्न.5.**(क)(2) व्यक्तिवाचक संज्ञा ,स्त्रीलिंग ,एकवचन कर्ता कारक

(ख)(1) क्रिया ,अकर्मक ,पूर्ण भूतकाल ,पुल्लिंग एकवचन कर्तृवाच्य

(ग)(3)विशेषण ,संख्यावाचक ,क्रमसूचक ,स्त्रीलिंग ,एकवचन‘ ,कक्षा ’विशेष्य

(घ)(4)अव्यय ,विस्मयादिबोधक ,हर्षसूचक

(ङ)(1)विशेषण ,गुणवाचक ,पुल्लिंग ,एकवचन ,विशेष्य-मजदूर

प्रश्न.6. (क)(3) तैंतीस (ख)(2) वीर

(ग) (4)वात्सल्य

(घ)(4) अद्भुत (ङ)(2) आश्रय

**गद्य खंड**

प्रश्न 7.(1*5=5)

(क)(1) साधु जैसा व्यव्हार था

(ख)(3) बात की बारीकी

(ग)(4) कबीर को साहब मानते थे

(घ)(1) मठ में (ङ)(4) कबीर दास

प्रश्न.8. (1*2=2)

(क)(2) पानवाले की दुकान थी

(ख)(3) नेताजी की मूर्ति पर

**काव्य खंड**

प्रश्न 9 .(1*5=5)

(क) (2) भाग्यहीन (ख)(1) पंकज में

(ग)(3) अबला (घ)(1) उद्धव (ङ) (2) चिपकी रहती हैं

प्रश्न.10. (1*2=2)

(क) (1) लक्ष्मण ने परशुराम से

(ख) (1) लोहे जैसा मज़बूत

---

## अध्ययन सामग्री

### अपठित गद्यांश (1*5=5 अंक )

1 . निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निर्देशानुसार सही विकल्प का चयन कीजिए :

दूसरे हमारी क्षमता पर विश्वास करें और हमारी सफलता को निश्चित मानें, इसके लिए आवश्यक शर्त है कि हमारा अपनी क्षमता और सफलता में अखंड विश्वास हो । हमारे भीतर उगा भय, शंका और अधैर्य ऐसे डायनामाईट हैं, जो हमारे प्रति दूसरों के विश्वास को खंडित कर देते हैं। हमारे विद्यालय में, जो नगर से दूर जंगल में था, चौदह वर्ष का एक बालक अपने घर से अकेला पढ़ने आया करता था । कुछ महीने बाद दूसरा बालक भी उसके साथ आने लगा । वह दूसरा बालक बहुत डरपोक था । वह भूतों और चोरों की कहानियाँ उसे सुनाया करता । इसका ऐसा प्रभाव पड़ा कि पहला बालक भी डरपोक हो गया और दोनों किसी तीसरे की प्रतीक्षा करते रहते कि कोई तीसरा व्यक्ति आए तब तीनों साथ चलें ।

सूत्र यह बनता है - हतोत्साहियों, निराशावादियों , डरपोकों तथा सदा असफलता की ही बात करने वालों के संपर्क से हमेशा दूर ही रहो । नीति का वचन है कि जहाँ अपनी, अपने कुल की

और अपने देश की निंदा हो वहाँ  उसका जोरदार प्रत्युत्तर देना चाहिए यदि ऐसा संभव न हो तो उस स्थान से दूर हो जाना चाहिए । क्यों ? क्योंकि इसमें आत्मगौरव और आत्मविश्वास की भावना  खंडित होने का भय रहता है ।

प्रश्न (क) डायनामाईट किसे कहा गया है -

(1)  भय, शंका, अधैर्य  (2) विद्यालय, जंगल

(3)  सफलता, विश्वास  (4) इनमें से कोई नहीं

(ख)  ' इसका ऐसा प्रभाव पड़ा कि <u>पहला बालक भी डरपोक हो गया|'</u>  रेखांकित अंश के उपवाक्य का भेद  बताइए -

(1) विशेषण उपवाक्य  (2) संज्ञा आश्रित उपवाक्य

(3) प्रधान उपवाक्य  (4) उपरोक्त सभी

(ग) पहले बालक पर दूसरे बालक की संगति का असर कैसा हुआ  -

(1) कुछ कह नहीं सकते  (2) बिलकुल नहीं हुआ

(3) सकारात्मक हुआ  (4) नकारात्मक हुआ

(घ) आत्मगौरव खंडित होने की सम्भावना को क्षीण कैसे किया जा सकता है -

(1) समाज और कुल की निंदा करके (2) देश की निंदा सुनकर

(3) निंदा का मुँह तोड़ जवाब देकर  (4) ओलम्पिक खेलों में भाग लेकर

(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक नहीं है -

(1) आत्मविश्वास और सफलता  (2) डरपोक बालक

(3) अभिव्यक्ति  (4) इनमें से कोई नहीं

2  .हँसी भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है | जीवन की सबसे प्यारी और उत्तम - से-उत्तम वस्तु एक बार हँस लेना है | शरीर को अच्छा रखने की अच्छी - से - अच्छी दवा एक बार खिलखिला उठना है | पुराने लोग कह गए हैं कि हँसो और पेट फुलाओ | हँसी  कितने ही कला - कौशलों से भली है | जितना ही अधिक आनंद से हँसोगे उतनी ही आयु बढ़ेगी | एक यूनानी विद्वान कहता है कि सदा अपने कर्मों पर खीझने वाला हेरीक्लेस बहुत कम जिया, पर प्रसन्न मन डेमाक्रीट्स 109 वर्ष तक जिया | हँसी - खुशी का नाम जीवन है | जो रोते हैं, उनका जीवन व्यर्थ है | कवि कहता है - 'जिन्दगी जिन्दादिली का नाम है, मुर्दादिल क्या खाक जिया करते हैं |' मनुष्य के शरीर के वर्णन पर एक विलायती विद्वान ने एक पुस्तक लिखी है | जिसमें वह कहता है कि उत्तम सुअवसर की हँसी उदास-से उदास मनुष्य के चित्त को प्रफुल्लित कर देती है | आनंद एक ऐसा प्रबल इंजन है कि इससे शोक और दुःख की दीवारों को ढहा सकते हैं | प्राण रक्षा के लिए सर्वोत्तम उपाय मनुष्य के चित्त को प्रसन्न रखना है| एक अंग्रेज डॉक्टर कहता है कि किसी नगर में दवाई लदे हुए बीस गधे ले जाने से एक हंसोड़ आदमी को ले जाना अधिक लाभकारी है | डॉक्टर हस्फलेंड ने अपनी पुस्तक में आयु बढ़ाने का उपाय सुझाते हुए लिखा है कि हँसी पाचन क्रिया के लिए सबसे उत्तम सहयोग देती है, इससे अच्छी औषधि और नहीं है |

प्रश्न (क) ‘ विलायती’ और ‘प्रफुल्लित‘ शब्दों के अर्थ -

(1) अंग्रेजी और फूला हुआ (2) विदेशी और प्रसन्न

(3) विलायत और प्रफुल्ल (4) स्वदेशी और प्रसन्न

(ख) ‘’हँसी कितने ही कला कौशलों से भली है ‘’- कथन का आशय -

(1) हँसी से बेहतर बहुत से कला -कौशल हैं (2) कला- कौशल ही हँसी है

(3) हँसी बहुत से कला कौशलों से बेहतर है (4) इनमें से कोई नहीं

(ग) चित्त को प्रसन्न रखने से -

(1) प्राणों के लाले पड़ जाते हैं (2) प्राण जा सकते हैं

(3) प्राण रक्षा असंभव है (4) इनमें से कोई नहीं

(घ) हँसोड़ आदमी वह होता है जो -

(1) हथोड़ा चलाना जानता है (2) हँसाता है

(3) हंसिया बनाता है (4) रुलाता है

(ङ)आनंद की तुलना किससे और किस आधार पर की गई है -

(1) उत्तम विष से, दुःख दूर करने के लिए

(2) हेरीक्लेस से, हँसी के कारण

(3) प्रबल इंजन से ,शोक की दीवार गिराने की क्षमता के कारण

(4) उपरोक्त सभी से

**अपठित पद्यांश (1*5=5 अंक )**

3. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर निर्देशानुसार सही विकल्प का चयन कीजिए :

जिस धरती को तुमने सींचा
अपने खून-पसीने से,
हार गई दुश्मन की गोली
वज्र सरीखे सीने से

जब-जब उठी तुम्हारी बाँहें, होता वश में काल है |
जिस धरती के लिए सदा
तुमने सब कुछ कुर्बान किया
सूली पर चढ़-चढ़, हँस - हँसकर
कालकूट का पान किया

जब-जब तुमने कदम बढ़ाया, हुई दिशाएँ लाल हैं |
उस धरती को टुकड़े - टुकड़े
करना चाह रहे दुश्मन
बड़े गौर से अजब तुम्हारी
चुप्पी थाह रहे दुश्मन

जाति-पाँति वर्गों-फ़िरकों के, वह फैलाता जाल है |

कुछ देशों की लोलुप नज़रें
लगीं तुम्हारी ओर हैं,
कुछ अपने ही जयचंदों के
मन में बैठा चोर है |

सावधान कर दो उनको जो चलते कपटी चाल हैं |

प्रश्न (क) 'कुछ अपने ही जयचंदों के ' पंक्ति में जयचंदों से तात्पर्य -

(1) देशप्रेमी (2) गद्दार (3) कलाकार (4) स्वधीनता सेनानी

(ख) ''धरती को कैसे, किसने सींचा -

(1) नहरों के जल से, किसानों ने (2) पसीने से, मजदूरों ने

(3) खून - पसीने से, भारतीय वीरों ने (4) आक्रमण कर , विदेशियों ने

(ग) 'कालकूट' और 'लोलुप' का अर्थ -

(1) 'जहर' और 'अमृत' (2) 'विष' और 'लालची'

(3) 'कला' और 'लाल रंग' (4) उक्त सभी

(घ) कपट करने वालों को -------------करने की बात कही गयी है -

(1) सम्मानित (2) विश्राम (3) नज़र अंदाज़ (4) सावधान

(ङ) दुश्मनों की इच्छा है -

(1) भारत को खंडित करने की (2) अखंड भारत के निर्माण की

(3) पड़ोसी देश के टुकड़े-टुकड़े करने की (4) इनमे से कुछ नहीं

4.रद्दी अख़बारों की ढेरी-सा
टूटे-फूटे शीशे व टीन-सा
युग की उपलब्धियों का -
माल बिक सकता ?
कोई फेरी वाला गुहार लगाता आए,
यह सब ले जाए,
सारा-का-सारा कबाड़ उठ जाए ,
तो सजावट सुथरी होकर निखरे
हर चीज़ सही और सुथरी होकर निखरे
हर चीज़ सही तरतीब में लगे और सुधरे |
युग की उपलब्धियों की इस ढेरी में
टूटे-फूटे कनस्तर और डिब्बों जैसे -
मुर्झाए हुए विश्वास,
मैले- कुचैले , जीर्ण-शीर्ण चीथड़ों सा -
विकृत स्वाभिमान,

टूटी-फूटी बोतल-से
टूटे हुए सपने'
टूटे हुए बरतन सरीखे
ये अर्ध सत्य -
यह ही सब लगा हुआ
रद्दी का अम्बार
बेहद कूड़ा - कबाड़
निश्चय इस रद्दी का - खरीदार आएगा
माल इस बोरी में -
भरकर ले जाएगा,
डालेगा जाकर उस बड़े कारखाने में -
जहाँ यह नया रूप, नए रंग
लेकर ही निकलेगा |

प्रश्न (क) काव्यांश का मूल भाव -

(1) बदलते समय में सत्य, विश्वास जैसे जीवन मूल्य रद्दी वस्तुओं के समान लगने लगे हैं

(2)कबाड़ के व्यापारी नुकसान उठा रहे हैं

(3)रद्दी की बोरियों की मांग बढ़ गई है

(4) बाजार बंद हो रहा है

(ख) 'मैले - कुचैले,' 'जीर्ण- शीर्ण,' 'चिथडों -सा' - में कौन -सा अलंकार है -

(1) यमक (2) श्लेष (3) उपमा (4) उत्प्रेक्षा

(ग) फेरी वाला क्या बदलाव ला सकता है -

(1) खूब पैसे कमा सकता है

(2) वह कबाड़ उठाकर ले जा सकता है ताकि उब्लाब्धियों की ढेरी में चीजें सुन्दर,व्यवस्थित सजी दिखे

(3) नई दुकान खोल सकता है

(4) कुछ नहीं

(घ) रद्दी का खरीददार किसे कहा गया है

(1) ड्राईवर (2) कंडक्टर (3) साहित्यकार (4) बढई

(ङ) काव्यांश में निष्ठा, सत्य , विश्वास जैसे मूल्यों की तुलना किससे की गई है -

(1) पेड़ पौधों , फूलों से (2) रद्दी और टूटी- फूटी चीजों से

(3) नदी ,तालाब , पहाड़ से (4) इनमे से किसी से नहीं

---

## उत्तर संकेत

## अपठित गद्यांश (1*5=5 अंक)

1. (क) (1) भय, शंका, अधैर्य (ख) (2) संज्ञा आश्रित उपवाक्य
   (ग) (4) नकारात्मक हुआ (घ) (3) निंदा का मुँह तोड़ जवाब देकर
   (ङ)(3) अभिव्यक्ति

2 . (क)(2) विदेशी और प्रसन्न
   (ख)(3)हँसी बहुत से कला कौशलों से बेहतर है
   (ग) (4) इनमें से कोई नहीं
   (घ) (2) हँसाता है
   (ङ) (3) प्रबल इंजन से ,शोक की दीवार गिराने की क्षमता के कारण

## अपठित पद्यांश (1*5=5 अंक)

3 . (क) (2) गद्दार
   (ख) (3) खून - पसीने से, भारतीय वीरों ने
   (ग) (2) ‘विष’ और ‘लालची’
   (घ) (4) सावधान
   (ङ) (1) भारत को खंडित करने की

4 .(क) (1) बदलते समय में सत्य, विश्वास जैसे जीवन मूल्य रद्दी वस्तुओं के समान लगने लगे हैं
   (ख) (3) उपमा
   (ग) (2) वह कबाड़ उठाकर ले जा सकता है ताकि उब्लाब्धियों की ढेरी में चीजें सुन्दर,व्यवस्थित सजी दिखे
   (घ) (3) साहित्यकार
   (ङ) (2) रद्दी और टूटी- फूटी चीजों से

*******************************************************************

## व्याकरण

1.रचना के आधार पर वाक्य भेद

प्रकार :-1. साधारण वाक्य या सरल वाक्य 2.मिश्र वाक्य 3. संयुक्त वाक्य

साधारण वाक्य:- जिस वाक्य में केवल एक क्रिया और एक कर्ता होता है, उसे साधारण वाक्य या सरल वाक्य कहते हैं ।

मिश्र वाक्य :- जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा संगवाक्य हो, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं |

उपवाक्य के भेद - उपवाक्य के तीन भेद हैं

1.संज्ञा उपवाक्य 2.विशेषण उपवाक्य 3.क्रिया विशेषण उपवाक्य

संयुक्त वाक्य में दो उपवाक्य होते हैं और दोनों ही प्रधान उपवाक्य होते हैं। संयुक्त वाक्य और, अथवा, एवं आदि समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय से जुड़े होते हैं ।

**अभ्यास कार्य -**

1. सरल वाक्य का चयन कीजिए |

1.सुबह हुई और वह आ गया | 2.उसने कहा कि कार्यालय बंद हो गया |

3.जो बड़े हैं उन्हें सम्मान दो | 4.वह धीरे -धीरे लिखता है |

2. मिश्र वाक्य का चयन कीजिए |

1.वह शिक्षक है किंतु घमंडी है |

2.हम भोजन कर रहे हैं |

3.सूरज पूर्व से निकलता है |

4.वह कौन सा व्यक्ति है,जिसने स्वामी विवेकानंद का नाम ना सुना हो |

3.'नीरज चोपड़ा ने भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता।' वाक्य भेद बताइए-

1.आश्रित 2.सरल 3.संयुक्त 4.मिश्र

4. 'मीराबाई चानू ने कहा कि यह पदक पूरे भारत का है।' वाक्य में आश्रित उपवाक्य बताइए-

1.क्रिया आश्रित 2.क्रिया विशेषण आश्रित

3.संज्ञा आश्रित 4.विशेषण आश्रित

5.'महिला हॉकी टीम बहुत अच्छा खेली, किन्तु जीत न सकी।'- वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलिए-

1.महिला हॉकी टीम बहुत अच्छा खेली।

2.महिला हॉकी टीम जीत न सकी।

3.महिला हॉकी टीम बहुत अच्छा खेलकर भी जीत न सकी।

4.यद्यपि महिला हॉकी टीम बहुत अच्छा खेली, किन्तु जीत न सकी।

6.उसने मेहनत तो बहुत की परंतु पास नहीं हुआ । वाक्य का कौन-सा प्रकार है ?

1.इनमें से कोई नहीं 2.संयुक्त वाक्य

3.मिश्र वाक्य 4.सरल वाक्य

7. सूर्योदय होने पर कुहासा जाता रहा | इस वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए |

1. सूर्योदय हुआ और कुहासा जाता रहा | 2. सूर्योदय हुआ था कि कुहासा चला गया

3.सूर्योदय होने पर कुहासा नहीं जाता है | 4.क्या सूर्योदय होने पर कुहासा चला जाता है ?

8. उसने अपने मित्र का पुस्तकालय ख़रीदा | इस वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलिए |

1.उसका एक मित्र था जिसका पुस्तकालय उसने खरीदा |

2. उसने उस पुस्तकालय को ख़रीदा जो उसके मित्र का था |

3.उसने एक पुस्तकालय ख़रीदा क्योंकि वह उसके मित्र का था |

4.अपने मित्र का पुस्तकालय उसके द्वारा ख़रीदा गया |

9. उपवाक्य के कितने भेद हैं?

1.दो 2.तीन 3.चार 4.पांच

10.मुझे विश्वास है <u>कि भारत विश्वगुरु बनेगा</u> | रेखांकित में उपवाक्य है -

1.संज्ञा उपवाक्य 2. विशेषण उपवाक्य 3. क्रिया विशेषण उपवाक्य 4. सर्वनाम उपवाक्य

11. रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं ?

1. दो 2. चार 3. तीन 4. पांच

12. लोकप्रिय कवि का सम्मान सभी करते हैं | इसका मिश्रवाक्य क्या होगा ?

1.जो कवि लोकप्रिय होता है, उसका सम्मान सभी करते हैं |

2.सभी उनका सम्मान करते हैं जो लोकप्रिय कवि होते हैं |

3. लोकप्रिय कवि का सम्मान सभी नहीं करते हैं |

4.जो भी कवि लोकप्रिय होगा उसका सम्मान होगा |

13.जो लड़के अच्छे होते हैं, वे परिश्रमी होते हैं | सरल वाक्य में बदलो |

1.लड़के अच्छे और परिश्रमी होते हैं |2. लड़के परिश्रमी होते हैं |

3.अच्छे लड़के परिश्रमी होते हैं | 4. लड़के अच्छे और परिश्रमी नहीं होते हैं |

14. विनय ने एक पुस्तक पढ़ी, जो अत्यंत पुरानी थी। - सरल वाक्य में बदलिए।

1.विनय ने एक पुस्तक पढ़ी और वह अत्यंत पुरानी थी।

2. विनय ने एक अत्यंत पुरानी पुस्तक पढ़ी।

3. एक पुस्तक विनय ने पढ़ी, जो अत्यंत पुरानी थी।

4.एक अत्यंत पुरानी पुस्तक थी, जो विनय ने पढ़ी

15. 'प्रवीण ने देखा कि पक्षी कलरव कर रहे हैं | ' वाक्य में प्रधान उपवाक्य है ।

1. प्रवीण ने 2. प्रवीण ने देखा 3. पक्षी कलरव कर रहे हैं 4. पक्षी कलरव कर रहे हैं ।

16 सभी चाहते हैं कि भारत महाशक्ति बने | वाक्य है-

1. सरल वाक्य 2. मिश्र वाक्य 3. संयुक्त वाक्य 4. इसमें से कोई नहीं

17. जब मैं घर पहुंचा, तब वह जा चुके थे । - रचना के आधार पर वाक्य के भेद बताइए ।

1. सरल वाक्य 2.संयुक्त वाक्य 3. मिश्र वाक्य 4.अन्य वाक्य

18. अस्वस्थ होने के कारण वह परीक्षा में सफल न हो सका | वाक्य का कौन -सा प्रकार है ?

1. सरल वाक्य 2.संयुक्त वाक्य 3. मिश्र वाक्य 4.अन्य वाक्य

19. उसने न केवल यूपीएससी पास की, बल्कि प्रावीण्य सूची में आया | वाक्य का कौन -सा प्रकार है ?

1. सरल वाक्य 2.संयुक्त वाक्य 3. मिश्र वाक्य 4.भाववाच्य

20. मजदूर मेहनत करता है किंतु उसके लाभ से वंचित रहता है । इसका सरल वाक्य होगा -

1. मजदूर मेहनत करता है और उसके लाभ से वंचित रहता है ।

2.मेहनत करने वाला मजदूर उसके लाभ से वंचित रहता है |

3. मजदूर मेहनत करता है |

4.मजदूर अपने लाभ से वंचित रहता है |

21. संयुक्त वाक्य में कितने प्रधान उपवाक्य होते हैं ?

1. दो 2. तीन 3. एक 4. इनमे से कोई नहीं

22. किस वाक्य में केवल एक क्रिया और एक कर्ता होता है ?

1. मिश्र वाक्य 2.संयुक्त वाक्य 3.सरल वाक्य 4.भाववाच्य

23. वाक्य क्या हैं ? सर्वाधिक उपयुक्त कथन का चयन करें |

1. सार्थक शब्दों का समूह 2. अक्षरों का समूह 3. वर्णमाला 4. असार्थक शब्दों का समूह

24. जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा संगवाक्य हो वह कहलाता है -

1.सरल वाक्य 2.संयुक्त वाक्य 3. मिश्र वाक्य 4.उप वाक्य

25. विशेषण उपवाक्य किसके भेद है ?

1.वाक्य 2.उपवाक्य 3. साधारण वाक्य 4.संयुक्त वाक्य

## वाच्य

क्रिया के जिस रूप से उसके कर्ता, कर्म या भाव के अनुसार होने का बोध होता है, उसे 'वाच्य' कहते है |

कर्तृ वाच्य में कर्ता यानि की काम को करने वाला प्रधान होता है।

कर्म वाच्य में कर्म प्रधान होता है |कर्ता के कार्य व्यापार का फल जिस पर होता है वह कर्म होता है |

भाव वाच्य में भाव प्रधान होता है | क्रिया हमेशा एकवचन और पुल्लिंग में ही होते हैं ।

- जहाँ पर भी 'द्वारा' का प्रयोग दिखे वह कर्म वाच्य है। जैसे - नर्स द्वारा टीकाकरण किया जाता है |

⁎ जहाँ 'ने ' का प्रयोग हो वह कर्तृ वाच्य है। जैसे - पी.वी.सिन्धु ने पदक जीता । कभी -कभी 'ने '

छुपा हुआ होता है।

- भाव वाच्य में इस तरह के शब्द होते हैं जैसे -खाया नहीं जाता,चला नहीं जाता,सोया नहीं जाता, दौड़ा नहीं जाता।

अभ्यास कार्य

1. वाच्य क्या कहलाते हैं ?

1. संज्ञा के भेद 2. सर्वनाम के भेद 3. विशेषण के भेद 4. क्रियाओं के विधान

2.कर्तृवाच्य किसे कहते है ?

1. जहां क्रिया का प्रयोग वाक्य में कर्ता के लिंग व वचन के अनुसार किया जाता है |

2. जिन क्रियाओं में भाव प्रधान होता है |

3. जिन क्रियाओं में शब्द प्रधान होता है |

4. जहां क्रिया का प्रयोग वाक्य में कर्म के लिंग वचन के अनुसार किया जाता है |

3.वाच्य के कितने भेद होते हैं ?

1. एक 2. दो 3. तीन 4. चार

4. 'चलो अब खाया जाय' वाच्य भेद बताइए।

1. कर्तृवाच्य 2. भाववाच्य 3. कर्मवाच्य 4. कोई नहीं

5. प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भाषण दिया | - वाच्य का भेद क्या है?

1. कर्तृवाच्य 2.कर्मवाच्य 3. भाव वाच्य 4. उपवाक्य

6.भारतवासी महात्मा गाँधी को नहीं भूल सकते हैं | इसे कर्मवाच्य में बदलिए |

1.ऐसा नहीं है कि भारतवासी महात्मा गाँधी को भूल जाए |

2.भारतवासियों के द्वारा महात्मा गाँधी भुलाए नहीं जा सकते हैं |

3.भारतवासी महात्मा गाँधी के कर्मो को नहीं भूल सकते हैं |

4. इनमे से कोई नहीं

7. 'उसने भोजन कर लिया' वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए-

1. उसने भोजन किया | 2. उसके द्वारा भोजन नहीं किया गया |

3. उसके द्वारा भोजन कर लिया गया | 4. उपर्युक्त कोई नहीं

8. बच्चों द्वारा शांत बैठा नहीं जाता | इसे कर्तृवाच्य में बदलिए |

1. बच्चें शांत बैठते हैं | 2. बच्चें शांत नहीं बैठ सकते |

3.बच्चें शांत बैठे थे | 4.बच्चें शांत नहीं बैठेंगे |

9.भारतीय खिलाड़ियों द्वारा ओलम्पिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया गया | इसे कर्तृवाच्य में बदलो |

1.भारतीय खिलाडी ओलम्पिक में अच्छा प्रदर्शन किए |

2. कुछ भारतीय खिलाडियों द्वारा ऐतिहासिक प्रदर्शन किया गया |

3.भारतीय खिलाड़ियों ने ओलम्पिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया गया |

4.इनमे से कोई नहीं

10. माँ रो भी नहीं सकती | इसका भाववाच्य क्या होगा ?

1.माँ से रोया जाता है | 2. माँ नहीं रोती है |

3.ऐसा नहीं है कि माँ रोती नहीं है | 4. माँ से रोया भी नहीं जाता |

11. किस वाच्य में भाव प्रधान होता है ?

1. कर्तृवाच्य 2.कर्मवाच्य 3. भाव वाच्य 4. उपवाक्य

12.रमेश पत्र लिखता है | इसका कर्मवाच्य होगा-

1.रमेश ने एक पत्र लिखा | 2. रमेश के द्वारा पत्र लिखा जाता है |
3. रमेश के द्वारा पत्र लिख गया | 4. रमेश पत्र नहीं लिखता है |
13.गर्मियों में लोगों से खूब नहाया जाता है | यह कौन-सा वाच्य है ?
1. कर्मवाच्य 2. कर्तृवाच्य 3. उपवाक्य 4. भाव वाच्य
14.सलोनी से हँसा नहीं जाता | इसे कर्तृवाच्य में बदलो |
1.सलोनी नहीं हँसती | 2.सलोनी हँसती है |
3.सलोनी से हँसा नहीं जाया जाता है | 4.सलोनी हँसना नहीं चाहती है |
15. निम्नलिखित में कर्मवाच्य वाला वाक्य है -
1. ऑस्ट्रेलिया हार गया भारत के द्वारा 2. ऑस्ट्रेलिया को भारत ने हरा दिया
3. भारत के द्वारा ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया गया 4. भारत से ऑस्ट्रेलिया हार गया
16.'बच्चे धीरे -धीरे चलते हैं' में वाच्य है-
1. कर्तृवाच्य 2.कर्मवाच्य 3. भाव वाच्य 4. उपवाक्य
17. कर्मवाच्य की पहचान किस शब्द से होती है ?
1.के लिए 2. ने 3.द्वारा 4. को
18. हालदार साहब ने पान खाया | प्रयोग के आधार पर वाक्य भेद है -
1. कर्तृवाच्य 2.कर्मवाच्य 3. भाव वाच्य 4. उपर्युक्त सभी
19.इतनी धूप में कैसे चला जाएगा | वाक्य भेद है-
1. उपर्युक्त सभी 2. भाव वाच्य 3. कर्तृवाच्य 4. कर्मवाच्य
20.किस वाक्य में भाववाच्य है ?
1.घायल हंस उड़ न पाया | 2. वह पार्क में प्रतिदिन दौड़ता है |
3.मुझसे इस पेड़ पर चढ़ा नहीं जाएगा | 4.कुत्ते जोर से भौक रहे हैं |
21. 'छात्र बगीचे में पौधे लगा रहे हैं' वाक्य को कर्मवाच्य में बदलो|
1. छात्र द्वारा बगीचे में पौधे लगाए गए | 2. छात्र द्वारा बगीचे में पौधे लगाए जा रहे हैं |
3.बगीचे में छात्र से पौधे लगाया | 4.छात्र से बगीचे में पौधे लगाया गया |
22. 'घायल होने के कारण वह उड़ नहीं पाया' इसे भाववाच्य में बदलो |
1. घायल होने के कारण उसने उड़ नहीं पाया| 2.वह घायल था इसलिए उड़ नहीं पाया|
3.घायल अवस्था में वह उड़ नहीं पाया | 4.घायल होने के कारण उससे उड़ा नहीं जा सका |
23. 'नेताजी द्वारा आज़ाद हिन्द फौज की स्थापना की गई'| इसका कर्तृवाच्य होगा -
1. आज़ाद हिन्द फौज की स्थापना नेताजी द्वारा की गई |
2. आज़ाद हिन्द फौज की स्थापना नेताजी द्वारा नहीं की गई |
3.नेताजी ने आज़ाद हिन्द फौज की स्थापना कराया |
4.नेताजी ने आज़ाद हिन्द फौज की स्थापना की |
24. 'घायल सैनिक बोल नहीं पा रहा है' भाववाच्य में बदलो |
1.घायल सैनिक से बोला नहीं जा रहा है | 2.घायल सैनिक द्वारा बोला नहीं गया |

3.घायल सैनिक बोलने में असमर्थ हैं |                    4.घायल सैनिक नहीं बोलेगा |

25. 'विनीता जोर-जोर से हँस रही है' प्रयोग के आधार पर वाक्य भेद बताओ |

1. कर्तृवाच्य     2.कर्मवाच्य     3. भाव वाच्य     4. उपर्युक्त सभी

## पद परिचय

वाक्य में प्रयोग किये गए शब्दों को पद कहते है। उन शब्दों को व्याकरण के आधार पर उनका परिचय देना पद परिचय कहलाता है। जैसे उनका भेद, उपभेद, लिंग, वचन, कारक क्या है और उनका अन्य शब्दों के साथ क्या संबंध है।

पद के 8 भेद होते हैं-

संज्ञा - संज्ञा के तीनों भेद, लिंग, वचन, कारक

सर्वनाम - सर्वनाम के भेद, पुरुष, लिंग, वचन, कारक

विशेषण - विशेषण के भेद, लिंग, वचन, विशेष्य, प्रविशेषण

क्रिया - अकर्मक, सकर्मक, लिंग, वचन, काल

क्रिया विशेषण - भेद, जिस क्रिया की विशेषता बताई गई हो उसके बारे में निर्देश

समुच्चयबोधक - भेद, संयुक्त शब्दों, वाक्यांशों तथा वाक्यों का उल्लेख

संबंधबोधक - भेद, पदों, वाक्यांशों से संबंध का निर्देश

विस्मयादिबोधक - भेद का नाम, निर्देश

पदों को दो भागों में बांटा गया है -

1.विकारी(व्यय)     2.अविकारी(अव्यय)

विकारी पद - संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया

अविकारी पद - क्रिया विशेषण, समुच्चयबोधक, संबंधबोधक, विस्मयादिबोधक

हिंदी में वचन दो हैं -     1.एकवचन     2. बहुवचन

लिंग के दो भेद होते हैं -     1.पुल्लिंग     2. स्त्रीलिंग

कारक के आठ भेद हैं -

1.कर्ता कारक ( ने)   2. कर्म कारक ( को)   3.करण कारक ( से)   4.अधिकरण कारक ( में, पर, ऊपर)

5.अपादान कारक ( से)   6.संप्रदान कारक ( को, के लिए)   7.संबंध कारक ( का, के, क, ना, न, ने, र, रे, री )   8.संबोधन कारक। (अरे! आह! अहो! ओह! शाबाश! छीहः! आदि)

## अभ्यास कार्य

निम्नलिखित वाक्यों में पदों का परिचय दीजिए -

1. सफलता उन्हीं को मिलती है जो मेहनत करते हैं। - रेखांकित पद का पद परिचय बताइए ।

1.व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन     2.भाव वाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्म कारक

3.पुरुषवाचक, सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग    4.व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक

2.वह दौड़कर विद्यालय गया | रेखांकित पद का परिचय है -

1.अन्यपुरुष वाचक सर्वनाम,एकवचन,पुल्लिंग,कर्ता कारक

2. उत्तम पुरुष वाचक सर्वनाम,एकवचन,पुल्लिंग,कर्ता कारक

3. भाववाचक संज्ञा,एकवचन,पुल्लिंग,कर्ता कारक

4. उत्तम पुरुष वाचक सर्वनाम,बहुवचन,पुल्लिंग,कर्ता कारक

3.परिश्रम <u>के बिना</u> विद्या नहीं मिलती है | रेखांकित पद का परिचय है -

1.संबंधबोधक अव्यय -संबंधी 'परिश्रम'

2. संबंधबोधक अव्यय -संबंधी 'विद्या'

3. संबंधबोधक अव्यय - संबंधी संबंधबोधक अव्यय -'मिलना'

4. संबंधबोधक अव्यय - संबंधी 'परिश्रम ' और 'विद्या'

4. बागो में फूल <u>खिलते</u> हैं।

1. सकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य

2 . अकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य

3. सकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य

4. अकर्मक क्रिया, एकवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य

5. राधिका ने <u>आपको</u> बुलाया है।

1.प्रथम पुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक

2. निजवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग/स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक

3.मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग/पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक

4. उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग/पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक

6.अभिजीत <u>दसवीं</u> कक्षा में पढ़ता है।

1. विशेषण, संख्यावाचक, आवृत्तिसूचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, कक्षा' विशेष्य

2. विशेषण, परिमाणवाचक, क्रमसूचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, कक्षा' विशेष्य

3. विशेषण, संख्यावाचक, क्रमसूचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, कक्षा' विशेष्य

4. विशेषण, निश्चयवाचक, क्रमसूचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कक्षा' विशेष्य

7.<u>अहा!</u> उपवन में कितने सुन्दर फूल खिले हैं | रेखांकित पद का परिचय होगा -

1.हर्ष सूचक विस्मयादिबोधक अव्यय    2.शोक सूचक विस्मयादिबोधक अव्यय

3.घृणा सूचक विस्मयादिबोधक अव्यय    4.निषेध सूचक विस्मयादिबोधक अव्यय

8.सीमा पर <u>कई</u> वीर सैनिक रहते हैं | रेखांकित पद का सर्वाधिक उपयुक्त परिचय होगा -

1.सर्वनाम    2.विशेषण

3.अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण    4.संख्यावाचक विशेषण

9. बिल्ली गाडी <u>के नीचे</u> बैठी हैं। रेखांकित पद का परिचय होगा -

1. अव्यय, संबंधबोधक, 'गाडी से संबंध 2. अव्यय, योजक
3. अव्यय, योजक, बिल्ली और गाडी को जोड़ रहा है 4. अव्यय, क्रिया विशेषण

10. पद परिचय के लिए अत्यावश्यक है -
1.प्रत्येक पद को अलग करना 2. प्रत्येक पद का प्रभार एवं वाक्य से सम्बन्ध दर्शाना
3.प्रत्येक पद का कार्य बताना और वाक्य-विन्यास करना 4.उपर्युक्त सभी

11.विस्मयादिबोधक पदों के परिचय में लिखा जाता है -
1.भेद 2. भाव संकेत 3.लिंग 4. वचन

12. <u>मुंशी प्रेमचंद</u> ने गोदान के रचना की। रेखांकित पद के सही परिचय का चयन करे।
1. जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक
2. व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक
3. व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक
4. जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक

13. लीनिशा <u>नित्य</u> दौड़ने जाती है । रेखांकित पद का परिचय होगा -
1. गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, 'दौड़ने जाता है' क्रिया की विशेषता
2. रीतिवाचक क्रिया विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, 'दौड़ने जाता है' क्रिया की विशेषता
3. अव्यय, स्थानवाचक क्रिया विशेषण, 'दौड़ने जाती है' क्रिया की विशेषता
4. अव्यय, कालवाचक क्रिया विशेषण, 'दौड़ने जाती है' क्रिया की विशेषता

14. <u>जान्हवी</u> रायपुर जा रही है। की। रेखांकित पद के सही परिचय का चयन करे।
1. जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक
2.व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक
3.भाववाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, करण कारक
4. भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक

15. अभिजीत <u>किसे</u> देख रहा है?
1. सर्वनाम, स्त्रीलिंग, बहुवचन, कर्म कारक 2. सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, करण कारक
3. सर्वनाम, पुल्लिंग, प्रश्नवाचक, कर्ताकारक 4. सर्वनाम, प्रश्नवाचक, एकवचन, कर्म कारक

16. कल मेरे पापा अयोध्या <u>गए</u> ।
1. क्रिया, सकर्मक, एकवचन, पुल्लिंग, भूतकाल, कर्मवाच्य
2.क्रिया, सकर्मक, बहुवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमानकाल, कर्तृवाच्य
3. क्रिया, अकर्मक, बहुवचन, पुल्लिंग, भविष्यत्काल , कर्तृवाच्य
4. क्रिया, अकर्मक, एकवचन, पुल्लिंग, भूतकाल, कर्तृवाच्य

17. <u>योगिता</u> बाजार जा रही है।
1. संज्ञा, जातिवाचक, बहुवचन, पुल्लिंग, सम्बन्ध कारक, 'जा रही है' क्रिया का कर्ता
2.संज्ञा, व्यक्तिवाचक, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक, 'जा रही है' क्रिया का कर्ता

3. संज्ञा, जातिवाचक, एकवचन, स्त्रीलिंग,कर्म कारक

4. इनमें से कोई नहीं

18. **वाह!** कितना सुन्दर मोर है।

1. अव्यय, विस्मयादिबोधक, शोक सूचक 2. अव्यय, संबंध बोधक, शोक सूचक
3. क्रिया विशेषण, काल वाचक, मोर की विशेषता बता रहा 4. अव्यय, विस्मयादिबोधक, हर्ष सूचक

19. हमें राष्ट्रभक्तो का <u>सम्मान</u> करना चाहिए।

1. जातिवाचक संज्ञा, एक वचन, स्त्रीलिंग 2. व्यक्तिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग
3. व्यक्तिवाचक संज्ञा, एक वचन, स्त्रीलिंग 4. संज्ञा, भाववाचक, एक वचन, पुल्लिंग

20. <u>आजकल</u> ध्वनि प्रदूषण बहुत तेजी से फैल रहा है।

1.अव्यय, क्रिया विशेषण, कालवाचक 2. अव्यय, क्रिया विशेषण, रीतिवाचक
3. अव्यय, क्रिया विशेषण, कालवाचक 4. इनमें से कोई नहीं

21.गिलास में <u>थोड़ा</u> जूस है।

1. सर्वनाम, अनिश्चयवाचक, बहुवचन, पुल्लिंग
2. विशेषण, अनिश्चित परिमाण वाचक, पुल्लिंग, विशेष्य-दूध
3. सर्वनाम, निश्चयवाचक, एक वचन, पुल्लिंग
4. सर्वनाम, अनिश्चयवाचक, बहुवचन, स्त्रीलिंग

22. उसने <u>मेहनत</u> से सबकुछ हासिल किया।

1. भाववाचक संज्ञा, बहुवचन, स्त्रीलिंग, संबंध कारक 2. व्यक्तिवाचक संज्ञा, एक वचन, पुल्लिंग, कर्म कारक
3. जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक 4. भाववाचक संज्ञा, एक वचन, स्त्रीलिंग, करण कारक

23. '<u>आज</u> हमारी परीक्षा होनी है।

1. कालवाचक क्रियाविशेषण 2. स्थानवाचक क्रियाविशेषण
3. परिमाणवाचक क्रियाविशेषण 4. उपर्युक्त में से कोई नहीं।

24 '<u>लाल</u> गुलाब देखकर मन खुश हो गया।'-रेखांकित पद का परिचय है-

1. संख्यावाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, 'गुलाब विशेष्य का विशेष
2. गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, 'गुलाब विशेष्य का विशेष
3. परिमाणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, 'गुलाब विशेष्य का विशेष
4. गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, स्त्रीलिंग, 'गुलाब विशेष्य का विशेष

25. रामू बाजार <u>जाओ</u>।

1. सकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, स्त्रीलिंग, एकवचन
2. अकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, पुल्लिंग, एकवचन,
3. सकर्मक क्रिया, भूत काल, स्त्रीलिंग, बहुवचन

4.इनमें से कोई नहीं

## रस

रस का शाब्दिक अर्थ है आनंद | काव्य को पढ़ने या सुनने से जिस आनन्द की अनुभूति होती है, उसे 'रस' कहा जाता है। रस को काव्य की आत्मा माना जाता है |

“वाक्यम् रसात्मकं काव्य:” अर्थात् रसयुक्त वाक्य ही काव्य है |

“ तत्र विभावानुभावव्यभिचारी संयोगाद्र-निष्पत्ति ” - ( भरत मुनि)

रस के चार अंग माने गए हैं -

1. स्थायीभाव 2. विभाव 3. अनुभाव 4. संचारीभाव

**1. स्थायीभाव**

| क्र. | **रस** | **स्थायी भाव** |
|---|---|---|
| 1 | श्रृंगार | रति |
| 2 | हास्य | हास |
| 3 | करुण | शोक |
| 4 | रौद्र | क्रोध |
| 5 | वीर | उत्साह |
| 6 | भयानक | भय |
| 7 | वीभत्स | जुगुप्सा |
| 8 | अद्भुत | विस्मय |
| 9 | शांत | निर्वेद |
| 10 | वात्सल्य | वत्सलता |
| 11 | भक्ति रस | अनुराग |

2. विभाव : वे कारण, विषय और वस्तुएँ, जिसके कारण भाव जागती हैं उन्हें विभाव कहते हैं।

1. आलंबन विभाव: जिसका सहारा पाकर स्थायी भाव जगते हैं, आलंबन विभाव कहलाता है। आलंबन विभाव के दो भेद होते हैं

(क) आश्रय - जिस व्यक्ति के मन में भावों की उत्पत्ति होती है, उसे आश्रय कहते हैं।

(ख) विषय - जिस चीज के लिए मन में भावों की उत्पत्ति होती है, उसे विषय कहते हैं।

2. उद्दीपन विभाव: जिन वस्तुओं या परिस्थितियों को देखकर स्थायी भाव उद्दीप्त होने लगता है उद्दीपन विभाव कहलाता है। जैसे- चाँदनी, कोकिल कूजन, एकांत स्थल, रमणीक उद्यान आदि।

3) अनुभाव: आश्रय की चेष्टाओं को अनुभाव कहते हैं |

4) संचारी या व्यभिचारी भाव: ये भाव पानी के बुलबुलों के सामान उठते और विलीन हो जाने वाले भाव होते हैं। इनकी कुल संख्या 33 है।

**अभ्यास कार्य**

1. शांत रस का स्थाई भाव है-

1.निर्वेद 2.अद्भुत 3. वीर 4. श्रृंगार

2. "एक ओर अजगर ही लखि, एक ओर मृगराज, विकल बटोही बीच ही परयों मूर्छा खाय।"- इन पंक्तियों में कौन-सा रस है?

1. अद्भुत 2. भयानक 3. रौद्र 4. हास्य

3. किस रस को रसराज कहा जाता है?

1.वीर रस 2. शांत रस 3. रौद्र रस 4. श्रृंगार रस

4. .नायक - नायिका या पति-पत्नी के मध्य प्रेम या वियोग से उत्पन्न होने वाले रस को क्या कहते हैं?

1.वीर रस 2.श्रृंगार रस 3.वात्सल्य रस 4. करुण रस

5. संचारी भावों की संख्या है -

1. 9 2. 33 3.11 4. 99

6.भाव जिसके हृदय में रहते है' उसे कहते है ?

1.आश्रय 2.आलंबन 3. उद्दीपन 4.आलंबन जन्य उद्दीपन

7. मैं सत्य कहता हूँ सखे, सुकुमार मत जानो मुझे |
यमराज से भी युद्ध में प्रस्तुत सदा मानो मुझे ||

1. वीर रस 2. संयोग श्रृंगार रस 3. शांत रस 4.करुण रस

8.किस रस के संचरित होने पर अंग-अंग फड़कने लगता है और जोश उबाल मरने लगता है ?

1.रौद्र रस 2. भयानक रस 3. वीर रस 4.हास्य रस

9. "बदनाम जनाजा तेरा होगा,
मुर्दे भी कहीं रोते हैं ?
लगी चिता है मसान घाटपर,
चलो, जहाँ सब सोते हैं |" इसमे कौन -सा रस हैं?

1. रौद्र रस 2. भयानक रस 3. वीभत्स रस 4.भयानक रस

10.रामचरितमानस के 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' में तुलसी ने किस रस का प्रयोग किया है ?सर्वाधिक

उपयुक्त विकल्प का चयन करें |

1.शांत रस 2.श्रृंगार रस 3.वीर रस 4.भयानक

11. आलंबन विभाव के कितने भेद हैं ?

1.चार 2. तीन 3. दो 4. पांच

12. शोक किस रस का स्थायी भाव है ?

1. वीर रस 2. श्रृंगार रस 3. शांत रस 4.करुण रस

13. 'मैया मोरी चन्द्र खिलौना लैहो' में कौन-सा रस है ?

1.वीर रस 2. शांत रस 3. वात्सल्य रस 4. भक्ति रस

14. हेरी मै तो प्रेम दीवानी, मेरो दरद ना जाने कोय | सूली ऊपर सेज हमारी ,किस विध मिलना होय | इसमे कौन-सा रस है ?

1. वियोग श्रृंगार रस 2. संयोग श्रृंगार रस 3. शांत रस 4.करुण रस

15. निम्नलिखित में से रस का भेद नहीं है -

1.करुण 2.श्रृंगार 3. वीर 4.आलंबन

16. दुख ही जीवन की कथा रही, क्या कहूं आज जो नहीं कही। पंक्तियों में कौन सा रस है?

1. करुण रस 2. शांत रस 3.अद्भुत रस 4. श्रृंगार रस

17. रस के कितने अवयव हैं ?

1. नौ 2.ग्यारह 3. तीन 4. चार

18. 'कहा बंदरिया ने बन्दर से चलो नहाने गंगा, बच्चों को छोड़ेंगे घर में होने दो हुडदंगा' में कौन-सा रस है ?

1. करुण रस 2. हास्यरस 3.अद्भुत रस 4. श्रृंगार रस

19. 'बिनु पद चले सुने बिनु काना , कर बिनु कर्म करे विधि नाना' में कौन-सा रस है ?

1. करुण रस 2. हास्यरस 3.अद्भुत रस 4.शांत रस

20. सिर पर बैठो काग आँखि दोउ-खात निकारत। खींचत जीभहिं स्यार अतिहि आनन्द उर धारत ।। में कौन-सा रस है ?

1. वीभत्सरस 2. हास्यरस 3.अद्भुत रस 4.रौद्र रस

21. 'श्री कृष्ण के सुन वचन, अर्जुन क्रोध से जलने लगे सब शोक अपना भुलाकर, करतल युग मलने लगे' पद में रस है-

1. वीर रस 2. करुण रस 3.शांत रस 4.रौद्र रस

22. सीस पगा न झगा तन में प्रभु, जानै को आहि बसै केहि ग्रामा।

धोति फटी-सी लटी दुपटी अरु, पाँय उपानह की नहिं सामा॥ पद में रस है-

1. वात्सल्य रस 2. रौद्ररस 3.शांत रस 4 करुण रस

23. किलकत कान्ह घुटुरुवनि आवत । मनिमय कनक नंद कै आँगन, बिंब पकरिबैं धावत ॥ पद में रस है-

1. वात्सल्य रस 2. वीर रस 3.भक्ति रस 4 श्रृंगार रस

24. आचार्य भरतमुनि ने किस ग्रन्थ में रस सूत्र लिखा है ?

1. काव्यशास्त्र 2.साहित्यशास्त्र3.नाट्यशास्त्र 4.रसशास्त्र

25. आचार्य भरतमुनि के अनुसार रस की संख्या है-

1. चार 2.नौ 3.ग्यारह 4.तैतीस

## उत्तर पत्रक

| प्रश्न क्रमांक | रचना के आधार पर वाक्य भेद | वाच्य | पद -परिचय | रस |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 4 | 3 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 3 | 4 | 4 |
| 4 | 3 | 2 | 2 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 3 | 2 |
| 6 | 2 | 2 | 3 | 1 |
| 7 | 1 | 3 | 1 | 1 |
| 8 | 2 | 2 | 3 | 3 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 4 |
| 10 | 1 | 4 | 4 | 3 |
| 11 | 3 | 3 | 2 | 3 |
| 12 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 13 | 3 | 4 | 4 | 3 |
| 14 | 2 | 1 | 2 | 1 |
| 15 | 2 | 3 | 4 | 4 |
| 16 | 2 | 1 | 4 | 1 |
| 17 | 2 | 3 | 2 | 4 |
| 18 | 1 | 1 | 4 | 2 |
| 19 | 2 | 2 | 4 | 3 |
| 20 | 2 | 3 | 1 | 1 |
| 21 | 2 | 2 | 2 | 4 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 22 | 3 | 4 | 4 | 4 |
| 23 | 1 | 4 | 1 | 1 |
| 24 | 3 | 1 | 2 | 3 |
| 25 | 2 | 1 | 2 | 2 |

## गद्य खंड

**पाठ 1- नेताजी का चश्मा (लेखक- स्वयं प्रकाश)**

**कथावस्तु-** सीमाओं से घिरे भू-भाग का नाम ही देश नहीं होता । देश बनता है उसमें रहने वाले सभी नागरिकों से । देश की सम्पदा से प्यार, स्वतन्त्रता के लिए संघर्ष करने और अपना सर्वस्व न्योछावर करने वालों के प्रति सम्मान का भाव देशभक्ति है । प्रस्तुत कहानी यह दिखाती है कि देश की समृद्धि और विकास में देश के करोड़ों नागरिक, बच्चे-बूढ़े सभी का योगदान होता है । कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जिनका योगदान होता तो है,पर वे प्रकाश में नहीं आते ।

इस कहानी में हालदार साहब एक सूत्रधार के रूप में कार्य कर रहे हैं । उन्हें कंपनी के काम के सिलसिले में हर पंद्रहवें दिन उस कस्बे से होकर गुजरना पड़ता था । कस्बा बहुत बड़ा नहीं था । वहाँ एक छोटा-सा बाज़ार था,कुछ पक्के मकान थे, लड़के और लड़कियों के लिए एक-एक स्कूल था, एक सीमेंट का कारख़ाना था, दो ओपन सिनेमाघर और एक ठो नगरपालिका थी जो कुछ-न-कुछ करती भी रहती थी । इसी नगरपालिका के किसी उत्साही बोर्ड या प्रशासनिक अधिकारी ने एक बार 'शहर' के मुख्य बाज़ार के मुख्य चौराहे पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की एक संगमरमर की प्रतिमा लगवा दी । यह कहानी उस प्रतिमा के चश्मे के बारे में है । ऐसा लगता है कि देश के अच्छे मूर्तिकारों की जानकारी नहीं होने और अच्छी मूर्ति की लागत, अनुमान और उपलब्ध बजट से कहीं ज्यादा होने के कारण यह काम कस्बे के इकलौते हाई स्कूल के इकलौते ड्राइंग मास्टर मोतीलाल जी को सौंप दिया गया । फौजी वर्दी में लगभग दो फुट ऊँची यह मूर्ति ( जिसे बस्ट कहते हैं) सराहनीय थी ,केवल एक चीज़ की कसर थी जो देखते ही खटकती थी । नेताजी की आँखों पर चश्मा नहीं था । यानी चश्मा तो था, लेकिन संगमरमर का नहीं था । एक सामान्य और सचमुच के चश्मे का चौड़ा फ्रेम मूर्ति को पहना दिया गया था । कस्बे के नागरिकों का यह प्रयास सराहनीय ही कहा जाएगा । महत्त्व मूर्ति के रंग-रूप या कद का नहीं, उस भावना का है वरना तो देश-भक्ति भी आजकल मज़ाक की चीज़ होती जा रही है ।

हालदार साहब जब भी वहाँ से गुजरते तो चौराहे पर रुकते, पान खाते और मूर्ति को ध्यान से देखते । उनके लिए यह कौतुक की बात थी कि हर बार मूर्ति का चश्मा बदला हुआ होता था । अपनी जिज्ञासा के कारण एक बार उन्होने पानवाले से पूछ ही लिया कि

मूर्ति का चश्मा कैसे बदल जाता है । पानवाले वाले ने बताया कि कैप्टन नाम का व्यक्ति चश्मा बेचता है । वही मूर्ति का चश्मा भी बदल देता है । दरअसल, यदि किसी ग्राहक को मूर्ति पर लगा चश्मा पसंद आता है तो वह उन्हे उतारकर दे देता है और मूर्ति को दूसरा पहना देता है । नाम से हालदार साहब को लगा कि कैप्टन फौज में रहा होगा या नेताजी का साथी होगा किन्तु पानवाले ने बताया कि वह लँगड़ा है । तभी हालदार साहब ने देखा कि एक बेहद बूढ़ा मरियल-सा लँगड़ा आदमी सिर पर गांधी टोपी और आँखों पर काला चश्मा लगाए एक हाथ में एक छोटी-सी संदूकची और दूसरे हाथ में एक बाँस पर टंगे बहुत-से चश्मे लिए हुए आया और एक बंद दुकान के सहारे अपना बाँस टिका रहा था । हालदार साहब कैप्टन के बारे में पानवाले से कुछ और पूछना चाहते थे पर पानवाले ने साफ़ मना कर दिया । एक दिन मूर्ति पर चश्मा न देखकर हालदार साहब हैरान रह गए । उस दिन पान की दुकान भी बंद थी और चौराहे की अधिकांश दुकानें भी बंद थीं । अगली बार जब वहाँ से गुजरे तो पान खाते वक्त उदास पानवाले से उन्हें पता चला कि कैप्टन मर गया । वह यह सोचने लगे कि कैप्टन मर गया तो मूर्ति पर कोई चश्मा लगाने वाला भी नहीं रहा । पंद्रह दिन बाद जब वे फिर उसी कस्बे से गुजरे तो यह सोचकर कि मूर्ति के पास नहीं रुकेंगे, पान भी नहीं खाएँगे क्योंकि उन्हें भी नेताजी की बिना चश्मे वाली मूर्ति अधूरी लगती थी, ड्राइवर को वहाँ रुकने से मना कर दिया परंतु चौराहा आते ही आदत से मज़बूर आँखें उस ओर उठ ही गईं । उन्होने कुछ ऐसा देखा कि चिल्लाकर स्पीड में जाती जीप रुकवाई । वे लपककर मूर्ति के सामने अटेंशन की मुद्रा में खड़े हो गए । मूर्ति की आँखों पर सरकंडे से बना छोटा-सा चश्मा रखा हुआ था, जैसा बच्चे बना लेते हैं । हालदार साहब भावुक हैं । इतनी-सी बात पर उनकी आँखें भर आईं । उनके मन में एक नई उम्मीद जाग उठी कि कैप्टन जैसा कोई और देशभक्त भी यहाँ है ।

1-कौन हर पन्द्रहवें दिन कस्बे से गुजरते थे ?

1-कैप्टन 2-पानवाला

3-हालदार साहब 4-बच्चे

2-नगरपालिका ने मास्टर मोतीलाल से क्या बनवाया था?

1-ओपन सिनेमाघर 2-बाज़ार

3-स्कूल 3-नेताजी की मूर्ति

3-मूर्ति किससे बनी थी ?

1-संगमरमर 2-काँच

3-सोना 4-चाँदी

4-मूर्तिकार का नाम क्या था?

1-हालदार साहब 2-मोतीलाल

3-कैप्टन 4-पानवाला

5-मूर्ति पर क्या नहीं था ?

1-टोपी 2-चश्मा

3-बटन 4-फूल

6-मूर्ति पर चश्मा कौन लगाता था ?

1-हालदार साहब 2-पानवाला

3-कैप्टन 4-ड्राइवर

7-कैप्टन कौन था ?

1-पानवाला 2-चश्मेवाला

3-हालदार साहब 4-ड्राइवर

8-मूर्ति कितने फुट ऊँची थी ?

1-एक 2-दो

3-तीन 4-चार

9-चौराहे पर रुककर कौन पान खाते थे ?

1-पानवाला 2-चश्मेवाला

3-ड्राइवर 4-हालदार साहब

10-हालदार साहब को किसका मज़ाक उड़ाना अच्छा नहीं लगा ?

1-खुद का 2-बच्चों का

3-मूर्तिकार का 4-एक देशभक्त का

11-शहर के रखरखाव व सौंदर्यीकरण आदि का काम कौन करती है ?

1-ग्राम पंचायत 2-नगरपालिका

3-आम जनता 4-कोई नहीं

12-कैप्टन चश्मेवाले क्या था ?

1-एक देशभक्त 2-एक मज़ाकिया

3-नगरपालिका का एक अधिकारी 4-चश्मा बनानेवाला

13-कैप्टन सिर पर क्या पहनता था ?

1-पगड़ी 2-हैट

3-गांधी टोपी 4-कनफटी टोपी

14-कस्बे के नागरिकों का कौन-सा प्रयास सराहनीय था ?

1-स्कूल बनाना 2-सिनेमाघर बनाना

3-नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मूर्ति बनाना 4-बाज़ार बनाना

15-एक दिन मूर्ति पर चश्मा क्यों नहीं था ?

1-क्योंकि चश्मा समाप्त हो गया था 2-किसी ने चश्मा चुरा लिया था

3-कैप्टन मर गया था 4-चश्मेवाला चश्मा नहीं लगाना चाहता था

16-पानवाला क्यों उदास था ?

1-क्योंकि हालदार साहब पान खा रहे थे 2- पान खत्म हो गए थे

3-उसका पान बेचने का मन नहीं था 4-क्योंकि कैप्टन मर गया था

17-हालदार साहब ने अगली बार गाड़ी रोकने को क्यों मना किया ?

1-क्योंकि समय बर्बाद होता था 2- क्योंकि पानवाला नहीं था

2-क्योंकि चश्मेवाला नहीं था 4-यह सोचकर कि मूर्ति पर चश्मा नहीं होगा

18-अंत मे मूर्ति पर हालदार साहब ने क्या देखा ?

1-रियल का चश्मा 2-तार का चश्मा

3-पत्थर का चश्मा 4- सरकंडे का चश्मा

19-सरकंडे का चश्मा लगाने वाला व्यक्ति कैसा होगा ?

1-मज़ाकिया 2-नासमझ

3-देशभक्त 4-इनमें से कोई नहीं

20-हालदार साहब क्यों भावुक हो गए ?

1-क्योंकि मूर्ति पर चश्मा लग गया था 2-मूर्ति सुंदर लग रही थी

3-क्योंकि ड्राइवर ने गाड़ी रोक दी थी 4-क्योंकि अभी भी लोगों में देशभक्ति की भावना है

21-'कैप्टन' शब्द से हालदार साहब ने क्या अनुमान होगा ?

1-कि वह एक सिपाही है 2-कि वह किसी जहाज का कैप्टन है

3-कि वह आज़ाद हिन्द फौज का सिपाही है 4-कि वह आम नागरिक है

22-कैप्टन किस भावना का पोषक है ?

1-अच्छे विक्रेता की भावना का 2-देशभक्ति की भावना का

3-कर्मशील होने की भावना का 4-मज़ाक की भावना का

23-सीमा पर तैनात फौजी ------ का परिचय देते हैं ।

1-युद्ध 2-स्वयं

3-अधिकारियों 4-देशप्रेम

24-'दुर्दमनीय' में ---- उपसर्ग है ।

1-दु 2-दुर

3-दुद 4-दमन

25-सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग ----- कहते थे ।

1-बूढ़ा 2-सिपाही

3-नेताजी 4-कैप्टन

26-मूर्तिकार शब्द में 'कार' ----है ।

1-उपसर्ग 2-प्रत्यय

3-समास 4-संधि

27-आज़ाद हिन्द फौज की स्थापना ----- ने की थी ।

1-महात्मा गांधी 2- पं॰जवाहरलाल नेहरू

3-सुभाषचंद्र बोस 4-भगत सिंह

28-मूर्ति की आँखों पर सरकंडे का चश्मा देख हालदार साहब ---- हो गए ।

1-क्रोधित 2-खुश

3-दुखी 4-भावुक

29-'राहुल ही यह काम कर सकता' वाक्य में निपात है -

1-ही 2-यह

3-काम 4-कर

30-'पानवाला नया पान खा रहा था' वाक्य में कर्म है-

1-पानवाला 2-नया

3-पान 4-खा

**पाठ 2- बालगोबिन भगत (लेखक- रामवृक्ष बेनीपुरी )**

**कथावस्तु-** प्रस्तुत रेखाचित्र के माध्यम से लेखक ने एक ऐसे व्यक्तित्व का चित्रण किया है, जो मनुष्यता ,लोक-संस्कृति और सामूहिक चेतना का प्रतीक है । बालगोबिन भगत एक सच्चा सन्यासी थे । भगत जी की उम्र साठ वर्ष से ऊपर थी । वे मँझोले कद के गोरे - चिट्टे आदमी थे । कपड़े बिलकुल कम पहनते थे । कमर में एक लँगोटी मात्र और सिर पर कबीरपंथियों की

सी कनफटी टोपी, जाड़े के दिनों मे एक काली कमली ऊपर से ओढ़ लेते। माथे पर हमेशा रामनंदी चन्दन का टीका लगा होता और गले में तुलसी के जड़ों की बेडौल माला।

उनकी बाहरी वेश भूषा से कदापि यह अंदाजा नहीं लगाना चाहिए कि भगत जी साधु थे। खेतीबारी करते,परिवार रखते भी बालगोबिन भगत साधु थे -साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरनेवाले। वे पक्के गृहस्थ थे। उनके बेटे - बहू थे, घर था, खेती-बाड़ी भी थी। किन्तु हाँ, घर - परिवार, खेती - बाड़ी होते हुए भी वे सच्चे अर्थों में साधु थे। कबीर उनके आदर्श थे, वे उन्हें "साहब" कहते थे, उन्हीं के गीत गाते थे। कभी झूठ नहीं बोलते थे। दो टूक बात करने के आदी थे। बिना पूछे किसी की चीज़ व्यवहार में नहीं लाते थे। नियम के इतने पक्के कि कभी किसी दूसरे के खेत में शौच के लिए भी नहीं बैठते। खेत में जो कुछ पैदा होता उसे पहले साहब के दरबार में ले जाते। फिर दरबार आए जो कुछ भेंट प्रसाद स्वरूप मिलता उसे लाते और उसी से गुजारा करते। भगत का मधुर गान जादू की तरह प्रभाव डालता था। कबीर के सीधे-सादे पद उनके कंठ से निकलकर सजीव हो उठते थे। वे कार्तिक आते ही प्रभातियाँ शुरू कर देते। सर्दी,गर्मी,बरसात हर मौसम में उनके मधुर गायन की एक स्वर-तरंग-झंकार सुनाई देती रहती है।

बालगोबिन के संगीत की पराकाष्ठा तब दिखाई दी, जिस दिन उनका बेटा मरा। उनका एकलौता बेटा था। सुस्त और बोदा होने के कारण भगत उसे ज्यादा प्यार करते थे। बड़ी साध से उसकी शादी कराई। बहू भी सुभग और सुशील थी। जब बेटे की मृत्यु हुई तो भगत ने उसे ज़मीन पर चटाई बिछाकर लिटा दिया। उसके ऊपर सफ़ेद चादर डालकर उस पर कुछ फूल तोड़कर बिखेर दिये फूल और तुलसीदल भी। सिरहाने एक चिराग जला दिया और फिर सामने ही आसन जमाकर बैठ गए एवं सबसे बेखबर पूरी तल्लीनता से गीत गाने लगे। बहू के रोने पर बीच -बीच मे उसे ही यह कहकर सांत्वना देते कि उसे तो रोने के बदले उत्सव मनाना चाहिए। अब तो आत्मा परमात्मा के पास चली गयी है, विरहिनी अपने प्रेम से जा मिली है, भला इससे बढ़कर आनंद की बात और क्या हो सकती है। बेटे का अंतिम संस्कार भी अपनी पतोहू से ही करवाया। श्राद्ध की अवधि पूरी होने के बाद पतोहू के भाई को बुलाकर उसे उसके साथ विदा कर दिया और यह आदेश दिया कि वह उसका दूसरा विवाह करा दे। पतोहू ने जब यह कहकर जाने से मना किया कि वह जिंदगी के बाकी दिन उनकी सेवा करके बिताना चाहती है तब भगत ने उसे यह कहकर जाने पर विवश के दिया कि अगर तुम नहीं जाओगी तो मैं कहीं और चला जाऊँगा। आखिरकार पतोहू को विवश होकर जाना पड़ा।

बालगोबिन की मौत भी उनके व्यक्तित्व के अनुरूप ही हुई । वह हर वर्ष गंगा - स्नान करने जाते । करीब तीस कोस पैदल चलकर वह गंगा तक पहुँचते । चार - पाँच दिन का सफर होता था । घर से जो भी खाकर चलते तो फिर घर वापस आकर ही कुछ खाते थे । रास्ते भर खंजड़ी बजाते, गाते, जहाँ प्यास लगती पानी पी लेते । इस बार जब स्नान से लौटे तो तबीयत कुछ  सुस्त हो गयी थोड़ा बुखार भी आने लगा किंतु वह  नेमव्रत तो छोडने वाले नहीं थे । लोगों ने नहाने - धोने को मना करते और आराम करने को कहते, तो हँसकर टाल देते । धीरे-धीरे  शरीर कमजोर होता गया । एक दिन भोर में उनका गीत नहीं सुनाई दिया, जाकर जब देखा तो बालगोबिन नहीं रहे,सिर्फ़ उनका पंजर पड़ा है ।

1-भगत की उम्र कितनी थी ?

1-पचास साल 2-साठ साल

3-सत्तर साल 4-अस्सी साल

2-उनकी वेषभूषा किनके जैसी थी ?

1-लेखक के जैसे 2-आम लोगों जैसे

3-साधु जैसी 4-किसान जैसी

3-भगत क्या किया करते थे ?

1-खेतीबारी 2-कबीर के गीतों को गाना

3-कबीर को आदर्श मानना 4-उपर्युक्त सभी

4-कौन कभी झूठ नहीं बोलते थे ?

1-लेखक 2-गाँव के लोग

3-बालगोबिन भगत 4-उनके साथी

5-भगत को साधु क्यों कहा गया ?

1-क्योंकि वह साधु थे 2-क्योंकि साधु जैसी पोशाक पहनते थे

3-साधु की परिभाषा में खरे उतरते थे 4-इनमें से कोई नहीं

6-बालगोबिन भगत अपनी फसल पहले कहाँ ले जाते थे ?

1-अपने घर में 2-कबीर के दरबार में

3-पड़ोसियों के घर 4- पोखरे पर

7-भगत का बेटा कैसा था ?

1-सुस्त और बोदा-सा 2-बहुत चतुर

3-अच्छा 4-इनमें से कुछ नहीं

8-भगत की बहू कैसी थी ?

1-आलसी 2-सुभग और सुशील

3- कामचोर 4-उपर्युक्त सभी

9-बालगोबिन भगत को क्या अच्छा लगता था ?

1-कबीर के गीत गाना 2-प्रभाती करना

3-गंगा-स्नान करना 4- उक्त सभी

10-अपने बेटे की मृत्यु होने पर वह क्या कर रहे थे?

1-रो रहे थे 2-गंगा-स्नान कर रहे थे

3-गीत गाए जा रहे थे 4-चुप बैठे थे

11-भगत के अनुसार उनके बेटे की आत्मा कहाँ चली गई थी ?

1-दुनिया में 2-परमात्मा के पास

3-पाताल में 4-उक्त सभी में

12-भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी बहू से क्या कहा ?

1-उत्सव मनाने को 2-रोने को

3-चिल्लाने को 4-चुप देखते रहने को

13-भगत ने अपने बेटे का अंतिम संस्कार किससे करवाया ?

1-दूसरे लोगों से 2-लेखक से

3-पतोहू से 4-पतोहू के भाई से

14-श्राद्ध की अवधि पूरी होने पर भगत ने क्या किया ?

1-खेतीबारी किया 2-गंगा-स्नान को गए

3-प्रभाती की 4-पतोहू को उसके भाई के साथ भेज दिया

15-बालगोबिन भगत हर वर्ष कहाँ जाते थे ?

1-खेत में 2-गंगा-स्नान करने

3-पोखर पर 4-कबीर दरबार में

16- भगत के घर से गंगा कितनी दूरी पर थी ?

1-बीस कोस दूर 2-तीस कोस दूर

3-चालीस कोस दूर 4-पचास कोस दूर

17-भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों छोड़ना नहीं चाहती थी ?

1-क्योंकि वह अकेले थे 2-क्योंकि वह अपना ध्यान नहीं रख सकते थे

3-क्योंकि उसे भगत की चिंता थी      4-उपर्युक्त सभी

18-भगत अपनी वेषभूषा से क्या लगते थे ?

1-किसान                    2-साधु

3-गृहस्थ                    4-इनमें से कुछ भी नहीं

19-भगत ने प्रचलित सामाजिक मान्यताओं का खंडन कैसे किया ?

1-गाना गाकर                2-प्रभाती करके

3-पुत्रवधू से दाह-संस्कार करवा कर      4-उक्त सभी

20-भगत ने अपनी पुत्रवधू के भाई को क्या आदेश दिया ?

1-घर जाने का              2-पुत्रवधू की दूसरी शादी कराने का

3-खेती करने का            4-दुबारा न आने का

21-भगत ने अपनी पुत्रवधू के पुनर्विवाह का आदेश देकर समाज को क्या संदेश दिया है ?

1-भक्ति का                2-शक्ति का

3-स्त्री-पुरुष समानता का          4-विवाह का

22-प्रभाती किसे कहते हैं ?

1-सुबह को                    2-शाम को

3-दोपहर को                    4-प्रातःकालीन स्तुतियाँ/प्रार्थना गीत को

23- भगत प्रभाती कब प्रारम्भ करते थे ?

1-सावन में                    2-भादो में

3- कार्तिक में                  3-आश्विन में

24-बालगोबिन भगत की दिनचर्या लोगों के अचरज का कारण क्यों थी ?

1-क्योंकि वह साधू जैसे थे            2-कबीर को साहब मानते थे

3-नियमों का बारीकी से पालन करते थे       4-उपर्युक्त सभी

25-क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द को ------ कहते हैं ।

1-संज्ञा                2-सर्वनाम

3-विशेषण              4-क्रियाविशेषण

26-'वह कपड़े बिलकुल कम पहनते थे' वाक्य में क्रियाविशेषण का भेद पहचानो ।

1-स्थानवाचक क्रियाविशेषण        2-परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

3-कालवाचक क्रियाविशेषण          4-रीतिवाचक क्रियाविशेषण

27-इस पाठ का उद्देश्य ----- है ।

1-सामाजिक चेतना जागृत करना 2-प्रभाती गाना

3-साधु बनना 4-खेती करना

28-'मोह और प्रेम में अंतर होता है' किस घटना से सिद्ध होता है ।

1-भगत के व्यवहार से 2-भगत की बहू के चले जाने से

3-बेटे की मृत्यु पर मातम मनाने की बजाय उत्सव मनाने से 4-इनमें से कोई नहीं

29-भगत का कबीर पर अगाध श्रद्धा का क्या कारण हो सकता है ?

1-कि कबीर के गीत सुंदर थे 2-कि भगत कबीर के मित्र थे

3-कि कबीर साहब थे 4-कि कबीर पंथ के सिद्धान्त श्रेष्ठ रहे होंगे

30-भगत की चारित्रिक विशेषता उन्हें ---दर्शाती है ।

1-गृहस्थ 2-समाज सुधारक

3-गायक 4-कृषक

**उत्तरमाला -**

**पाठ 1- नेताजी का चश्मा**

1-----3-हालदार साहब

2-----3-नेताजी की मूर्ति

3-----1-संगमरमर

4-----2-मोतीलाल

5-----2-चश्मा

6-----3-कैप्टन

7-----2-चश्मेवाला

8-----2-दो

9-----4-हालदार साहब

10-----4-एक देशभक्त का

11-----2-नगरपालिका

12-----1-एक देशभक्त

13-----3-गांधी टोपी

14-----3-नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मूर्ति बनाना

15-----3-कैप्टन मर गया था

16-----4-क्योंकि कैप्टन मर गया था

17-----4-यह सोचकर कि मूर्ति पर चश्मा नहीं होगा

18-----4- सरकंडे का चश्मा

19-----3-देशभक्त

20-----4-क्योंकि अभी भी लोगों में देशभक्ति की भावना है

21-----3-कि वह आज़ाद हिन्द फौज का सिपाही है

22-----2-देशभक्ति की भावना का

23-----4-देशप्रेम

24-----2-दुर

25-----4-कैप्टन

26-----2-प्रत्यय

27-----3-सुभाषचंद्र बोस

28-----4-भावुक

29-----1-ही

30-----3-पान

**पाठ 2- बालगोबिन भगत**

1-----2-साठ साल

2-----3-साधु जैसी

3-----4-उपर्युक्त सभी

4-----3-बालगोबिन भगत

5-----3-साधु की परिभाषा में खरे उतरते थे

6-----2-कबीर के दरबार में

7-----1-सुस्त और बोदा-सा

8-----2-सुभग और सुशील

9-----4- उक्त सभी

10-----3-गीत गाए जा रहे थे

11-----2-परमात्मा के पास

12-----1-उत्सव मनाने को

13-----3-पतोहू से

14-----4-पतोहू को उसके भाई के साथ भेज दिया

15-----2-गंगा-स्नान करने

16-----2-तीस कोस दूर

17-----4-उपर्युक्त सभी

18-----2-साधु

19-----3-पुत्रवधू से दाह-संस्कार करवा कर

20-----2-पुत्रवधू की दूसरी शादी कराने का

21-----3-स्त्री-पुरुष समानता का

22-----4-प्रात:कालीन स्तुतियाँ/प्रार्थना गीत को

23-----3- कार्तिक में

24-----4-उपर्युक्त सभी

25-----4-क्रियाविशेषण

26-----2-परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

27-----1-सामाजिक चेतना जागृत करना

28-----3-बेटे की मृत्यु पर मातम मनाने की बजाय उत्सव मनाने से

29-----4-कि कबीर पंथ के सिद्धान्त श्रेष्ठ रहे होंगे

30-----2-समाज सुधारक

---

## <u>काव्य खंड</u>

1-सूरदास , 2- तुलसीदास (राम –लक्ष्मण परशुराम संवाद )

### <u>सूरदास</u>

### सारांश

सूरदास के इन पदों में सूर ने कृष्ण के प्रति गोपियों के सच्चे प्रेम को प्रकट किया है | जब कृष्ण वृन्दावन को छोड़कर कंस का वध करने के लिए मथुरा चले जाते हैं और वापस नहीं आते

हैं , तो  गोपियों उनके वियोग में व्याकुल हो जाती हैं | कृष्ण को जब यह समाचार मिलता है तब वे अपने ज्ञानी मित्र ऊधो को गोपियों के पास उन्हें समझाने के लिए भेजते हैं , लेकिन ऊधो का सामना जब गोपियों से होता है तब कैसी परिस्थितियाँ उत्पन्न होतीं हैं ? किस तरह गोपियाँ अपने प्रेम को विभिन्न  उपमानों के द्वारा योग की अपेक्षा कृष्ण के प्रति प्रेम को ही महत्त्वपूर्ण मानतीं हैं |

**-1काव्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए –**

हरि हैं राजनीति पढ़ि आए ,
समुझी बात क़हत मधुकर के ,समाचार सब पाए |
इक  अति चतुर हुते पहिलै ही , अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए |
बढ़ी  बुद्धि जानी जो उनकी , जोग संदेश पठाए-|
ऊधो भले लोग आगे के , पर हित डोलत धाए |
अब अपने मन फेर पाइहै , चलत जु हुते चुराए |
ते क्यौं अनीति करै आपुन , जे और अनीति छुड़ाए |
राज धरम तौ यहै सूर , जो प्रजा न जाहि सताए |

1.गोपियाँ श्री कृष्ण से अपना मन वापस क्यों लेना चाहती हैं ?

(1) श्री कृष्ण मथुरा जाकर उन्हें भूल गए हैं
(2) श्रीकृष्ण गोपियों के पास आ गए हैं
(3) श्रीकृष्ण उद्धव  के साथ ही हैं
(4) इनमें से कोई नहीं

2.पद्यांश के आधार पर बताइए कि गोपियाँ व्यंग्यपूर्ण उद्धव को क्या कहती हैं ?

(1) भला  (2)  बुरा  (3) चालाक  (4) अहंकारी

3.किसके संदेश ने गोपियों को अत्यंत पीड़ा पहुँचाई है ?

(1) श्रीकृष्ण के  (2) उद्धव  के  (3) कवि के  (4) ये सभी

4. गोपियों के अनुसार श्रीकृष्ण किस प्रकार उनके साथ अन्याय कर रहें हैं ?

(1) योग का संदेश भेजकर
(2) मथुरा जाकर
परेशान करके(3)
इनमें(4) से कोई नहीं

5.गोपियाँ श्रीकृष्ण  को  किसका कर्तव्य याद दिलाती है ?

(1) राजा के   2 प्रजा के   3उद्धव   ये4 सभी

**उत्तर** श्री कृष्ण मथुरा जाकर उन्हें भूल गए हैं-1-|

-2 बुरा , -3 श्री कृष्ण ,-4 योग का संदेश भेजकर ,-5 राजा के

**--2निम्नलिखित पदयांश को पढ़कर बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

मन की मन ही माँझ रही |
कहिए जाई कौन पै ऊधों ,नाहीं परत कही |
अवधि अधार आस आवन की , तन –मन बिथा सही |
अब इन जोग संदेसनि सुनि सुनि-,बिरहिनि बिरह दही-|
चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तै , उत तै धार बही |
सूरदास अब धीर धरहिं क्यौं ,मरजादा न लहीं |

1- किनकी इच्छा मन में ही रह गई ?

(1) गोपियों की   (2) कृष्ण की   (3) उद्धव की   (4) कवि की

2- गोपियों के जीने का आधार क्या था ?

(1) कृष्ण के आने की आशा   (2) कृष्ण का योग संदेश

(3) मन की अभिलाषा   (4) इनमें से कोई नहीं

-3 गोपियाँ विरह की ज्वाला में क्यों जल रही हैं ?

(1) कृष्ण के योग के संदेश से   (2) उद्धव के संदेश से

(3) कृष्ण के चले जाने से   (4)इनमें से कोई नहीं

-4किसने सभी मर्यादाओं का त्याग कर दिया है ?

(1) उद्धव ने   (2) श्री कृष्ण ने   (3) गोपियों ने   (4) ये सभी

-5सूरदास किसके माध्यम से अपनी बात कह रहें हैं ?

(1) उद्धव के (2) गोपियों के (3) कृष्ण के (4) इनमें से कोई नहीं

उत्तर गोपियों की -1-,-2   श्री कृष्ण के आने की आशा ,

-3कृष्ण के चले जाने से , -4   श्री कृष्ण ने   -5गोपियों के

**-3निम्नलिखित बहुवुकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

1- गोपियों ने हारिल की लकरी शब्द किसके लिए कहा है ?

(1) गोपियों को (2) श्रीकृष्ण को (3) उद्धव को (4) इनमें से कोई नहीं

2- कड़वी –ककड़ी की संज्ञा गोपियों ने किसे दी है ?

(1) उद्धव को (2) योग को (3) हारिल पक्षी को (4) इनमें से कोई नहीं

3- गोपियों ने मन , वचन और कर्म से किसको अपने हृदय में बसाया है ?

(1) उद्धव को (2) स्वयं को (3) श्रीकृष्ण (4) ये सभी

4- गोपियों का योग साधना के प्रति कैसा दृष्टिकोण था ?

(1) सकारात्मक (2) नकारात्मक

(3) द्विकारात्मक (4) इनमें से कोई नहीं

5- गोपियों के अनुसार राजा का परम धर्म क्या होता है ?

(1) प्रजा की सेवा करना (2) प्रजा पर अन्याय करना

(3) प्रजा को नहीं सताना (4) इनमें से कोई नहीं

उत्तर –1-श्री कृष्ण को , 2- योग को, 3-श्री कृष्ण ,

4- नकारात्मक , 5-प्रजा की सेवा करना

## तुलसीदास

## राम –लक्ष्मण परशुराम संवाद

### सारांश

राम लक्ष्मण परशुराम संवाद के रचयिता तुलसी दास जी हैं | यह अवधी भाषा में लिखा गया है | यह प्रसंग रामचरित मानस के बाल कांड से अवतरित है | राजा जनक की यह शर्त थी कि जो भी राजा या राजकुमार शिवजी के धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ा देगा , उससे सीता का विवाह किया जाएगा | राम धनुष को उठाने में सफल होते हैं किन्तु धनुष पर प्रत्यांचा चढ़ाते हुए धनुष टूट जाता है जिसकी ध्वनि सुनकर परशुराम जो स्वयं शिव के शिष्य थे क्रोधित होकर दरबार में पहुँचते हैं और धनुष तोड़ने वाले का नाम पूछते हैं | प्रस्तुत प्रसंग में तुलसीदास जी ने राम की विनम्रता , लक्ष्मण की चंचलता और परशुराम का क्रोध प्रदर्शित किया है |

**1.काव्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए –**

नाथ संभुधनु भंजनिहारा , होहहि केउ एक दास तुम्हारा ||
आयेसु काह कहिए किन मोहि , सुनि रिसाई बोले मुनि कोही ||
सेवकु सो जो करै सेवकाई , अरि करनी करि करिअ लराई ||
सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा , सहस्त्र बाहु सम सो रिपु मोरा ||
सो बिलगाउ बिहाइ समाजा , न त मारे जैहहिं सब राजा ||

1-प्रस्तुत काव्यांश मेँ कोही विशेषण किसके लिए प्रयुक्त किया गया है ?

(1) लक्ष्मण के लिए (2)रामजी के लिए

(3) साधुओं के लिए (4) परशुराम के लिए

2- परशुराम किसके अनन्य भक्त थे ?

(1) शिवजी के (2) रामजी के (3) हनुमान जी के (4) ये सभी

3-श्रीराम ने स्वयं को किसका दास बताया है ?

(1)हनुमान का (2) शिव का (3) परशुराम का (4) इनमें से कोई नहीं

4-परशुराम ने सेवक किसे कहा है ?

(1)सेवा धर्म का पालन करने वाले को (2) लड़ाई करने वाले को

(3)धनुष तोड़ने वाले को (4) इनमें से कोई नहीं

5- परशुराम ने शिव धनुष तोड़ने वाले को किसकी संज्ञा दी है ?

(1)राम की (2) सहस्त्रबाहु की (3) राजा जनक (4) इनमें से कोई नहीं

उत्तर –1- परशुराम के लिए, 2- शिवजी के , 3-परशुराम का , 4- सेवा धर्म का पालन करने वाले को , 5- सहस्त्रबाहु की

1- **निम्नलिखित पदयांश को पढ़कर बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए** -

बिहसि लखनु बोले मृदु बानी | अहो मुनिसु महाभट मानी ‖
पुनि –पुनि मोहि देखाव कुठारू | चहत उड़ावन फूंकि पहारू ‖
इहाँ कुम्हड़बतिआ कोउ नाहीं | जे तरजनी देखि मरि जाहीं ‖
देखि कुठारू सरासन बना | मैं कछु कहा सहित अभिमाना ‖
भृगसुत समुझी जनेउ बिलोकी | जो कुछु कहहु सहौं रिस रोकी ‖

1-लक्ष्मण ने चतुराई पूर्वक अपनी वीरता का परिचय किसे दिया ?

(1)परशुराम को (2) विश्वामित्र को (3) सभा को (4) ये सभी

2-कुम्हड़बतिया किस फल को कहते हैं ?

(1) काशीफल को (2) तरबूज को (3) कुम्हड़े को (4) ये सभी

3-कुम्हड़बतिया शब्द किस के लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(1)कमजोर व्यक्तियों के लिए (2) शक्तिशाली व्यक्तियों के लिए

(3)विद्वान व्यक्तियों के लिए (4) इनमें से कोई नहीं

4-कौन फूँक से ही विशाल पर्वत को उड़ा देना चाहता था ?

(1) लक्ष्मण (2) परशुराम (3) राम (4) विश्वामित्र

5-रघुकुल के व्यक्ति किस पर अपनी वीरता का प्रदर्शन नहीं करते ?

(1)देवता (2)ब्राहमण (3)भगवान के भक्त (4)ये सभी

उत्तर – 1- परशुराम को , 2- कुम्हड़े को , 3-कमजोर व्यक्तियों के लिए ,

4-परशुराम ,  5- ये सभी

**3- निम्नलिखित बहुवुकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखो –**

1-परशुराम ने गाधिसूनु का प्रयोग किसके लिए किया है ?

(1)स्वयं के लिए (2)गुरु वशिष्ठ के लिए

(3)विश्वामित्र के लिए (4)लक्ष्मण के लिए

2-राम –लक्ष्मण परशुराम संवाद मैँ किस रस की प्रमुखता है ?

(1)हास्य (2)करुण (3) शांत रस (4) वीर रस

3-तुलसीदास जी ने रामचरित मानस मैँ किस भाषा का प्रयोग किया है ?

(1)ब्रज भाषा (2)अवधी भाषा (3)खड़ी बोली (4)राजस्थानी

4-लक्ष्मण का यह कथन एक फूँक से पहाड़ उड़ाना – परशुराम के किस गुण को दर्शाता है ?

(1) योद्धा (2)कायर (3)साहसी (4) मूर्खता

5-लक्ष्मण ने परशुराम के किस स्वभाव पर व्यंग्य किया है ?

(1)चाटुकारिता (2)आलसीपन (3)मधुर (4)बड़बोलापन

उत्तर - 1-विश्वामित्र के लिए , 2- वीर रस , 3-अवधी भाषा ,

4- योद्धा , 5- बड़बोला पन

4-निम्नलिखित प्रश्नों के काव्य बोध के आधार पर बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखें

1--श्रीराम परशुराम के किस स्वभाव से परिचित थे ?

(1)-क्रोधी (2)-सरल (3)-अहंकारी (4)दयावान

2-भृगसुत शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(1) लक्ष्मण के (2) परशुराम के (3) विश्वामित्र के (4) श्रीराम के

3-किसकी शालीनता पर परशुराम ने लक्ष्मण को अपने फरसे से नहीं मारा ?

(1) श्रीराम (2) राजा जनक (3) लक्ष्मण (4)विश्वामित्र

4 -विश्वामित्र के अनुसार साधु किसके दोषों को मन मैँ धारण नहीं करते ?

(1) वृद्धों के (2) युवकों के (3) स्त्रियॉ के (4) बालकों के

5 - 'आपके व्यवहार को संसार मैँ कौन नहीं जानता ?' ये शब्द किसने किसके प्रति कहा है ?

(1) राम ने लक्ष्मण के प्रति

(2) लक्ष्मण ने परशुराम के प्रति

(3) जनक ने राम के प्रति

(4) परशुराम ने विश्वामित्र के प्रति –लक्ष्मण ने परशुराम के प्रति

6-परशुराम गुरु के ऋण से कैसे उऋण होना चाहते थे ?

(1) धनुष को जोड़कर (2) ऋण चुकाकर

(3) गुरु की भक्ति करके (4) धनुष तोड़ने वाले का वध करके

7- ‘व्दिजदेवता धरहि के बाढ़े’ शब्द किसने कहे हैं ?

(1)राजा जनक ने (2) लक्ष्मण ने (3) श्रीराम ने (4)सीता ने

8- ‘ हे नाथ ! शिव धनुष को तोड़ने वाला तुम्हारा ही कोई दास होगा |’ - ये शब्द किसने किसको कहें हैं ?

(1) लक्ष्मण ने राम को (2) राम ने परशुराम को

(3) जनक ने परशुराम को (4) हनुमान ने जनक को

9- परशुराम ने ‘सूर्य वंश का कलंक’ किसे कहा है ?

(1) श्रीराम को (2)विश्वामित्र को (3) लक्ष्मण को (4) सीता को

10-‘अहो मुनीसु महाभट मानी’ शब्द किसने कहें हैं ?

(1)राजा जनक ने (2) श्रीराम राम ने (3) विश्वामित्र ने (4) लक्ष्मण ने

11- लक्ष्मण –परशुराम संवाद रामचरितमानस के किस कांड से उद्धृत है ?

(1) बालकांड (2) सुंदरकांड (3)अयोध्या कांड (4)लंका कांड

12-कविता में कायर किसे कहा गया है ?

(1)जो शत्रु को युद्ध में उपस्थित पाकर भी अपने प्रताप की व्यर्थ बातें कराते हैं

(2)जो अपनी वीरता का बढ़ा –चढ़ा कर वर्णन करें

(3)(1) और (2) दोनों

(4) ऊपरोक्त सभी

13-लक्ष्मण के अनुसार एक वीर योद्धा का व्यवहार कैसा होता है ?

(1)वीर अपनी वीरता का बखान अपने मुँह से नहीं करते

(2)धैर्यवान व क्रोध रहित होते हैं

(3)अपशब्द नहीं बोलते

(4)ये सभी

14-परशुराम ने विश्वामित्र से लक्ष्मण की शिकायत कराते हुए क्या कहा ?

(1)यह बालक मंद बुद्धि है

(2)काल के वश में आकर अपना नाश करने वाला

(3) (1)और (2) दोनों (4) पराक्रमी है

15-लक्ष्मण के किस कथन से उनकी निडरता का पता चलता है ?

(1)परशुराम से यह कहना कि बार –बार आवाज लगाकर काल को मेरे लिए बुला रहे हो |

(2) कड़वे कथन बोलने से

(3) अपराध करने से

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर -1- क्रोधी , 2-परशुराम के , 3-श्रीराम , 4-बालकों के , 5- लक्ष्मण ने परशुराम के प्रति, 6-धनुष तोड़ने वाले का वध करके 7-लक्ष्मण ने , 8-राम ने परशुराम को, 9- लक्ष्मण को , 10 –लक्ष्मण , 11-बाल कांड से , 12-(1) और (2) दोनों , 13-ये सभी 14-(1)और (2) दोनों , 15- कडवे कथन बोलने से

*********************************************************************

**आदर्श प्रश्न पत्र**

**प्रथम सत्र 2021 -22**

**विषय -हिंदी** -कोर्स अ कुल अंक-40

**कक्षा–दसवीं**

**निर्देश- सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखें।**

**<u>प्रश्न 1-अपठित गद्यांश व काव्यान्श -</u>**

**<u>प्रश्न1-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प का चयन करें। (5)</u>**

महिला सशक्तिकरण से महिलाएँ आत्मनिर्भर बनती है। जिससे वह अपने जीवन से जुड़े सभी फैसले स्वयं लेती हैं और परिवार व समाज में अपना स्थान बनाती हैं। समाज में उनके वास्तविक अधिकार को प्राप्त करने के लिए उन्हें सक्षम बनाना ही महिला सशक्तिकरण है ।महिला सशक्तिकरण भौतिक, अध्यात्मिक शारीरिक तथा मानसिक स्तर पर महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाने की प्रक्रिया है। महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण में शिक्षा की अहम भूमिका होती है। ग्रामीण महिलाएँ सदियों से घर तथा खेत में पुरुषों के बराबर ही काम करती आई है, लेकिन वहाँ उन्हें सामंती सोच के कारण दूसरे दर्जे का नागरिक ही माना जाता रहा। ग्रामीण समाज की सोच बदलने का वक्त आ गया है। महिलाओं की उन्नति के लिए गाँव में कार्य किया जाना चाहिए । नारी सशक्तिकरण के इस वर्तमान दौर में महिलाएँ केवल आर्थिक रूप से सुदृढ़ ही नहीं हुई अपितु समाज एवं परिवार की सोच में भी सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देने प्रारंभ हो गए हैं। आज महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में स्वयं के बल पर आगे बढ़ रही हैं ।चाहे वह

सामाजिक क्षेत्र हो राजनीति हो, शिक्षा हो, रोजगार हो , सभी क्षेत्रों में महिलाओं ने अपना परचम फहराया है। वर्तमान समय में लोग बेटियों को बोझ समझ कर दुनिया में आने से पहले ही मारे नहीं इसलिए सरकार ने बहुत सारी योजनाओं जैसे लाडली योजना ,बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ, उड़ान आदि योजनाओं की शुरुआत की है ।

**प्रश्न 1-** गद्यांश के आधार पर बताइए कि ग्रामीण महिलाओं को किस तरह का नागरिक माना जाता रहा है?

क पहले दर्जे का　　　　ख दूसरे दर्जे का

ग तीसरे दर्जे का　　　　घ इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 2-** महिलाओं की उन्नति के लिए अब कहाँ कार्य किया जाना चाहिए ?

क शहरों में　　　　ख गांव में

ग नगरों में　　　　घ इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 3-** गद्यांश के आधार पर बताइए कि वर्तमान में महिलाएँ किस के बल पर आगे बढ़ रही हैं?

क पुरुषों के बल पर　　　　ख समाज के बल पर

ग स्वयं के बल पर　　　　घ इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 4-** गद्यांश के आधार पर बताइए कि वर्तमान समय में महिलाओं के लिए सरकार ने कौन-कौन सी योजनाएं चलाई है?

क लाडली योजना　　　　ख उड़ान योजना

ग बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ　　　　घ ये सभी

**प्रश्न 5-**उन्नति' का विलोम शब्द निम्नलिखित में से कौन सा होगा?

क अवनति　　　　ख गिरावट

घ उतनति　　　　घ पतन

<u>प्रश्न 2- निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प का चयन करें।1×5=5अंक</u>

बहुत कठिन है भले- बुरे का ,भेद आज कर पाना।<br>
सहज बोध के गंतव्यों का , दुर्लभ हुआ सुझाना ।<br>
सबके मन में ललक बलवती, ऊपर उठ पाने की।<br>
किंतु बढ़ी है भूख और भी<br>
सब कुछ खा जाने की।

गिरा दूसरों को राहों में ,बढ़ौ दौड मंजिल की ।
रही न किंचित चाह किसी की, साथी को संबल की।
स्वार्थ सिद्धि ही साध्य,
सभी विध कैसे लक्ष्य मिलेगा ।
कब तक जन-मानस विवेक को, यों ही सहज छलेगा।
ऐसे संभव नहीं धरा पर सहज बोध का वर्षण।
तड़पेगी पल-पल मानवता, हो न सकेगा तर्पण।
वैर भाव को त्याग सभी बढ़, सृजन पंथ अपनाएँ।
व्यक्ति दौड़ में फिसल रहे जो,उनको विहँस उठाएँ।

**1-** आज के युग में किस की पहचान करना कठिन है?

1 - मंजिल की 2- लक्ष्य की

3- राह की 4- भले -बुरे का भेद कर पाना

**2-** काव्यांश के आधार पर बताएँ कि मानवता के तड़पते रहने का क्या कारण है ?

1 -स्वार्थपरता 2- मन की इच्छा

3 -जनमानस का विवेक 4- कोई नहीं

**3-** 'गिरा दूसरों को राहों में, बढ़ो दौड़ मंजिल की। ' पंक्ति का क्या आशय है?

1- दूसरों को साथ लेकर बढ़ना 2- दूसरों से मनमुटाव छोड़ कर आगे बढ़ना

3- दूसरों के मार्ग में बाधा उत्पन्न कर स्वयं आगे बढ़ना। 4 -ये सभी

**4-** कवि किस पथ को अपनाने की बात कह रहे हैं ?

1- वैर -भाव का पथ 2 - सृजन का पथ

3- छल कपट का पथ 4- स्वार्थ सिद्धि का पथ

**5-** 'धरा' शब्द का पर्यायवाची निम्नलिखित में से कौन नहीं है?

1- वसुधा 2 -धरती 3- अंबर 4-पृथ्वी

<u>प्रश्न 2- **व्यावहारिक व्याकरण**</u> -

1- **<u>निम्न लिखित में निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -</u>** (4)

(1)-ऐसा व्यवहार न करो कि हमें आपको रोकना पड़े |

(वाक्य का प्रकार बताइए )

1-सरल वाक्य 2-मिश्र वाक्य 3-संयुक्त वाक्य 4-इनमें से कोई नहीं

(2)-निम्न लिखित वाक्य में से संयुक्त वाक्य छाँटिए-

1-शहर में बाढ़ आई और तबाही मच गई

2-जैसे ही बाढ़ आई वैसे ही तबाही मच गई

3-जब बाढ़ आती है तब तबाही मच जाती है

4-इनमें से कोई नहीं

(3)-मैंने एक गोरे व्यक्ति को देखा |(मिश्रित वाक्य में परिवर्तित करें )

1-मैंने एक व्यक्ति देखा जो बहुत गोरा था |

2-मेरे द्‌वारा एक व्यक्ति देखा गया जो बहुत गोरा था |

3-मुझसे एक व्यक्ति देखा गया जो बहुत गोरा था

4-ये सभी

(4)-सुनकर सब हताश हो गए और झुंझलाने लगे |( सरल वाक्य में परिवर्तित करें )-

1-जैसे ही सबने सुना वैसे ही सब झुंझलाने लगे |

2-जब सब सुनते हैं तो हताश होकर झुंझलाने लगते हैं |

3-लोकप्रिय होने पर सम्मान किया जाता है |

4-ये सभी

2- निर्देशानुसार उत्तर दीजिए _ (4)

(1)-वह दिन में कार्य नहीं करता | (कर्मवाच्य में परिवर्तित करें )

1-उसके द्‌वारा दिन में कार्य नहीं किया जाता है |

2-वह दिन में कार्य नहीं करेगा |

3-वह दिन में कार्य कर सकता है |

4-ये सभी

(2)-राधा के द्‌वारा बच्चों को भोजन दिया गया | ( कर्तृ वाच्य में परिवर्तित कीजिए ) _

1-राधा ने बच्चों को भोजन दिया |

2-राधा से बच्चों को भोजन दिया गया |

3-राधा बच्चों को भोजन दे सकती है |

4-इनमें से कोई नहीं |

(3)-भाव वाच्य वाला वाक्य है -

1-उसके द्‌वारा चुपचाप बैठा नहीं जाता |

2-उससे चुपचाप नहीं बैठा जाता |

3-वह चुपचाप नहीं बैठ पाएगा |

4-ये सभी |

(4)-मैंने खाना खाया | (कर्मवाच्य में परिवर्तित कीजिए )

1-मेरे द्वारा खाना खाया गया |

2-मेरे से खाना खाया जा रहा है |

3-मैं खाना खाऊँगा |

4-इनमें से कोई नहीं

3-निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों का पद -परिचय लिखें _( 4 )

(1)- हम देश पर सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार हो **जाते हैं** |

1-अकर्मक क्रिया ,पुल्लिंग,बहूवचन,कर्तृवाच्य

2- सकर्मक क्रिया पुल्लिंग,बहुवचन,कर्तृवाच्य

3- द्विकर्मक क्रिया ,पुल्लिंग,बहुवचन ,कर्तृवाच्य

4- सकर्मक क्रिया पुल्लिंग,बहुवचन,कर्म वाच्य

(2) रजनी **मधुर** गीत गाती है |

1-गुणवाचक विशेषण , स्त्रीलिंग एकवचन, विशेष्य गीत

2- गुणवाचक विशेषण , पुल्लिंग, एकवचन, विशेष्य गीत

3-सार्वनामिक विशेषण , स्त्रीलिंग बहुवचन, विशेष्य गीत

4- सार्वनामिक विशेषण , स्त्रीलिंग एकवचन, विशेष्य गीत

(3)-**निरंतर** कार्य से ही सफलता मिलती है ?

1- काल वाचक क्रिया विशेषण , कर्म कारक , मिलती है क्रिया का विशेषण

2- काल वाचक क्रिया विशेषण , कर्ता कारक , मिलती है क्रिया का विशेषण

3- काल वाचक क्रिया विशेषण , कर्ता कारक , सफलता क्रिया का विशेषण

4- उपरोक्त में से कोई नहीं

(4)- वह नित्य कार्यालय जाता है |

1-कालवाचक क्रिया विशेषण , पुल्लिंग ,एकवचन ,जाना क्रिया की विशेषता |

2-स्थानवाचक क्रिया विशेषण , पुल्लिंग ,एकवचन ,जाना क्रिया की विशेषता |

3-कालवाचक क्रिया विशेषण , स्त्रीलिंग ,एकवचन ,जाना क्रिया की विशेषता |

4-उपरोक्त में से कोई नहीं

4-निर्देशानुसार उत्तर दीजिए _ (4)

1-प्रस्तुत पंक्तियों मे निहित रस बताइए -

क़हत ,नटत,रिझत, खिझत , मिलत ,खिलत ,लजियात |

भरे भौन में करत हैं , नैनन ही सब बात |

1-संयोग श्रंगार रस 2- भक्ति रस

3 हास्य रस 4- इनमें से कोई नहीं

(2)-भय किस रस का स्थायी भाव है ?

1-भयानक रस 2-करुण रस 3-वात्सल्य रस 4- ये सभी

(3)-निर्वेद किस रस का स्थायी भाव है _

1-रौद्र 2- हास्य 3-शांत 4- रति

(4)- भक्ति रस का स्थायी भाव है ?

1- हास्य 2- श्रंगार 3-भगवद -रति 4- रौद्र

**<u>प्रश्न -3- पाठ्य -पुस्तक से _ -</u>**

**1- <u>गद्य खंड से -</u>**

1-निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर प्रश्नों के उचित विकल्पों का चयन कीजिए - (5)

हालदार साहब को पानवाले द्वारा एक देश भक्त का इस तरह मज़ाक उड़ाया जाना अच्छा नहीं लगा | एक बेहद बूढ़ा मरियल -सा लँगड़ा आदमी सिर पर गांधी टोपी और आँखों मेन चश्मा लगाए , एक हाथ में एक छोटी-सी संदूकची और दूसरे हाथ में एक बाँस पर टंगे हुए बहुत -से चश्मे लिए अभी -अभी एक गली से निकाला था और अब एक बंद दुकान के सहारे अपना बाँस टिका रहा था तो इस बेचारे की दुकान भी नहीं ! फेरी लगाता है | हालदार साहब चक्कर में पड़ गए , पूछना चाहते थे ,इसे कैप्टन क्यों कहते हैं ? क्या यही इसका वास्तविक नाम है ? लेकिन पानवाले ने साफ बता दिया था की अब वह इस बारे में और बात करने को तैयार नहीं |

(1)- प्रस्तुत गद्यांश में देश भक्त किसे कहा गया है ?

1-हालदार साहब को 2- कैप्टन चश्मे वाले को

3-सामान्य आदमी को 4- इनमें से कोई नहीं

(2)- प्रस्तुत गदयांश के आधार पर बताइए कि हालदार साहब किसे देखकर आश्चर्य चकित हो गए ?

1-मूर्ति को 2-पानवाले को

3- कैप्टन चश्मे वाले को 4- इनमें से कोई नहीं

(3)- कैप्टन देखने में कैसा था ?

1-बेहद बूढ़ा 2-मरियल -सा 3-लँगड़ा 4-ये सभी

(4)- देश भक्त अपना जीवन किसे समर्पित करते हैं ?

1- देश को 2- ईश्वर को 3- कस्बे को 4-इनमें से कोई नहीं

(5)- प्रस्तुत गदयांश के पाठ तथा लेखक का नाम बताएँ ?

1- बाल गोबिन भगत (रामवृक्ष बेनीपुरी )

2-लखनवी अंदाज (यशपाल )

3-मानवीय करुणा की दिव्य चमक (सर्वेश्वर दयाल सक्सेना )

4-नेताजी का चश्मा(स्वयं प्रकाश )

<u>प्रश्न-3-निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें|(1×2=2)</u>

**1-** बाल गोबिन भगत की संगीत साधना का उत्कर्ष किस दिन देखा गया ?

(1) जिस दिन खेत सूख गए (2) जिस दिन उनके पुत्र की मृत्यु हुई

(3) पतोहू के भाई के घर आने पर (4) इनमें से कोई नहीं

**2-** नेताजी का चश्मा पाठ के आधार पर बताइए की लेखक ने मूर्ति के बनाने में होने वाली देरी के लिए किस पर कटाक्ष किया ?

(1) शासन व्यवस्था पर (2) कैप्टन पर

(3) पानवाले पर 4) इनमें से कोई नहीं

**3-** भगत जी ने श्राद्ध की अवधि पूरी होने पर बहू को क्या आदेश दिया ?

(1) दूसरा विवाह करने का (2) उनकी सेवा करने का

(3) सामाजिक सेवा करने का (4) इनमें से कोई नहीं

<u>**2-काव्य खंड से -**</u>

हमारे हरि हारिल की लकरी
मन क्रम बचन नन्द -नन्दन उर ,यह दृढ़ करी पकरी |
जागत सोवत स्वप्न दिवस -निसी , कान्ह -कान्ह जकरी |
सुनत जोग लागत है ऐसौ , ज्यौं करुई ककरी |
सु तौ ब्याधि हमकौ लै आए , देखी सुनी न करी |
यह तौ सूर तिनहिं लै सौपौं , जिनके मन चकरी |

1-निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें – (5)|

1- हारिल की लकरी किसे कहा गया है ?

(1)गोपियों को (2) श्री कृष्ण को

(3) उद्धव को (4) इनमें से कोई नहीं

2- गोपियों को उद्धव द्वारा लाया गया संदेश किसके समान लगता है ?

(1)-हारिल पक्षी के (2) कड़वी ककड़ी के

(3)-उद्धव के (4) इनमें से कोई नहीं

3-तिनहिं लै सौंपों- पंक्ति मेँ किसकी ओर संकेत किया गया है ?

(1) जिनके मन चकरी के समान चंचल हैं (2) जिनका मन स्थिर है

(3)जो योग का संदेश देते हैं (4)इनमें से कोई नहीं

4- गोपियों ने मन ,वचन और कर्म से किसको अपने ह्रदय मेँ बसाया है ?

(1) उद्धव को (2) स्वयं को

(3) श्री कृष्ण को (4) ये सभी

5-गोपियों ने अपने मन को कैसा बताया है ?

(1) चंचल (2) अस्थिर

(3) स्थिर (4) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न **2**-निम्न लिखित प्रश्नों के (कविता )उत्तर लिखें कोई 2 **-(**2)

1- परशुराम जी अज्ञानियों की भांति किसके प्रभाव को समझ नहीं पा रहें हैं ?

(1) विश्वामित्र के (2) राम -लक्ष्मण के

(3) राजा जनक के (4) इनमें से कोई नहीं

2- लक्ष्मण ने शिव धनुष की तुलना किससे की है ?

(1) हाथ के बने धनुषों से (2) बचपन मेँ खेले गए धनुषों से

(3) नकली धनुषों से (4)इनमें से कोई नहीं

3- गोपियों के जीने का आधार क्या था ?

(1) कृष्ण के आने की आशा (2) कृष्ण का योग संदेश

(3) मन की अभिलाषा

=====================================================

**उत्तर माला -**

**प्रश्न1-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प का चयन करें। (5)**

**1-**1-दूसरे दर्जे का 2-गाँव मेँ 3-स्वयं के बल पर 4- ये सभी 5-अवनति

प्रश्न 2-निम्नलिखित अपठित काव्यान्श को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प का चयन करें ।1×5=5 अंक

-1-1भले -बुरे का भेद कर पाना -2स्वार्थपरता -3दूसरों के मार्ग में बाधा उत्पन्न कर स्वयं बढ़ाना -4सृजन का पथ -5अंबर

प्रश्न 2- **व्यावहारिक व्याकरण** -

**1-निम्न लिखित में निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -** (4)

1-मिश्र वाक्य

2-शहर में बाढ़ आई और तबाही मच गई |

3-मैंने एक व्यक्ति देखा जो बहुत गोरा था |

4-सुनते ही सभी हताश होकर झुंझलाने लगे

2-निर्देशानुसार उत्तर दीजिए _ (4)

1-उसके द्वारा दिन में कार्य नहीं किया जाता है |

2-राधा ने बच्चों को भोजन दिया |

3-उससे चुपचाप नहीं बैठा जाता |

4-मेरे द्वारा खाना खाया गया |

3-निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों का पद -परिचय लिखें _( 4 )

1-सकर्मक क्रिया ,पुल्लिंग ,बहुवचन , कर्तृ वाच्य

2-गुण वाचक विशेषण ,स्त्री लिंग ,एक वचन, विशेष्य गीत

3-काल वाचक क्रिया विशेषण , करता कारक , मिलती है -क्रिया का विशेषण

4-काल वाचक क्रिया विशेषण ,पुल्लिंग एक वचन जाना क्रिया की विशेषता

4-निर्देशानुसार उत्तर दीजिए _ (4)

1-संयोग श्रंगार रस 2-भयानक 3- वीभत्स 4-भगवद -रति

**प्रश्न -3- पाठ्य -पुस्तक से _ -**

**1-गद्य खंड से -**

1-निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर प्रश्नों के उचित विकल्पों का चयन कीजिए - (5)

1-कैप्टन चश्मे वाले को 2-कैप्टन चश्मे वाले को 3-ये सभी 4-देश को 5-नेताजी का चश्मा (स्वयं प्रकाश )

प्रश्न-2 -निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें।(1×2=2)

1-जिस दिन उनके पुत्र की मृत्यु हुई 2-शासन व्यवस्था पर 3- दूसरा विवाह करने का

**2-काव्य खंड से -**

1-निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें - (5)

उत्तर -1-श्री कृष्ण को -2कड़वी ककड़ी के -3जिनके मन चकरी के समान चंचल हैं -4श्री कृष्ण को -5स्थिर

**प्रश्न** 2 -**निम्न लिखित** प्रश्नों **के (कविता )उत्तर लिखें कोई 2 -(2)**

1- राम -लक्ष्मण 2-बचपन में खेले गए धनुषों से 3-कृष्ण के आने की आशा

**********************************************************************

**आदर्श प्रश्न पत्र**

**प्रथम सत्र** 2021 -22

**विषय -हिंदी** -कोर्स अ कुल अंक-40

**कक्षा–दसवीं**

**निर्देश- सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखें।**

**प्रश्न 1-अपठित गद्यांश व काव्यान्श -**

**प्रश्न1-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प का चयन करें। (5)**

गांधीजी ने दक्षिण अफ्रीका में प्रवासी भारतीयों को मानव मात्र की समानता और स्वतंत्रता के-प्रति जागरुक बनाने का प्रयत्न किया। इसी के साथ उन्होंने भारतीयों के नैतिक पक्ष को जगाने और सुसंस्कृत बनाने के प्रयत्न भी किए। गांधी जी ने ऐसा क्यों किया? इसलिए कि वे मानव- मानव केबीच कालेगोरे-, या ऊँच नीच का भेद ही मिटाना-पर्याप्त नहीं समझते थे, वरन उनके बीच एक मानवीय स्वभाविक स्नेह और हार्दिक सहयोग का संबंध भी स्थापित करना चाहते थे। इसके बाद जब वे भारत आए, तब उन्होंने इस प्रयोग को एक बड़ा और व्यापक रुप दिया विदेशी शासन के अन्यायअनीति के विरोध में उन्होंने जितना बड़ा सामूहिक प्रतिरोध संगठित किया-, उसकी मिसाल संसार के इतिहास में अन्यत्र नहीं मिलती। पर इसमें उन्होंने सबसे बड़ा ध्यान इस बात का रखा कि इस प्रतिरोध में कहीं भी कटुता, प्रतिशोध की भावना अथवा कोई भी ऐसी अनैतिक बात न हो जिसके लिए विश्व मंच पर भारत का माथा नीचा हो। ऐसा गांधी जी ने इसलिए किया-क्योंकि वे मानते थे कि बंधुत्व, मैत्री, सदभावना , स्नेह सौहार्द आदि गुण मानवता रूप टहनी के-ऐसे पुष्प हैं जो सर्वदा सुगंधित रहते हैं।

**1. अफ्रीका में प्रवासी भारतीयों के पीड़ित होने का क्या कारण था?**

1निर्धनता धनिकता पर आधारित भेदभाव

2रंग-भेद और सामाजिक स्तर से संबंधित भेदभाव

3धार्मिक भिन्ता पर आश्रित भेदभाव

4मुटाव-विदेशी होने से उत्पन्न मन

**2. गांधी जी अफ्रीकावासियों और भारतीय प्रवासियों के मध्य क्या स्थापित करना चाहते थे?**

1सहज प्रेम एवं सहयोग की भावना

2पारिवारिक अपनत्व की भावना

3अहिंसा एवं सत्य के प्रति लगाव

4विश्वबंधुत्व की भावना

**3. भारत में गांधीजी का विदेशी शासन का प्रतिरोध किस पर आधारित था?**

1संगठन की भावना पर

2नैतिक मान्यताओं पर

3 राष्ट्रीयता के विचारों पर

4शांति की सदभावना पर

**4. बंधुत्व, मैत्री आदि गुणों की पुष्पों के साथ तुलना आधारित है –**

1उनकी सुंदरता पर

2उनकी कोमलता पर

3उनके अपनत्व पर

4उनके कायिक प्रभाव पर

**5. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?**

1अफ्रीका में गांधी जी

2प्रवासी भारतीय और गांधी जी

3गांधी जी की नैतिकता

4गांधी जी और विदेशी शासन

<u>प्रश्न 2-निम्नलिखित अपठित काव्यान्श  को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प का चयन करें ।1×5=5 अंक</u>

ऐसा है आवेश देश में जिसका पार नहीं।
देखा माता का ऐसा रक्तिम श्रृंगार नहीं।
कंठ-कंठ में गान उमड़ते माँ के वंदन के।
कंठ-कंठ में गान उमड़ते माँ के अर्चन के।
शीश-शीश में भाव उमड़ते माँ पर अर्पण के।
प्राण-प्राण में भाव उमड़ते शोणित तर्पण के।

जीवन की धारा में देखी ऐसी धार नहीं।
सत्य अहिंसा का व्रत अपना कोई पाप नहीं।
विश्व मैत्री का व्रत भी कोई अभिशाप नहीं।
यही सत्य है सदा असत की टिकती चाप नहीं।
सावधान हिंसक! प्रतिहिंसा की कोई माप नहीं।
कोई भी प्रस्ताव पराजय का स्वीकार नहीं।
ऐसा है आवेश देश में जिसका पार नहीं।

**1- उपरोक्त पद्यांश में किसके आवेश' का उल्लेख हुआ है?**

(1) माता के

(2) देश के

(3) शत्रु के

(4) इनमें से कोई नहीं

**2- कवि के मतानुसार असत्य है**

(1) स्थायी

(2) व्रत

(3) अभिशाप

(4) अस्थायी

**3- 'रक्ति श्रृंगार' का अर्थ है**

(1) वीर सपूतों का रक्त बलिदान करना

(2) रक्त बहाना

(3) शत्रु का खून बहाना ।

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**4- 'शोणित तर्पण' का अर्थ है**

(1) खून बहाकर आक्रमणकारी के पितरों का श्राद्ध करना

(2) शत्रु का शोषण करना

(3) दुखी होकर श्राद्ध करना

(4) वीर सपूतों का रक्त बलिदान करना

**(5)- पद्यांश में 'माता' का प्रतीक है–**

(1) देवी की

(2) विश्वमैत्री की

(3) सत्य-अहिंसा की

(4) राष्ट्र (देश) की

प्रश्न 2- **व्यावहारिक व्याकरण** -

5- **निम्नलिखित में निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -** (4)

(1)-घायल सैनिक ने उठकर शस्त्र उठा लिए |(-संयुक्त वाक्य में परिवर्तित करें)

1-घायल सैनिक उठा और उसने शस्त्र उठा लिए |

2-जैसे ही घायल सैनिक उठा उसने शस्त्र उठा लिए |

3-सैनिक घायल हुआ और शस्त्र उठा लिए |

4-इनमें से कोई नहीं

(2)-मयंक सुंदर और हँसमुख है |( रचना की दृष्टि से वाक्य भेद बताएँ)

1-संयुक्त वाक्य 2-मिश्र वाक्य 3-सरल वाक्य 4-ये सभी

(3)-मैंने एक दुबले पतले व्यक्ति को देखा |(मिश्रित वाक्य में परिवर्तित करें )

1-मैंने एक ऐसा व्यक्ति देखा जो दुबला -पतला था |

2-एक दुबला -पतला व्यक्ति था जिसे मैंने देखा |

3-मेरे द्वारा एक दुबले -पतले व्यक्ति को देखा गया |

4-ये सभी

(4)-निम्न लिखित में सरल वाक्य का चयन कीजिए -

1-जो लोक प्रिय होता है उसका सम्मान होता है |

2-लोक प्रिय लेखक का सम्मान सभी करते हैं |

3-लोकप्रिय होने पर सम्मान किया जाता है |

4-ये सभी

6- निर्देशानुसार उत्तर दीजिए _ (4)

(1)-मंत्री जी सभी का स्वागत कर रहे थे | (कर्तृवाच्य में परिवर्तित करें )

1-मंत्री जी ने सभी का स्वागत किया |

2-मंत्री जी से सभी का स्वागत कराया गया |

3-मंत्री जी द्वारा सभी का स्वागत हुआ |

4-ये सभी

(2)- निम्न लिखित में कर्म वाच्य का सही विकल्प नहीं हैं _

1-राष्ट्रपति द्वारा भाषण दिया गया |

2-ललित द्वारा स्मारक का निर्माण कराया जाएगा |

3-राम से गाया नहीं जाता है |

4-पक्षी रात में सोते हैं |

(3)-आओ ,नौका विहार कर लें | (भाव वाच्य में परिवर्तित कीजिए )

1-आओ , नौका विहार किया जा सके |

2-आओ , नौका विहार किया जाए |

3-आकार नौका विहार करें |

4-ये सभी |

(4)-दिनेश से अब उठा नहीं जा रहा है | (वाच्य का प्रकार बताइए )

1-कर्तृ वाच्य 2-कर्म वाच्य 3- भाव वाच्य 4-इनमें से कोई नहीं

3-निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों का पद -परिचय लिखें _( 4 )

(1)- मुझे आम नहीं मिला |

1-सकर्मक क्रिया ,पुल्लिंग,एकवचन 2- अकर्मक क्रिया पुल्लिंग,एकवचन

7- अकर्मक क्रिया ,पुल्लिंग,बहुवचन 4- सकर्मक क्रिया पुल्लिंग,बहुवचन

(2)-**सोहन** इसी घर में रहता है |

1-व्यक्तिवाचक संज्ञा , पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

2- व्यक्तिवाचक संज्ञा , पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक

3-जातिवाचक संज्ञा , पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

8- इनमें से कोई नहीं

(3)-**घर** में कौन रहता है ?

1- व्यक्तिवाचक संज्ञा , पुल्लिंग, एकवचन, अधिकरण कारक

2- जातिवाचक संज्ञा , पुल्लिंग, एकवचन, अधिकरण कारक

3- व्यक्तिवाचक संज्ञा , पुल्लिंग, एकवचन, संप्रदान कारक

4-जातिवाचक संज्ञा , स्त्रीलिंग , एकवचन, अधिकरण कारक

(4)- सत्य की **सदैव** जीत होती है |

1-स्थानवाचक क्रिया विशेषण , होती है , क्रिया के काल का बोधक

2-परिमाणवाचक क्रिया विशेषण , होती है , क्रिया के काल का बोधक

3-कालवाचक क्रिया विशेषण , होती है , क्रिया के काल का बोधक

4-उपरोक्त में से कोई नहीं

4-निर्देशानुसार उत्तर दीजिए _ (4)

(1)-अद्भुत रस का स्थायी भाव है |

1-विस्मय 2- रति 3 -हास्य 4- इनमें से कोई नहीं

(2)-'अंतरिक्ष में हुआ रुद्र हुंकार भयानक हलचल थी |

अरे आत्मजा प्रज्ञा पाप की परिभाषा बन शाप उठी |"(निहित रस बताइए )

1-भयानक रस 2-करुण रस 3-वात्सल्य रस 4- ये सभी

(3)-वात्सल्य रस का स्थायी भाव है _

1-रौद्र 2- हास्य 3-वत्सल 4- रति

(4)- 'लज्जा ' किस रस का संचारी भाव है ?

1- हास्य 2- श्रंगार 3-करुण 4- रौद्र

**<u>प्रश्न -3- पाठ्य -पुस्तक से _ -</u>**

**2- <u>गद्य खंड से -</u>**

1- निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर प्रश्नों के उचित विकल्पों का चयन कीजिए - (5)

कार्तिक आया नहीं कि बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ शुरू हुईं , जो फागुन तक चला करतीं | इन दिनों वह सबेरे ही उठते | न जाने किस वक़्त जगकर वह नदी -स्नान को जाते -गाँव से दो मील दूर | वहाँ से नहा -धोकर लौटते और गाँव के बाहर ही , पोखरे के ऊँचे भिड़े पर , अपनी खंजड़ी लेकर जा बैठते और गाने टेरने लगते | मैं शुरू से ही देर तक सोने वाला हूँ , किन्तु माघ की उस दाँत किटकिटाने वाली भोर में भी , उनका संगीत मुझे पोखरे पर ले गया था | अभी आसमान के तारे बुझे नहीं थे | हाँ ,पूरब में लोही लग गई थी , जिसकी लालिमा को शुक्र तारा और बढ़ा रहा था | खेत , बगीचा ,घर -सब पर कुहासा छा रहा था | सारा
वातावरण अजीब रहस्य से आवृत मालूम पड़ता था | उस रहस्यमय वातावरण में एक कुश की चटाई पर पूरब मुँह , काली कमली ओढ़े , बालगोबिन भगत अपनी खंजड़ी लिए बैठे थे | उनके मुँह से शब्दों का ताँता लगा था , उनकी उँगलियाँ खंजड़ी पर लगातार चल रहीं थीं |

(1)-बाल गोबिन भगत की प्रभातियाँ कब आरंभ हो जातीं थीं ?

1- फागुन महीने में 2-कार्तिक माह में 3- चैत्र में 4- इनमें से कोई नहीं

(2)-वातावरण को रहस्यमयी क्यों कहा गया ?

1-कोहरे की ओट में स्पष्ट दिखाई न देने के कारण 2-स्पष्ट रूप से दिखाई देने के कारण

3-कंपकंपी सर्दी के कारण 4- इनामे से कोई नहीं

(3)- रहस्मयी वातावरण में बाल गोबिन भगत क्या कर रहे थे ?

1-कुश की चटाई पर बैठे थे 2-काली कमली ओढ़ी थी

3-पूरब दिशा की ओर मुँह करके गा रहे थे 4-ये सभी

(4)- प्रभाती कब तक चलती थी ?

1-कार्तिक मास तक 2-फागुन तक 3-चैत्र मास तक 4-इनमें से कोई नहीं

(5)- 'मैं जाड़े से कंप कंपा रहा था '_ मैं शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

1- लेखक के लिए 2- बालगोबिन भगत के लिए 3- पतोहू के लिए 4- इनमें से कोई नहीं

<u>प्रश्न-3-निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें।(1×2=2)</u>

**4-** नेताजी की मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा किसने लगाया होगा?

(1) पानवाले ने (2) लेखक ने (3) हवलदार ने (4) किसी बच्चे ने

**5-** हालदार का स्वभाव कैसा था?

(1) सनकी (2) पागल (3) भावुक (4) देशभक्त

**6-** भगत जी की बहू उन्हें छोड़कर क्यों नहीं जाना चाहती थी?

(1) सामाजिक मर्यादा के कारण (2) संपत्ति के लोभ में

(3) पति से प्यार होने के कारण (4) ससुर की चिंता के कारण

**<u>2-काव्य खंड से -</u>**

1-निम्नलिखित को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें - (5)

मन की मन ही माँझ रही |
कहिए जाई कौन पै ऊधों ,नाहीं परत कही |
अवधि अधार आस आवन की , तन –मन बिथा सही |
अब इन जोग संदेसनि सुनि सुनि-,बिरहिनि-बिरह दही |
चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तै , उत तै धार बही |
सूरदास अब धीर धरहिं क्यौं ,मरजादा न लहीं |

1- किनकी इच्छा मन में ही रह गई ?

(1) गोपियों की (2) कृष्ण की (3) उद्धव की (4) कवि की

2-गोपियों के जीने का आधार क्या था ?

(1) कृष्ण के आने की आशा (2) कृष्ण का योग संदेश

(3) मन की अभिलाषा (4) इनमें से कोई नहीं

3- गोपियाँ विरह की ज्वाला में क्यों जल रही हैं ?

(1) कृष्ण के योग के संदेश से (2) उद्धव के संदेश से

(3) कृष्ण के चले जाने से (4) इनमें से कोई नहीं

4- किसने सभी मर्यादाओं का त्याग कर दिया है ?

(1)उद्धव ने (2) श्री कृष्ण ने (3) गोपियों ने (4) ये सभी

5-सूरदास किसके माध्यम से अपनी बात कह रहें हैं ?

(1)उद्धव के (2) गोपियों के (3) कृष्ण के (4) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-1- गोपियों की , 2-श्री कृष्ण के आने की आशा ,

3-कृष्ण के चले जाने से , 4- श्री कृष्ण ने 5- गोपियों के

प्रश्न 2 –निम्न लिखित प्रश्नों के (कविता )उत्तर लिखें कोई 2 –(2)

1- कृष्ण की संगति में रहकर भी कौन उनके प्रेम से अछूते रहे हैं?

(1) उद्धव (2) गोपियाँ (3) राधा (4) इनमें से कोई नहीं

2- गोपियों को अकेला छोड़कर कृष्ण कहाँ चले गए थे?

(1) ब्रज (2) द्वार का (3) मथुरा (4) वृन्दावन

3- सहस्रबाहु की भुजाओं को किसने काट डाला था?

(1) लक्ष्मण ने (2) परशुराम ने (3) विष्णु ने (4) शिव ने

==========================================================

**उत्तर माला -**

प्रश्न1-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प का चयन करें। (5)

1-2) रंग-भेद और सामाजिक स्तर से संबंधित भेदभाव 2-1) सहज प्रेम एवं सहयोग की भावना3-2) नैतिक मान्यताओं पर 4-3) उनके अपनत्व पर 5-3) गांधी जी की नैतिकता

प्रश्न 2-निम्नलिखित अपठित काव्यान्श को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प का चयन करें ।1×5=5 अंक

1-देशके, 2-अभिशाप ,3-(1) वीर सपूतों का रक्त बलिदान करना, 4-(4) वीर सपूतों का रक्त बलिदान करना 5 -(4) राष्ट्र (देश) की

प्रश्न 2- व्यावहारिक व्याकरण -

1-निम्न लिखित में निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - (4)

1-1-घायल सैनिक उठा और उसने शस्त्र उठा लिए | 2-1-संयुक्त वाक्य 3-1-मैंने एक ऐसा व्यक्ति देखा जो दुबला -पतला था | 4-2-लोक प्रिय लेखक का सम्मान सभी करते हैं |

2-निर्देशानुसार उत्तर दीजिए _ (4)

1-1-मंत्री जी ने सभी का स्वागत किया | 2-3-राम से गाया नहीं जाता है | 3-2-आओ , नौका विहार किया जाए | 4- भाव वाच्य

3-निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों का पद -परिचय लिखें _( 4 )

1- सकर्मक क्रिया ,पुल्लिंग,एकवचन 2 व्यक्तिवाचक संज्ञा , पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक 3- जातिवाचक संज्ञा , पुल्लिंग, एकवचन, अधिकरण कारक 4- कालवाचक क्रिया विशेषण , होती है , क्रिया के काल का बोधक

4-निर्देशानुसार उत्तर दीजिए _ (4)

1-विस्मय 2- भयानक 3- वत्सल 4- श्रंगार

प्रश्न -3- पाठ्य -पुस्तक से _ -

1-गद्य खंड से -

1-निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर प्रश्नों के उचित विकल्पों का चयन कीजिए - (5)

1-कार्तिक माह में 2-कोहरे की ओट में स्पष्ट ण दिखाई देने के कारण 3- ये सभी 4- फागुन मास तक 5- लेखक के लिए

प्रश्न-2 -निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें।(1×2=2)

1-किसी बच्चे ने 2- देश भक्त 3- ससुर की चिंता के कारण

2-काव्य खंड से -

1-निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें - (5)

उत्तर-1- गोपियों की , 2-श्री कृष्ण के आने की आशा , 3-कृष्ण के चले जाने से , 4-श्री कृष्ण ने 5- गोपियों के

प्रश्न 2 -निम्न लिखित प्रश्नों के (कविता )उत्तर लिखें कोई 2 -(2)

1-उद्धव 2- मथुरा 3- परशुराम ने

=====================================================

## आदर्श प्रश्न पत्र

## प्रथम सत्र 2021 -22

**प्रश्न .1गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -:**

| | |
|---|---|
| **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -:** 1914 तक देश का औद्योगिक विकास बेहद धीमा रहा और साम्राज्यवादी शोषण अत्यंत तीव्र हो गया \| गांव की अर्थव्यवस्था पंगु हो गई \| सबसे अधिक बुरा प्रभाव कारीगरों, हरिजनों और छोटे किसानों पर पड़ा \| ग्रामीण जन साम्राज्य और उसके भारतीय एजेंट जमीदारों के दोहरे शोषण की चक्की में पिस रहे थे । ब्रिटिश काल में सूदखोर महाजनों का एक ऐसा वर्ग पैदा हुआ, जिनसे एक बार कर्ज लेने पर गांव के किसान जीवन-भर गुलामी का पट्टा पहनने पर मजबूर हो जाते थे । उनके हिसाब से सूद का भुगतान करने में असमर्थ किसान महाजनों को | **5x1=5** |

| | |
|---|---|
| खेत बेचने पर मजबूर होकर अपनी जमीन पर ही मजदूर होता गया । इस प्रकार देश में एक ओर तो बड़े किसानों की संख्या बढ़ी, दूसरी ओर जमीन जोतने वाला किसान भूस्वामित्व के अधिकार से वंचित होकर खेतिहर मजदूर होने लगा । भुखमरी से बचने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण बड़े पैमाने पर रोजी-रोटी की तलाश में शहरों की ओर भागने लगे, परंतु इन असहाय लोगों का स्वागत करने के लिए वहां भी कठिनाइयां और समस्याएं ही थी । प्रेमचंद 'गोदान' में होरी और गोबर के माध्यम से इस ऐतिहासिक प्रक्रिया को विस्तार से हमारे सामने प्रस्तुत करते हैं \| यह अकेले होरी की ट्रेजडी नहीं है \| पूरे छोटे किसानों के साथ साम्राज्यवादी पूंजीवादी व्यवस्था के शोषण तंत्र का क्रूर मजाक है, जो दूसरे ढंग से आज भी जारी है । बीसवीं शताब्दी के आरंभ में ग्रामीण गरीब का प्रेमचंद जो यथार्थ चित्रण करते हैं, यह यूरोप में किसी व्यक्ति के लिए अकल्पनीय है- "टूटे-फूटे झोपड़े, मिट्टी की दीवारें, घरों के सामने कूड़े-करकट के ढेर, कीचड़ में लिपटी भैंस, दुर्बल गायें, हड्डी निकले किसान, जवानी में ही जिन पर बुढ़ापा आ गया है \|" | |
| **निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए -:** | |
| 1.'गोदान' के पात्र हैं -<br>1.होरी 2.गोबर 3. प्रेमचंद 4. होरी एवं गोबर | **1** |
| 2.गांव के लोगों का शोषण कौन कर रहा था ?<br>1. साम्राज्य 2. साम्राज्य के एजेंट 3. सूदखोर महाजन 4. ये सभी | **1** |
| 3.छोटे किसानों के खेतीहर मजदूर बनने का कारण क्या था ?<br>1.कर्ज चुकाने के लिए खेत बेचना 2.स्वरोजगार की शुरुआत के लिए खेत बेचना<br>3.खेती से लाभ ना होना 4. खेती में कोई रुचि नहीं लेना | **1** |
| 4.ग्रामीण अर्थव्यवस्था कमजोर होने से सबसे बुरा प्रभाव किस पर पड़ा?<br>1. कारीगर पर 2. छोटे किसान पर 3. दलित वर्ग 4. ये सभी | **1** |
| 5.ग्रामीण लोग शहरों की ओर पलायन क्यों कर रहे थे ?<br>1. रोजी-रोटी की तलाश में 2. भुखमरी से बचने के लिए<br>3. उपर्युक्त दोनों 4. उपर्युक्त में से कोई नहीं | **1** |
| **प्रश्न .2निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -:**<br>कितनी करुणा कितने संदेश | **5x1=5** |

| | |
|---|---|
| पथ में बिछ जाते बन पराग<br>गाता प्राणों का तार तार-<br>अनुराग भरा उन्माद राग<br>आंसू लेते वे पथ पखार<br>जो तुम आ जाते एक बार ।<br>हँस उठते पल में आद्र नयन<br>धुल जाता होठों से विषाद<br>छा जाता जीवन में बसंत<br>चिरसंचित विराग लुट जाता<br>आँखे देती सर्वस्व वार<br>जो तुम आ जाते एक बार । | |
| 1.रास्ते में करुणा और संदेश क्या बन कर बिछ जाते ?<br>1. फूलों की पत्तियां 2. फूल<br>3. फूलों की रज 4. फूलों के बीज | 1 |
| 2.अनुराग का विपरीतार्थक है -<br>1. राग 2. विराग 3. रागयुक्त 4. उन्माद | 1 |
| 3.पल भर में किस प्रकार के नेत्र हँस उठते ?<br>1. भीगे हुए 2. मूंदे हुए 3. मुरझाए हुए 4.धुले हुए | 1 |
| 4.'चिरसंचित' में उपसर्ग है -<br>1. चि 2. चित 3. संचित 4. चिर | 1 |
| 5.कवि के अनुसार, 'एक बार आ जाने से' जीवन में-छा जाता है ..........<br>1. उन्माद 2. अनुराग 3. विराग 4. बसन्त | 1 |

| प्रश्न-3 | **रचना के आधार पर वाक्य भेद -**<br>**निम्नलिखित - प्रश्नों के उत्तर दीजिए 4 में से किन्ही 5** | **4x1=4** |
|---|---|---|
| **1.** | "जब नरेश पढ़ता है तब नमिता पढ़ती है \|" - रचना के आधार पर वाक्य भेद है ?<br>1.सरल वाक्य<br>2.संयुक्त वाक्य<br>3.मिश्र वाक्य | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | 4.संकेतवाचक वाक्य | |
| **2.** | निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य है ?<br>1.सुशील ने खेल में पदक प्राप्त करने के बाद सबको दावत दी ।<br>2.प्राचार्य ने कहा कि कल विद्यालय बंद रहेगा ।<br>3.लड़के मैदान में एक सभा का आयोजन कर रहें हैं ।<br>4.सतीश खाना खाकर उठा और हरीश खाना खाने लगा । | **1** |
| **3.** | ''नीरज चोपड़ा ने भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता।' वाक्य भेद बताइए-<br>1.आश्रित 2.सरल 3.संयुक्त 4.मिश्र | **1** |
| **4.** | 'मीराबाई चानू ने कहा कि यह पदक पूरे भारत का है।' वाक्य में आश्रित उपवाक्य बताइए-<br>1.क्रिया आश्रित 2.क्रिया विशेषण आश्रित<br>3.संज्ञा आश्रित 4.विशेषण आश्रित | **1** |
| **5.** | "'महिला हॉकी टीम बहुत अच्छा खेली, किन्तु जीत न सकी।'- वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलिए-<br>1.महिला हॉकी टीम बहुत अच्छा खेली।<br>2.महिला हॉकी टीम जीत न सकी।<br>3.महिला हॉकी टीम बहुत अच्छा खेलकर भी जीत न सकी।<br>4.यद्यपि महिला हॉकी टीम बहुत अच्छा खेली, किन्तु जीत न सकी। | **1** |
| **प्रश्न-4** | **वाच्य - प्रश्नों के उत्तर दीजिए 4 में से किन्ही 5 निम्नलिखित-** | **4x1=4** |
| **1** | निम्नलिखित वाक्यों में 'कर्तृ वाच्य' वाला वाक्य है-<br>1.तानसेन को संगीत सम्राट कहते हैं ।<br>2.बीमार व्यक्ति से चला नहीं जाता ।<br>3.ऑस्ट्रेलिया के द्वारा क्रिकेट का विश्व कप जीता गया ।<br>4.पत्र भेज दिया गया है । | **1** |
| **2** | "हिरण से भागा नहीं गया ।" यह वाक्य किस वाच्य में है?<br>1. कर्म वाच्य 2. कर्तृवाच्य 3. भाव वाच्य 4. अधिकरण वाच्य | 1 |
| **3** | "मैं इस धूप में चल नहीं सकता ।" इस वाक्य को भाव वाच्य में बदलिए -<br>1. मैं इस धूप में नहीं चलूंगा । 2. मैं धूप में नहीं चलता हूं ।<br>3. मुझसे इस धूप में नहीं चला जाता। 4.मेरे द्वारा इस धूप में चला नहीं जाता है। | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | बच्चों द्वारा शांत बैठा नहीं जाता \|इसे कर्तृवाच्य में बदलिए \|<br>1 . बच्चें शांत बैठते हैं \| 2. बच्चें शांत नहीं बैठ सकते \|<br>3 .बच्चें शांत बैठे थे \| 4.बच्चें शांत नहीं बैठेंगे\| | 1 |
| 5. | निम्नलिखित में से कौन सा भाव वाच्य का सही विकल्प नहीं है ?<br>1रोहन से रोया नहीं जाता ।<br>2.पक्षियों से उड़ा जाता है ।<br>3.मैं अगले महीने ताजमहल देखने जाऊंगा ।<br>4.थकान के मारे उससे सोया न गया । | 1 |
| **प्रश्न-5** | **पद-प्रश्नों के उत्तर दीजिए निम्नलिखित परिचय में से किन्ही 5 4:-** | **4x1=4** |
| 1 | सफलता <u>उन्हीं को</u> मिलती है जो मेहनत करते हैं। -रेखांकित पद का पद परिचय बताइए।<br>1.व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन<br>2.भाव वाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्म कारक<br>3.पुरुषवाचक, सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग,कर्म कारक<br>4.व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक | 1 |
| 2 | **<u>वह</u>** दौड़कर विद्यालय गया \|रेखांकित पद का परिचय है–<br>1.अन्यपुरुष वाचक सर्वनाम,एकवचन,पुल्लिंग,कर्ता कारक<br>2 . उत्तम पुरुष वाचक सर्वनाम,एकवचन,पुल्लिंग,कर्ता कारक<br>3. भाववाचक संज्ञा,एकवचन,पुल्लिंग,कर्ता कारक<br>4 . उत्तम पुरुष वाचक सर्वनाम,बहुवचन,पुल्लिंग,कर्ता कारक | 1 |
| 3 | **बागो में फूल <u>खिलते हैं</u>।**<br>1. सकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य<br>2 . अकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य<br>3. सकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य<br>4. अकर्मक क्रिया, एकवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य | 1 |
| 4 | "**<u>यह</u>** घर मेरा है \|" रेखांकित पदों का पद परिचय दीजिए<br>1.सर्वनाम ,निश्चयवाचक ,एकवचन ,पुल्लिंग\|<br>2.सर्वनाम ,निश्चयवाचक ,एकवचन ,स्त्रीलिंग\|<br>3.विशेषण ,सार्वनामिक ,एकवचन ,पुल्लिंग\| | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | 4.विशेषण ,सार्वनामिक ,एकवचन ,स्त्रीलिंग\| | |
| **5.** | "मैं **<u>धीरेधीरे-</u>** चलता हूँ \|" रेखांकित पदों का पद परिचय दीजिए<br>1.अव्यय ,क्रियाविशेषण ,रीतिवाचक ,'मैं 'विशेष्य\|<br>2.अव्यय ,क्रियाविशेषण ,रीतिवाचक ,'चलता हूँ 'विशेष्य\|<br>3.अव्यय ,क्रियाविशेषण ,परिमाणवाचक ,'मैं 'विशेष्य\|<br>4.अव्यय ,क्रियाविशेषण ,कालवाचक ,'चलता हूँ 'विशेष्य\| | 1 |
| **प्रश्न-6** | **रस - प्रश्नों के उत्तर दीजिए निम्नलिखित 5 में से किन्ही 4 -** | **4x1=4** |
| **1** | **'जुगुप्सा'** किस रस का स्थायी भाव है ?<br>1. शांत रस 2. करुण रस 3. वीभत्स रस 4. हास्य रस | **1** |
| **2** | "राम को रूप निहारत जानकी कंगन के नग की परछाहीं ।<br>यातें सबै सुधि भूलि गई कर टेकि रही पल टारत नाहीं।।<br>उपर्युक्त पंक्ति में कौन सा रस है-?<br>1श्रृंगार रस 2. करुण रस 3. अद्‌भुत रस 4. वात्सल्य रस | **1** |
| **3** | **'रौद्र रस'** का स्थायी भाव है -<br>1.निर्वेद 2. क्रोध 3. रति 4. उत्साह | **1** |
| **4** | रस के कितने अंग माने जाते हैं ?<br>1.तीन 2. चार 3. पांच 4. नौ | **1** |
| **5** | **मैं सत्य कहता हूँ सखे, सुकुमार मत जानो मुझे \|**<br>**यमराज से भी युद्‌ध में प्रस्तुत सदा मानो मुझे \|\|**<br>1. वीर रस 2. संयोग श्रृंगार रस 3. शांत रस 4.करुण रस | **1** |

**प्रश्न .7निम्नलिखित गद्‌यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए –**

पंद्रह दिन बाद फिर उसी कस्बे से गुजरे। कस्बे में घुसने से पहले ही खयाल आया कि कस्बे की हृदयस्थली में सुभाष की प्रतिमा अवश्य ही प्रतिष्ठापित होगी, लेकिन सुभाष की आँखों पर चश्मा नहीं होगा ...क्योंकि मास्टर बनाना भूल गया ...और कैप्टन मर गया। सोचा, आज वहाँ रुकेंगे नहीं, पान भी नहीं खाएँगे, मूर्ति की तरफ देखेंगे भी नहीं, सीधे निकल जाएँगे। ड्राइवर से कह दिया, चौराहे पर रुकना नहीं, आज बहुत काम है, पान आगे कहीं खा लेंगे।

लेकिन आदत से मजबूर आँखें चौराहा आते ही मूर्ति की तरफ उठ गईं। कुछ ऐसा देखा कि चीखे, 'रोको!' जीप स्पीड में थी, ड्राइवर ने जोर से ब्रेक मारे। रास्ता चलते लोग देखने लगे। जीप रुकते-न-रुकते हालदार साहब जीप से कूद कर तेज-तेज कदमों से मूर्ति की तरफ लपके और उसके ठीक सामने जा कर अटेंशन में खड़े हो गए।

1कस्बे से कौन गुजरा ?

1.कैप्टन 2. ड्राइंग मास्टर 3. हालदार साहब 4. दुकानदार

2सुभाष की प्रतिमा कहाँ स्थित है ?

1.गली में 2. चौराहे पर 3. तिराहे पर 4. सड़क किनारे

3हालदार साहब किस आदत से मजबूर थे ?

1. पान खाने की 2. चौराहे पर रुकने की 3. चश्मा लगाने की 4. मूर्ति को देखने की

4हालदार साहब तेज क़दमों से मूर्ति की तरफ क्यों लपके ?

1. कैप्टन को खड़ा देखकर 2. चश्मा न देखकर

3. सरकंडे का लगा चश्मा देखकर 4. बच्चों को देखकर

5यह गद्यांश किस पाठ से उदधृत है ?

1. बालगोबिन भगत 2. नेताजी का चश्मा

3. लखनवीं अंदाज 4. मानवीय करुणा की दिव्य चमक

**प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए 2– x1**

बालगोबिन भगत की आस्था और श्रद्धा थी –

1.कर्म में

2.कबीरपंथ में

3.गीत –संगीत में

4.कृषि में

‘सोया हुआ जल’ किसका उपन्यास है ?

1.मन्नू का

2.यशपाल का

3.सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

4.यतीन्द्र मिश्र का

**प्रश्न 9-निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए| 5 –x1**

| |
|---|
| सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा। सहसबाहु सम सो रिपु मोरा॥<br>सो बिलगाउ बिहाइ समाजा। न त मारे जैहहिं सब राजा॥<br>सुनि मुनिबचन लखन मुसुकाने। बोले परसुधरहि अवमाने॥<br>बहु धनुही तोरी लरिकाईं। कबहुँ न असि रिस किन्हि गोसाईँ॥<br>येही धनु पर ममता केहि हेतू। सुनी रिसाइ कह भृगुकुलकेतू॥ |
| .1‘शिवधनुष’ किसने तोड़ा ?<br>1.राम जी ने<br>2.लक्ष्मण ने<br>3.भरत ने<br>4.परशुराम जी ने |
| 2.‘अन्यथा सारे राजा मारे जाएंगे’ परशुराम ने ऐसा क्यों कहा ?<br>1.अगर राजा चुप रहते है<br>2.अगर सभा से धनुष तोड़ने वाले को अलग न किया गया.<br>3.उत्तर न देने पर<br>4.सभा में बोलने न देने पर |
| .3‘सहसबाहु सम सो रिपु मोरा ’ पंक्ति में कौन सा अलंकार है ?<br>1.रूपक<br>2.अतिश्योक्ति<br>3.उपमा<br>4.श्लेष |
| 4.लक्ष्मण ने बचपन में क्या किया ?<br>1.फूल तोड़े<br>2.फल तोड़े<br>3.धनुष तोड़े<br>4.पत्थर तोड़े |
| 5.प्रस्तुत पद किस भाषा में है ?<br>1.ब्रज<br>2.अवधी<br>3.खड़ी बोली |

| |
|---|
| 4.मैथिली |
| **प्रश्न 10-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए 2 x1** |
| 1.गोपियों ने अपने प्रेम की दृढ़ता को प्रकट करने के लिए किस पक्षी का उदाहरण दिया है ?<br>1.कोयल<br>2.हारिल<br>3.कबूतर<br>4.हंस |
| 2.प्रकृति का श्रृंगारिक चित्रण किस कविता में हुआ है ?<br>1.कन्यादान<br>2.राम लक्ष्मण परशुराम संवाद<br>3.अट नहीं रही है<br>4.उत्साह |

**उत्तरमाला**

| शीर्षक | प्रश्न क्रमांक | प्रश्न क्रमांक | प्रश्न क्रमांक | प्रश्न क्रमांक | प्रश्न क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| अपठित गद्यांश | 4 | 4 | 1 | 4 | 3 |
| अपठित पद्यांश | 3 | 2 | 1 | 4 | 4 |
| रचना के आधार पर वाक्य भेद | 3 | 4 | 2 | 3 | 4 |
| वाच्य | 1 | 2 | 3 | 2 | 3 |
| पदपरिचय- | 3 | 1 | 2 | 3 | 2 |
| रस | 3 | 1 | 2 | 2 | 1 |
| पठित गद्यांश | 3 | 2 | 4 | 3 | 2 |
| पठित गद्यांश | 2 | 3 | - | - | - |
| पठित पद्यांश | 1 | 2 | 3 | 3 | 2 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पठित पद्याश काव्यबोध) ( | 2 | 3 | - | - | - |

*********************************************************************

**प्रथम सत्रांत परीक्षा -2021-22**

**कक्षा—दसवीं विषय –हिन्दी**

**पूर्णांक 40-**

**खंड क -अपठित (पद्यान्श-गद्यान्श)**

प्रश्न -1निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यान्श को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए5 -X1 =5

प्रवासी भारतीयों का संसार बहुत बड़ा है।लगभग तीन करोड़ प्रवासी भारतीय या भारतीय मूल के लोग संसार के विभिन्न देशों में बसे हुए हैं।विदेश में रहने वाले भारतीय या भारतीय मूल के लोग दो श्रेणियों में बाँटे जाते हैं।एक तो वे,जिन्हें उन्नीसवीं सदी में 'गिरमिटिया मज़दूर' बनाकर गन्ने के खेत में काम करने के लिए ले जाया गया था।कई पीढ़ियों के बाद इनके वंशज आज उन देशों में महत्त्वपूर्ण पदों पर हैं और एक आम भारतीय की तुलना में अत्यंत ही सुखी और संपन्न हैं।प्रवासी भारतीयों की दूसरी खेप साठ के दशक में ख़ासकर अमरीका और कनाडा गए –कुछ उच्च शिक्षा के लिए और कुछ नौकरी के लिए।इस गिनती में अक्सर उन मज़दूरों को भुला दिया जाता है जिनकी संख्या साठ लाख है और जो खाड़ी के देशों और पश्चिम एशिया में कठिन परिस्थितियों में मज़दूरी कर ढेर सारी विदेशी मुद्रा नियमित रूप से भारत भेजते रहते हैं।इन देशों में अशांति होने पर ये ही सबसे पहले उसका शिकार बनते हैं।यह तो अच्छा है कि अब सरकार उन्हें बीमा और पेंशन सुविधा देने पर विचार कर रही है-। वास्तव में,यह सरकार का दायित्व भी है।साथ ही जो अप्रवासी अच्छी स्थिति में , उन्हें भी उनका दायित्व याद दिलाने की ज़रूरत है जिससे वे देश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे सकें।

-1कितने करोड़ प्रवासी भारतीय संसार के विभिन्न देशों में बसे हुए हैं ?

-1 पाँच करोड़ -2तीन करोड़

-3 चार करोड़ -4 छह करोड़

-2उन्नीसवीं सदी में लोगों को क्या बनाकर लिए ले जाया गया था ?

-1 'गिरमिटिया मज़दूर'-2 दास बनाकर

-3 अपना बनाकर -4 उक्त सभी

-3प्रवासी भारतीयों की गिनती में किन्हें भुला दिया जाता है ?

-1 भारतीयों को -2अमेरिकियों को

-3 मजदूरों को -4अन्य लोगों को

-4उन्नीसवीं सदी में भारतीय मूल के लोगों को विदेश क्यों ले जाया गया ?

-1 घुमाने के लिए -2 गन्ने के खेत में काम करने के लिए

-3 दास बनाने के लिए -4उक्त सभी

-5दूसरी खेप के मज़दूर कहाँ मज़दूरी कर रहे हैं ?

-1 कनाडा में -2 खाड़ी के देशों और पश्चिम एशिया में

-3 भारत में -4कहीं नहीं

**अथवा**

मौसम के मनमौजी होने और वर्षा के अनियमित होने का प्रभाव कृषि पर ही नहीं ऊर्जा- योजनाओं पर भी पड़ता है-साधनों और पेयजलंस। सारे देश में प्रतिवर्ष एक जैसी वर्षा नहीं होती। राजस्थान में सौ मिलीमीटर औसत वर्षा होती है तो मेघालय के चेरापूँजी में ग्यारह सौ मिलीमीटर वर्षा होती है। विश्व का सर्वाधिक वर्षा का रिकॉर्ड मेघालय के मॉसेनराम में है जहाँ इससे भी अधिक वर्षा होती है। यद्यपि हमारे देश में पर्याप्त वर्षा होती है परन्तु वर्षा का अधिकांश जल नदी नालों में बह जाता है-। बढ़ते जल-संकट को देखकर विशेषज्ञों ने वर्षा -जल के संचयन की ओर ध्यान देना शुरू किया और "रेन वॉटर हारवेस्टिंग" नाम से पर ज़ोर दिया जा रहा है। इस सन्दर्भ में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने कहा था,"केंद्र और राज्य सरकारें इस जल समस्या से अकेले नहीं निपट सकतीं-। सम्पूर्ण देश में सरकारी,गैर-सरकारी सभी संस्थाएँ तथा पंचायती राज के सभी लोग,यहाँ तक कि देश का हर नागरिक जब तक इस प्राकृतिक जलसम्पदा के संचयन का बीड़ा उठा नहीं लेता-,तब तक वर्तमान और आने वाले भीषण जल संकट का कोई समाधान नहीं निकल सकता-।" जल संकट से निपटने के लिए- सभी बड़े भवनों एवं विद्यालयों में वर्षा के जल को उपयुक्त तरीके से एकत्र करना तथा छत और आँगन में गिरने वाले बरसाती पानी को पाइपों के माध्यम से जमा कर पुन पृथ्वी की : सतह में डालने से नीचे पानी का भंडार बढ़ जाता है। इससे पानी की समस्या का समाधान हो सकता है।

-1वर्षा के अनियमित होने का किस पर प्रभाव पड़ता है ?

1-कृषि पर 2- ऊर्जा-संसाधनों पर

3- पेयजल-योजनाओं पर 4-उपर्युक्त सभी

2- मेघालय के चेरापूँजी में कितनी वर्षा होती है?

1- नौ सौ मिलीमीटर 2-ग्यारह सौ मिलीमीटर

2- बारह सौ मिलीमीटर 3-सात सौ मिलीमीटर

3-जल-संकट के बारे में किसने चिंता जताई थी ?

1- नेहरू जी ने 2-इन्दिरा जी ने

3- अटल बिहारी बाजपेयी ने 4-किसी ने नहीं

4- वर्षा-जल संचयन योजना को क्या कहते हैं ?

1-रेन वॉटर हारवेस्टिंग 2-जल-जमाव

3-जल-थल 4-इनमें से कोई नहीं

5-विश्व का सर्वाधिक वर्षा का रिकॉर्ड किस जगह का है ?

1-नैनीताल का 2-चेरापूंजी का

3- मेघालय के मॉसेनराम का 4- असम का

**प्रश्न -2** निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक पद्यान्श को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए5 -X1 =5

जन्म दिया मातासा जिसने-,किया सदा लालनपालन-,
जिसके मिटटीजल से ही-,रचा गया हम सब का तन ।
गिरिवर नित रक्षा करते हैं,उच्च उठा के श्रृंग महान,
जिसके लता द्रुमादिक करते,हमको अपनी छाया दान-।
माता केवल बाल्यकाल में, निज अंक में धरती है,
हम अशक्त जब तलक तभी तक,पालन पोषण करती है-।
मातृभूमि करती है सबका,लालन सदा मृत्युपर्यंत,
जिसके दयाप्रवाहों का-,होता न कभी सपने में अंत ।
मर जाने पर कण देहों के,इसमें ही मिल जाते हैं,

हिन्दू पलते,यवनईसाई-,शरण इसी में पाते हैं ।
ऐसी मातृभूमि मेरी है,स्वर्गलोक से भी प्यारी,
उसके चरणकमल पर मेरा-,तन धन सब बलिहारी-मन-।

1-माता की-सी तुलना किससे की गई है?

1-स्वर्ग से 2-उपवन से

3-चरण-कमल से 4-मातृभूमि से

2-मातृभूमि हमारा क्या किया है ?

1-लालन-पालन 2- लालन-पालन नहीं

3- कुछ नहीं 4-केवल लिया

3-हमारी मातृभूमि किससे प्यारी है ?

1- स्वर्ग से 2- चरण-कमल से

3- उपवन से 4-दुनिया से

4-उक्त काव्यांश का उचित शीर्षक क्या हो सकता है ?

1-स्वर्ग लोक 2- मेरी मातृभूमि

3-मेरी माँ 4-सुंदर दुनिया

5- हिन्दू,यवन,ईसाई किसकी शरण में आते हैं ?

1-लोगों की 2- माँ की

3-मेरी मातृभूमि की 4-किसी की नहीं

**अथवा**

सच हम नहीं , सच तुम नहीं ,
सच है महज संघर्ष ही ।
संघर्ष से हट कर जिए तो क्या जिए हम या कि तुम ,
जो नत हुआ वह मृत हुआ ज्यौं वृंत से झरकर कुसुम ,
जो लक्ष्य भूल रूका नहीं ,जो हार देख झुका नहीं ,

जिसने प्रणय पाथेय माना जीत उसकी ही रही ।
सच हम नहीं ,सच तुम नहीं ।
ऐसा करो जिससे न प्राणों में जड़ता रहे ।
जो भी जहाँ ,चुपचाप अपने आप से लड़ता रहे-।
जो भी परिस्थितियाँ मिलें,काँटें चुभें,कलियाँ खिलें ।
हारे नहीं इन्सान, है संदेश जीवन का यही ।
सच हम नहीं,सच तुम नहीं ।

1-कवि के अनुसार सच क्या है ?

1-मैं 2- तुम

3-हम 4-संघर्ष

2-जीवन में हार मान लेने वाले को कवि ने क्या कहा है ?

1-जीवित 2-मृत

3-अच्छा 4-बेकार

3-कवि ने जीवन के लिए क्या सन्देश दिया है ?

1-लोग जीवन में हार न मानें 2-निराश होकर बैठ जाएँ

2-संघर्ष न करें 4काम करें

4-उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक क्या हो सकता है ?

1-जीवन का महत्त्व 2- जीवन- एक संघर्ष

3-कर्म का महत्त्व 4-इनमें से कुछ नहीं

5- 'जो नत हुआ वह मृत हुआ ज्यौं वृंत से झरकर कुसुम' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

1-रूपक 2-उपमा

3-उत्प्रेक्षा 4-अनुप्रास

**खण्ड ख -व्यावहारिक व्याकरण** **प्रश्न -3प्रश्न**

**3**-निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1X4=4

1-राम रोज़ पढ़ाई करता है ।(वाक्य भेद लिखिए)

1-सरल वाक्य 2-संयुक्त वाक्य

3-मिश्र वाक्य 4-अनेकार्थी वाक्य

2-सुषमा स्कूल नहीं गई क्योंकि वह बीमार है ।(वाक्य भेद लिखिए)

1-सरल वाक्य 2-संयुक्त वाक्य

3-मिश्र वाक्य 4-द्विकर्मक वाक्य

3-जिस काम में नुकसान होता है उसे क्यों करते हो ? (वाक्य भेद लिखिए)

1-सरल वाक्य 2-संयुक्त वाक्य

3-मिश्र वाक्य 4-एककर्मक वाक्य

4-बच्चा डरा और भागा । (संयोजक शब्द पहचानिए)

1-बच्चा 2-डरा

3-और 4-भागा

5-मज़दूर मेहनत करता है ताकि भोजन मिल सके । (संयोजक शब्द पहचानिए)

1-ताकि 2-भोजन

3-मज़दूर 4-मेहनत

**प्रश्न 4-** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1X4=4

1-माँ अब भी रो नहीं सकती ।(वाच्य पहचानिए)

1-कर्तृवाच्य 2-भाववाच्य

3-कर्मवाच्य 4-अकर्तृवाच्य

2-धोबी द्वारा हमारे कपड़े धोए जाते हैं ।(वाच्य पहचानिए)

1-कर्तृवाच्य 2-भाववाच्य

3-कर्मवाच्य 4-अकर्तृवाच्य

3-रमेश से नहाया गया ।(वाच्य पहचानिए)

1-कर्तृवाच्य 2-भाववाच्य

3-कर्मवाच्य 4-अकर्तृवाच्य

4-मज़दूर बोझ उठाता है ।(वाच्य पहचानिए)

1-कर्तृवाच्य 2-भाववाच्य

3-कर्मवाच्य 4-अकर्तृवाच्य

5-होली में दीये जलाए जाते हैं । (वाच्य पहचानिए)

1-कर्तृवाच्य 2-भाववाच्य

3-कर्मवाच्य 4-अकर्तृवाच्य

**प्रश्न 5**-निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1X4=4

1-निम्न पंक्तियों में निहित रस पहचानकर नाम लिखिए-

सरकंडे से हाथ-पाँव और मटका जैसो पेट ।

पिचके-पिचके गाल दौऊ,मुँह तो इण्डिया गेट ।

1-वीर रस 2-हास्य रस

3-शांत रस 4-रौद्र रस

2-वीर रस का स्थायी भाव है–

1-प्रेम 2-हास

3-क्रोध 4- उत्साह

3- 'हास्य' रस का स्थायी भाव है-

1-प्रेम 2-हास

3-क्रोध 4- उत्साह

4- ईश्वर के प्रति भक्ति भाव होता है-

1-वीर रस में 2-हास्य रस में

3-शांत रस में 4-भक्ति रस में

5-रस के--- अंग हैं ।

1- एक 2-दो

3-तीन 4–चार

**प्रश्न 6-** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखाँकित पदों का कोई एक पद-परिचय दीजिए - 1X4=4

1-दीदी धीरे-धीरे चलती है ।

1-क्रियाविशेषण 2-क्रिया

3-विशेषण 4-कारक

2-जाओ, बाज़ार से आम ले आओ ।

1-विशेषण 2-कारक

3-जातिवाचक संज्ञा 4-क्रियाविशेषण

3-वह मुझसे बेहतर है ।

1-जातिवाचक संज्ञा 2-क्रियाविशेषण

3-पुरूषवाचक सर्वनाम 4-कर्ता

4- बच्चे लिख रहे हैं ।

-1क्रियाविशेषण 2-क्रिया

3-विशेषण 4-कारक

**खंड ग पुस्तक-पाठ्य-**

**प्रश्न-7**निम्नलिखित गद्यान्श को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए5 -X1 =5

बेटे के क्रियाकर्म में तूल नहीं किया-; पतोहू से आग दिलाई उसकी । किन्तु ज्योंही श्राद्ध की अवधि पूरी हो गई,पतोहू के भाई को बुलाकर उसके साथ कर दिया,यह आदेश देते हुए कि इसकी दूसरी शादी कर देना । इधर पतोहू रो मैं चली जाऊँगी तो बुढ़ापे में-रोकर कहती- कौन आपके लिए भोजन बनाएगा, बीमार पड़े, तो कौन एक चुल्लू पानी भी देगा ? मैं पैर पड़ती हूँ, मुझे अपने चरणों से अलग नहीं कीजिए लेकिन भगत का निर्णय अटल था!। तू जा,नहीं तो मैं ही इस घर को छोड़कर चल दूँगा -यह थी उनकी आखिरी दलील और इस दलील के आगे बेचारी की क्या चलती ?

1-भगत ने अपने बेटे का दाह-संस्कार किससे करवाया ?

1-अपनी पतोहू से　　2-स्वयं किया

3-पतोहू के भाई से　　4-किसी से नहीं

2-भगत ने पतोहू के भाई को क्या आदेश दिया ?

1-पतोहू को छोड़ देने का　　2-स्वयं चले जाने का

3-पतोहू की दूसरी शादी का　　4-दुबारा न आने का

3-श्राद्ध की अवधि पूरी होने पर भगत ने क्या किया ?

1-खेतीबारी किया　　2-गंगा-स्नान को गए

3-प्रभाती की　　4-पतोहू को उसके भाई के साथ भेज दिया

4-भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों छोड़ना नहीं चाहती थी ?

1-क्योंकि वह अकेले थे　　2-क्योंकि वह अपना ध्यान नहीं रख सकते थे

3-क्योंकि उसे भगत की चिंता थी　　4-उपर्युक्त सभी

5-भगत ने प्रचलित सामाजिक मान्यताओं का खंडन कैसे किया ?

1-गाना गाकर　　2-प्रभाती करके

3-पुत्रवधू से दाह-संस्कार करवा कर　　4-उक्त सभी

प्रश्न 8 -निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 2X1 =2

1-मूर्तिकार ने किसकी मूर्ति बनाई ?

1-हालदार साहब की 2- पानवाले की

3-कैप्टन की 4-सुभाषचंद्र बोस की

2--कस्बों,महानगरों ,शहरों के चौराहों में किसी न किसी प्रसिद्द व्यक्ति की मूर्ति लगाने के क्या उद्देश्य हो सकते हैं ?

1-प्रशंसा पाना 2-देश के प्रति उनके योगदान व त्याग को बताना

3- लोगों को आकर्षित करना 4-इनमें से कुछ भी नहीं

प्रश्न -9निम्नलिखित पद्यांश में से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए5 -X1 =5

हमारैं हरि हारिल की लकरी ।
मन क्रम बचन नंदनंदन उर-,यह दृढ़ करि पकरी ।
जागत सोवत स्वप्न दिवस निसि -,कान्ह कान्ह जकरी-।
सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी ।
सु तौ ब्याधि हमकौं लै आए ,देखी सुनी न करी ।
यह तौ 'सूर' तिनहिं लै सौंपौं ,जिनके मन चकरी ।

1-'हारिल की लकरी' किसे कहा गया है ?

1-उद्धव को 2- कृष्ण को

3-गोपी को 4-सूरदास जी को

2-'तिनहिं लै सौंपौं' में किसकी ओर संकेत किया गया है ?

1-उद्धव की ओर 2- कृष्ण की ओर

3-गोपी की ओर 4-सूरदास जी की ओर

3-गोपियों को योग कैसा लगता है ?

1-कड़वी ककड़ी जैसे 2-बहुत अच्छा

3-बहुत प्रिय 4-इनमें से कुछ नहीं

4-गोपियाँ कृष्ण का नाम कब-कब जपतीं थीं ?

1-दिन में 2-रात में

3-स्वप्न में                    4-उपर्युक्त सभी

5-किसके मन को चक्र की तरह चंचल कहा गया है ?

1-गोपी के                    2-सूरदास जी के

3-उद्धव के                    4- कृष्ण के

प्रश्न - 10निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 2X1 =2

1-लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएँ बताईं ?

1-वीर योद्धा युद्ध नहीं करते          2-अपनी बड़ाई स्वयं करते हैं

3-वीर धैर्यवान और क्षमाशील होते हैं       4-क्रोधी होते हैं

2--इन पंक्तियों का मुख्य भाव स्पष्ट कीजिए-

गाधिसूनु कह हृदय हसि मुनिहि हरियरे सूझ ।

अयमक खाँड न ऊखमय अजहुँ न बूझ अबूझ ॥

1-विश्वामित्र हँस रहे हैं          2-राम-लक्ष्मण फ़ौलाद के से हैं

3-परशुराम विजयी हुए हैं        4-लोहे की तलवार हाथ में है

**<u>उत्तर माला - अंक योजना (40x1=40)</u>**

प्रश्न 1

2-तीन करोड़

1-'गिरमिटिया मज़दूर'

3-मजदूरों को

2-गन्ने के खेत में काम करने के लिए

2-गन्ने के खेत में काम करने के लिए

अथवा

4-उपर्युक्त सभी

2-ग्यारह सौ मिलीमीटर

3- अटल बिहारी बाजपेयी जी ने

1-रेन वॉटर हारवेस्टिंग

3- मेघालय के मॉसेनराम का

प्रश्न 2

4-मातृभूमि की

1-लालन-पालन

1-स्वर्ग से

2- मेरी मातृभूमि

3-मेरी मातृभूमि की

अथवा

4-संघर्ष

2-मृत

1-लोग जीवन में हार न मानें

2- जीवन- एक संघर्ष

3-उत्प्रेक्षा

प्रश्न3-

1-सरल वाक्य

3-मिश्र वाक्य

3-मिश्र वाक्य

3-और

1-ताकि

प्रश्न 4-

1-कर्तृवाच्य

3-कर्मवाच्य

3-कर्मवाच्य

1-कर्तृवाच्य

4-अकर्तृवाच्य

प्रश्न 5-

2-हास्य रस

4- उत्साह

2-हास

4-भक्ति रस में

4–चार

प्रश्न 6-

1-क्रियाविशेषण

3-जातिवाचक संज्ञा

3-पुरूषवाचक सर्वनाम

2-क्रिया

3-कर्ता

प्रश्न 7-

1-अपनी पतोहू से

3-पतोहू की दूसरी शादी का

4-पतोहू को उसके भाई के साथ भेज दिया

4-उपर्युक्त सभी

3-पुत्रवधू से दाह-संस्कार करवा कर

प्रश्न 8-

4-सुभाषचंद्र बोस की

2-देश के प्रति उनके योगदान व त्याग को बताना

प्रश्न 9-

2- कृष्ण को

2- कृष्ण की ओर

1-कड़वी ककड़ी जैसे

4-उपर्युक्त सभी

4- कृष्ण के

प्रश्न 10-

3-वीर धैर्यवान और क्षमाशील होते हैं

2-राम-लक्ष्मण फ़ौलाद के से हैं

*****************************************************

**सत्रांत परीक्षा- 2021-2022**

**कक्षा-दसवीं**

**विषय-हिन्दी**

**अधिकतम अंक- 40**

**खंड क**

प्रश्न 1-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए -
5x1=5

समय,इस संसार में जीवन में अन्य सभी वस्तुओं यहाँ तक कि धन से भी अधिक शक्तिशाली और अमूल्य वस्तु है । यदि एक बार कीमती समय चला जाता है ,तो यह हमेशा के लिए चला जाता है और लौटकर कभी भी वापस नहीं आता है; क्योंकि यह हमेशा आगे की ओर चलता है न कि पीछे की दिशा में । यह बिलकुल सत्य है कि यदि कोई व्यक्ति समय की अहमियत को नहीं समझता तो समय भी उसकी अहमियत नहीं समझता । यदि हम अपने समय को नष्ट करेंगे तो समय भी हमें बुरी तरह नष्ट करेगा । यह सत्य है कि "समय किसी की प्रतीक्षा नहीं करता ।" एक समय पर, समय एक ही मौका देता है,यदि हम इसे खो देते हैं तो इसे कभी भी वापस नहीं पा सकते । यह बहुत ही शक्तिशाली वस्तु है जिसके साथ वस्तुएँ जन्म लेती हैं,बढ़ती हैं,घटती हैं,और नष्ट हो जाती हैं । इसकी कोई सीमा नहीं है इसलिए यह अपनी गति से निरंतर चलता रहता है । यह कहा जाता है कि समय ही धन है, हालाँकि इससे हम धन की तुलना समय से नहीं कर सकते क्योंकि हम धन को एक बार खो देते हैं,तो उसे किसी भी साधन से प्राप्त कर सकते हैं पर समय को नहीं ।समय धन और ब्रह्मांड की अन्य सभी वस्तुओं से कीमती है  इसलिए हमें जीवन का हर एक पल सही तरीके से और अर्थपूर्ण ढंग से,समय को नष्ट किए बिना उपयोग करना चाहिए । हमारी दैनिक दिनचर्या; जैसे -स्कूल का कार्य,गृह कार्य,सोने व जागने का समय,व्यायाम,भोजन करना आदि योजनानुसार और समयानुसार आयोजित होनी चाहिए। हमें कठिन परिश्रम का आनंद लेना चाहिए और समय के महत्त्व को समझकर इसी के अनुसार रचनात्मक ढंग से प्रयोग करना चाहिए ताकि हम समय से धन्य हों न कि नष्ट हों ।

1-धन से भी अधिक शक्तिशाली और अमूल्य क्या है ?

1-समय        2-धन

3-व्यायाम        4-भोजन

2-समय किनसे कीमती है ?

1- व्यायाम        2-धन

3-  भोजन        4- धन और ब्रह्मांड की अन्य सभी वस्तुओं से

3-समय की क्या विलोम क्या होगा ?

1-सुसमय        2-कुसमय

3-बेसमय 4-असमय

4-हम समय की तुलना किससे नहीं कर सकते ?

1-धन से 2-ब्रह्मांड से

3-व्यायाम से 4-भोजन से

5-हमें किसका आनंद लेना चाहिए ?

1-व्यायाम का 2-कठिन परिश्रम का

3-समय का इनमें से किसी का नहीं

**अथवा**

मौसम के मनमौजी होने और वर्षा के अनियमित होने का प्रभाव कृषि पर ही नहीं ऊर्जा-संसाधनों और पेयजल-योजनाओं पर भी पड़ता है। सारे देश में प्रतिवर्ष एक जैसी वर्षा नहीं होती। राजस्थान में सौ मिलीमीटर औसत वर्षा होती है तो मेघालय के चेरापूँजी में ग्यारह सौ मिलीमीटर वर्षा होती है । विश्व का सर्वाधिक वर्षा का रिकॉर्ड मेघालय के मॉसेनराम में है जहाँ इससे भी अधिक वर्षा होती है। यद्यपि हमारे देश में पर्याप्त वर्षा होती है परन्तु वर्षा का अधिकांश जल नदी-नालों में बह जाता है। बढ़ते जल -संकट को देखकर विशेषज्ञों ने वर्षा-जल के संचयन की ओर ध्यान देना शुरू किया और" रेन वॉटर हारवेस्टिंग "नाम से पर ज़ोर दिया जा रहा है। इस सन्दर्भ में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने कहा था,"केंद्र और राज्य सरकारें इस जल-समस्या से अकेले नहीं निपट सकतीं । सम्पूर्ण देश में सरकारी,गैर-सरकारी सभी संस्थाएँ तथा पंचायती राज के सभी लोग,यहाँ तक कि देश का हर नागरिक जब तक इस प्राकृतिक जल-सम्पदा के संचयन का बीड़ा उठा नहीं लेता,तब तक वर्तमान और आने वाले भीषण जल- संकट का कोई समाधान नहीं निकल सकता।"जल-संकट से निपटने के लिए सभी बड़े भवनों एवं विद्यालयों में वर्षा के जल को उपयुक्त तरीके से एकत्र करना तथा छत और आँगन में गिरने वाले बरसाती पानी को पाइपों के माध्यम से जमा कर पुन:पृथ्वी की सतह में डालने से नीचे पानी का भंडार बढ़ जाता है। इससे पानी की समस्या का समाधान हो सकता है ।

1-वर्षा के अनियमित होने का किस पर प्रभाव पड़ता है ?

1 -कृषि पर 2- ऊर्जा-संसाधनों पर

3 - पेयजल-योजनाओं पर 4 -उपर्युक्त सभी

2- मेघालय के चेरापूँजी में कितनी वर्षा होती है ?

1 - नौ सौ मिलीमीटर 2-ग्यारह सौ मिलीमीटर

2- बारह सौ मिलीमीटर 3-सात सौ मिलीमीटर

3-जल-संकट के बारे में किसने चिंता जताई थी ?

1 - नेहरू जी ने 2-इन्दिरा जी ने

3 - अटल बिहारी बाजपेयी जी ने 4-किसी ने नहीं

4- वर्षा-जल संचयन योजना को क्या कहते हैं ?

1 -रेन वॉटर हारवेस्टिंग 2-जल-जमाव

3 -जल-थल 4 -इनमें से कोई नहीं

5-विश्व का सर्वाधिक वर्षा का रिकॉर्ड किस जगह का है ?

1 -नैनीताल का 2-चेरापूंजी का

3 - मेघालय के मॉसेनराम का 4- असम का

**प्रश्न 2-** निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक पद्यान्श को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -5X1 =5

जन्म दिया माता-सा जिसने,किया सदा लालन-पालन,
जिसके मिट्टी-जल से ही,रचा गया हम सब का तन।
गिरिवर नित रक्षा करते हैं,उच्च उठा के श्रृंग महान,
जिसके लता द्रुमादिक करते,हमको अपनी छाया-दान।
माता केवल बाल्यकाल में ,निज अंक में धरती है,
हम अशक्त जब तलक तभी तक,पालन-पोषण करती है।
मातृभूमि करती है सबका,लालन सदा मृत्युपर्यंत,
जिसके दया-प्रवाहों का,होता न कभी सपने में अंत।
मर जाने पर कण देहों के,इसमें ही मिल जाते हैं,
हिन्दू पलते,यवन-ईसाई,शरण इसी में पाते हैं।
ऐसी मातृभूमि मेरी है,स्वर्गलोक से भी प्यारी,
उसके चरण-कमल पर मेरा,तन-मन-धन सब बलिहारी।

1-माता की-सी तुलना किसकी गई है?

1 -स्वर्ग की 2-उपवन की

3 -चरण-कमल की4 -मातृभूमि की

2-मातृभूमि हमारा क्या किया है ?

1 -लालन-पालन2 - लालन-पालन नहीं

3 - कुछ नहीं 4-केवल लिया

3-हमारी मातृभूमि किससे प्यारी है ?

1 - स्वर्ग से 2- चरण-कमल से

3 - उपवन से4 -दुनिया से

4-उक्त काव्यांश का उचित शीर्षक क्या हो सकता है ?

1 -स्वर्ग लोक 2- मेरी मातृभूमि

3 -मेरी माँ 4-सुंदर दुनिया

5- हिन्दू,यवन,ईसाई किसकी शरण में आते हैं ?

1 -लोगों की 2- माँ की

3 -मेरी मातृभूमि की 4-किसी की नहीं

अथवा

साक्षी है इतिहास हमीं पहले जगे हैं ,जाग्रत सब हो रहे हमारे ही आगे हैं
शत्रु हमारे कहाँ नहीं भय से भागे हैं?कायरता से कहाँ प्राण हमने त्यागे हैं?
हैं हमीं प्रकम्पित कर चुके ,सुरपति तक का भी हृदय।
फिर एक बार हे विश्व तुम ,गाओ भारत की विजय॥
कहाँ प्रकाशित नहीं रहा है तेज हमारा , दलित कर चुके शत्रु सदा हम पैरों द्वारा ।
बतलाओ तुम कौन नहीं जो हमसे हारा , पर शरणागत हुआ कहाँ कब हमें न प्यारा ॥
बस युद्ध-मात्र को छोड़कर कहाँ नहीं हैं हम सहृदय!
फिर एक बार हे विश्व तुम ,गाओ भारत की विजय!

1-इतिहास किस बात का साक्षी है?

1- कि सब पहले जागे हैं 2-कि हम ही पहले जागृत हुए हैं

3-कोई नहीं जागा 4-उपर्युक्त

सभी

2-भारतीयों ने किसके हृदय को कंपा दिया है ?

1-सुरपति के 2- नरपति के

3-लंकापति के 4- पशुपति के

3-भारतीयों ने शत्रु के साथ क्या किया है ?

1-उन्हें प्यार किया है 2- उन्हें अपने पैरों से दलित किया है

3-उन्हें छोड़ दिया है 4-उपर्युक्त सभी

4-हमें कौन प्यारा है ?

1-शत्रु 2-शरणागत

3-सिर्फ भारतवासी 4-कोई नहीं

5- भारत माता की जय किसे गाना चाहिए ?

1- खुद को 2-शरणागतों को

3-पूरे विश्व को 4-उपर्युक्त सभी को

**खंड ख**

प्रश्न 3 -निम्न में से किन्हीं चार प्रश्नों उत्तर दीजिए-4x1=4

1-बच्चे स्कूल के मैदान में पौधे लगा रहे हैं।(रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए)

1-सरल वाक्य 2-संयुक्त वाक्य

3-मिश्र वाक्य 3-सकारात्मक वाक्य

2- यही वह हंसी है जिसमें कई यादें बंद हैं । )रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए)

1-सरल वाक्य 2-संयुक्त वाक्य

3-मिश्र वाक्य 3-सकारात्मक वाक्य

3-जिस काम में नुकसान होता है उसे क्यों करते हो ?) वाक्य भेद लिखिए(

1 -सरल वाक्य 2-संयुक्त वाक्य

3 -मिश्र वाक्य 4-एककर्मक वाक्य

4-बच्चा डरा और भागा । (संयोजक शब्द पहचानिए)

1 -बच्चा 2-डरा

3 -और 4-भागा

5-मज़दूर मेहनत करता है ताकि भोजन मिल सके । (संयोजक शब्द पहचानिए)

1 -ताकि 2-भोजन

3 -मज़दूर 4-मेहनत

**प्रश्न -4**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए 1 -X4= 4

1-माँ से अब बैठा भी नहीं जाता ।(वाच्य पहचानिए)

1 -कर्तृवाच्य 2-भाववाच्य

3 -कर्मवाच्य 4-अकर्तृवाच्य

2-प्रेमचंद द्वारा गोदान उपन्यास लिखा गया।( वाच्य पहचानिए)

1 -कर्तृवाच्य 2-भाववाच्य

3 -कर्मवाच्य 4-अकर्तृवाच्य

3-मुझसे गिलास छूट गया ।(वाच्य पहचानिए)

1 -कर्तृवाच्य 2-भाववाच्य

3 -कर्मवाच्य 4-अकर्तृवाच्य

-4मज़दूर बोझ उठाता है।(वाच्य पहचानिए)

1 -कर्तृवाच्य 2-भाववाच्य

3 -कर्मवाच्य 4-अकर्तृवाच्य

5 -होली में दीये जलाए जाते हैं। (वाच्य पहचानिए)

1 -कर्तृवाच्य 2-भाववाच्य

3 -कर्मवाच्य 4-अकर्तृवाच्य

**प्रश्न** -5निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए -1X4=4

1-निम्न पंक्तियों में निहित रस पहचानकर नाम लिखिए-

अच्छे-अच्छे नाम भी हो जाएँ बदनाम,

जब कि हरिहर राम को लिखना पड़े हराम।

1 -वीर रस 2-हास्य रस

3 -शांत रस 4-रौद्र रस

2-रौद्र रस का स्थायी भाव है—

1 -प्रेम 2-हास

3 -क्रोध 4- उत्साह

3- ‘हास्य ’रस का स्थायी भाव है-

1 -प्रेम 2 -हास

3 -क्रोध 4- उत्साह

4- घृणा या जुगुप्सा उत्पन्न करने वाला भाव होता है-

1 -वीर रस में 2-हास्य रस में

3 -शांत रस में 4-वीभत्स रस में

5-रस के ---अंग हैं।

1- एक 2-दो

3-तीन —4 चार

**प्रश्न -6**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखाँकित पदों का कोई एक पद-परिचय दीजिए - 1X4=4

1-दीदी धीरे-धीरे चलती है ।

1 -क्रियाविशेषण 2-क्रिया

3 -विशेषण 4-कारक

2-जाओ ,बाज़ार से आम ले आओ ।

1 -विशेषण 2-कारक

3 -जातिवाचक संज्ञा 4-क्रियाविशेषण

3-वह मुझसे बेहतर है ।

1 -जातिवाचक संज्ञा 2-क्रियाविशेषण

3 -पुरूषवाचक सर्वनाम 4-कर्ता

4- बच्चे लिख रहे हैं।

1-क्रियाविशेषण 2-क्रिया

3-विशेषण 4-कारक

5-राम खेल रहा है |

1-जातिवाचक संज्ञा 2-पुरूषवाचक सर्वनाम

3 -कर्ता 4- सर्वनाम

**खंड ग-पाठ्य-पुस्तक**

**प्रश्न7-**निम्नलिखित गद्यान्श को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए5 -X1 =5

जीप क़स्बा छोड़कर आगे बढ़ गई तब भी हालदार साहब इस मूर्ति के बारे में ही सोचते रहे और अंत में इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि कुल मिलकर कस्बे के नागरिकों का यह प्रयास सराहनीय ही कहा जाना चाहिए । महत्त्व मूर्ति के रंग-रूप या कद का नहीं,उस भावना का है; वरना तो देशभक्ति भी आजकल मज़ाक की चीज़ होती जा रही है । दूसरी बार जब हालदार साहब उधर से गुज़रे तो उन्हें मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया। ध्यान से देखा तो पाया कि चश्मा दूसरा है।

1-हालदार साहब को कस्बे के नागरिकों का कौन-सा प्रयास सराहनीय लगा ?

1-बाज़ार बनाना 2-स्कूल बनाना

3-नेताजी की मूर्ति बनाना 4-चश्मा बेचना

2-हालदार साहब किसके बारे में सोचते रहते ?

1-खुद के बारे में 2-दूसरों के बारे में

3-कस्बे के बारे में 4- मूर्ति के बारे में

3-दूसरी बार मूर्ति देखने पर हालदार को उसमें क्या परिवर्तन दिखाई दिया?

1-मूर्ति दूसरी थी 2-चश्मा दूसरा था

3-नई दुकानें थीं 4-कोई परिवर्तन नहीं

4-इस अंश में किस भावना का महत्त्व है ?

1-काम करने की 2-चश्मा बेचने की

3-देशभक्ति की 4-किसी की भी नहीं

5- देशभक्ति को आजकल कुछ लोग क्या समझते हैं ?

1-अच्छा 2-बुरा

3-कुछ नहीं 4-मज़ाक़

प्रश्न 8-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -2x 1=2

1-बालगोबिन भगत पाठ में किन रूढ़ियों पर प्रहार किया गया है ?

1-स्त्रियों से मुखाग्नि न दिलवाना 2-विधवा-पुनर्विवाह न होना

3-मृत्यु के समय शोक मनाना 4-उपर्युक्त सभी

2-बालगोबिन भगत को ---- कहा जा सकता है ।

1-समाज सुधारक 2-आम आदमी

3-अच्छा इंसान 4-इनमें से कुछ नहीं

प्रश्न 9- निम्नलिखित पद्यांश में से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -5X1 =5

हमारैं हरि हारिल की लकरी ।
मन क्रम बचन नंद-नंदन उर,यह दृढ़ करि पकरी।
जागत सोवत स्वप्न दिवस -निसि, कान्ह-कान्ह जकरी।
सुनत जोग लागत है ऐसौ ,ज्यौं करुई ककरी।
सु तौ ब्याधि हमकौं लै आए ,देखी सुनी न करी।
यह तौ 'सूर 'तिनहिं लै सौंपौं, जिनके मन चकरी।

1-'हारिल की लकरी 'किन्होंने कहा है ?

1 -उद्धव ने 2 - कृष्ण ने

3 -गोपियों ने 4 -सूरदास जी ने

2-गोपियों को किसने व्याधि दिया है ?

1 -उद्धव ने 2 - कृष्ण ने

3 -गोपी ने 4 -सूरदास जी ने

3-गोपियों ने योग की तुलना किससे की है ?

1 -कड़वी ककड़ी से 2-व्यायाम से

3 -कृष्ण से 4 -इनमें से कुछ नहीं

4-गोपियाँ कृष्ण का नाम कब-कब जपतीं थीं ?

1 -दिन में 2-रात में

3 -स्वप्न में 4-उपर्युक्त सभी

5-किसके मन को चक्र की तरह चंचल कहा गया है ?

1 -गोपी के 2-सूरदास जी के

3 -उद्धव के 4- कृष्ण के

प्रश्न - 10निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए2 – X1 =2

1- वीर धैर्यवान और क्षमाशील कौन होते हैं ?

1 -वीर 2-कायर

3-दुश्मन 4-इनमें से कोई नहीं

2- किसने परशुराम को समझाने का प्रयास किया ?

1- विश्वामित्र ने 2 -राम-लक्ष्मण ने

3-परशुराम ने 4 -राजा जनक ने

**************************************************************

**उत्तरमाला (40x1=40)**

**प्रश्न1-**

1-----1-समय

2-----4- धन और ब्रहमांड की अन्य सभी वस्तुओं से

3-----4-असमय

4-----1-धन से

5-----2-कठिन परिश्रम का

**अथवा**

1----4-उपर्युक्त सभी

2----2-ग्यारह सौ मिलीमीटर

3----3- अटल बिहारी बाजपेयी जी ने

4----1-रेन वॉटर हारवेस्टिंग

5-----3- मेघालय के मॉसेनराम का

**प्रश्न 2-**

1----4-मातृभूमि की

2----1-लालन-पालन

3----1 स्वर्ग से

4----2- मेरी मातृभूमि

5-----3-मेरी मातृभूमि की

**अथवा**

1----2-कि हम ही पहले जागृत हुए हैं

2----1-सुरपति के

3-----2- उन्हें अपने पैरों से दलित किया है

4-----2-शरणागत

5-----4-उपर्युक्त सभी को

**प्रश्न 3-**

1-----1-सरल वाक्य

2----3-मिश्र वाक्य

3----3-मिश्र वाक्य

4-----3-और

5-----1-ताकि

**प्रश्न 4-**

1----2-भाववाच्य

2-----3-कर्मवाच्य

3-----3-कर्मवाच्य

4----1-कर्तृवाच्य

5-----4-अकर्तृवाच्य

**प्रश्न 5-**

1----2-हास्य रस

2----3-क्रोध

3----2-हास

4----4-वीभत्स  रस में

5----—4चार

**प्रश्न 6-**

1----1-क्रियाविशेषण

2-----3-व्यक्तिवाचक संज्ञा

3----3-पुरूषवाचक सर्वनाम

4----2-क्रिया

5----3-कर्ता

**प्रश्न 7-**

1----3-नेताजी की मूर्ति बनाना

2----4- मूर्ति के बारे में

3----2-चश्मा दूसरा था

4----3-देशभक्ति की

5-----4-मज़ाक़

**प्रश्न 8-**

1----4-उपर्युक्त सभी

2----1-समाज सुधारक

**प्रश्न 9-**

1----3-गोपियों ने

2----2- कृष्ण ने

3----1-कड़वी ककड़ी से

4----4-उपर्युक्त सभी

5----4- कृष्ण के

**प्रश्न 10-**

1----1-वीर

2----1 -विश्वामित्र ने

---